ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26 पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

रांची, सोमवार 13.05.2024 वर्ष 11, अंक 130 RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**

एक बात हमेशा याद रखें कि जीवन आपको हर दिन एक नया मौका देता है।

## क्विक न्यूज

### एअर इंडिया एक्सप्रेस के सिक लीव लेने वाले सभी कर्मचारी ड्यूटी पर लौटे

**मुंबई** : एअर इंडिया एक्सप्रेस धीरे-धीरे अपनी उड़ानें बहाल कर रही है और नेटवर्क को स्थिर कर रही है. इसके एक अधिकारी ने रविवार को कहा कि केबिन क्रू यूनियन ने इस बात पर जोर दिया कि बीमार होने की सूचना देने वाले सभी सदस्य ड्यूटी पर शामिल हो गए हैं. फिर भी रविवार को कम से कम 20 से अधिक उड़ानें रद्द हुई हैं. मंगलवार सुबह तक स्थिति पूरी तरह सामान्य होने की उम्मीद है. हालांकि, एअर इंडिया एक्सप्रेस की ओर से इस पर अब तक कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं आई है. आपको बता दें कि टाटा समूह के स्वामित्व वाली यह एयरलाइन प्रतिदिन लगभग 380 सेवाएं संचालित करती है. एयरलाइन में कथित कुप्रबंधन के विरोध में केबिन क्रू के एक वर्ग की हड़ताल के कारण मंगलवार रात से सैकड़ों उड़ानें रद्द करनी हुई हैं. राष्ट्रीय राजधानी में मुख्य श्रम आयुक्त द्वारा बुलाई गई एक सुलह बैठक के बाद बृहस्पतिवार को हड़ताल वापस ले ली गई थी. इसके बदले कंपनी ने 25 केबिन क्रू को जारी किए गए टर्मिनेशन लेटर वापस ले लिए. बैठक में एयरलाइन और एअर इंडिया एक्सप्रेस कर्मचारी संघ के प्रतिनिधियों ने भाग लिया.

### नदी में चार बच्चे डूबे, दो शव बरामद

**बस्ती :** जनपद के दुबौलिया थाना क्षेत्र स्थित सरयू नदी में रविवार को नहाते हुए चार बच्चे डूब गये। पुलिस ने गोताखोरों के सहयोग से दो शवों को नदी से खोज निकाला। डूबे दो युवकों की तलाश जारी है। डूबने वालों में तीन बच्चियां, एक बच्चा है। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने बताया कि गांव के ही सात आठ बच्चे सरयू नदी में स्नान करने गये थे। इस दौरान चार बच्चों में तीन बच्चियां और एक बच्चा गहरे पानी में चले गये। उनके चीखने चिल्लाने पर अन्य बच्चे पानी से बाहर निकलकर घटना की जानकारी परिवार को बताने के वहां से भागे। थोड़ी देर बाद नदी किनारे लोगों की भीड़ जुट गयी। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से नदी में डूबे बच्चों की खोजबीन शुरू कर दी।

### मल्लिकार्जुन खड़गे आज झारखंड में दो जनसभाओं को करेंगे संबोधित

**रांची** : अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सोमवार को झारखंड पहुंचेंगे। वे यहां दो चुनावी जनसभाओं को संबोधित करेंगे। पहली जनसभा हजारीबाग के बरही में 10 बजे कांग्रेस प्रत्याशी जेपी पटेल के पक्ष में होगी। जबकि दूसरी जनसभा चतरा लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी के पक्ष में लातेहार के कुंदरी मैदान में 12 बजे होगी। प्रदेश कांग्रेस के महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने रविवार को कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर भी चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे।

### केंद्र में 400 सीटों के साथ बनने जा रही एनडीए की सरकार : आठवले

**लखनऊ** : भाजपा-नीत एनडीए के घटक दल आरपीआई(ए) के प्रमुख एवं केंद्रीय राज्यमंत्री रामदास आठवले ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमेशा संविधान का सम्मान किया है। कांग्रेस और आईएनडीआईए आरक्षण और संविधान को लेकर भ्रम फैला रहे हैं, जबकि सबसे बड़े संविधान के विरोधी वही हैं। संविधान को कोई माई का लाल भी नहीं बदल सकता है।केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री आठवले ने लखनऊ के हजरतगंज स्थित एक होटल में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि वह 18 राज्यों में लोकसभा चुनाव में घूम चुके हैं। केंद्र में 400 सीटों के साथ एनडीए की सरकार बनने जा रही है। भाजपा प्रत्याशी एवं रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और मोहनलालगंज सीट से भाजपा प्रत्याशी एवं केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर के चुनाव प्रचार के लिए आठवले लखनऊ पहुंचे थे।

### दस सालों में रायबरेली में नहीं हुआ कोई विकास कार्य : प्रियंका

**रायबरेली:** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने रविवार को चुनाव प्रचार के दौरान आरोप लगाया कि पिछले 10 वर्षों में रायबरेली में विकास का कोई भी कार्य नहीं हुआ। भाजपा के शासन में रायबरेली की उपेक्षा की गई।प्रियंका गांधी ने हरचंदपुर के कठवारा में आयोजित नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी 10 साल से बनारस के सांसद हैं, लेकिन एक बार भी वह किसी गांव में नहीं गए जबकि इंदिरा गांधी और राजीव गांधी जब प्रधानमंत्री थे तब वे गांव-गांव जाकर लोगों से मिलते थे।उन्होंने कहा कि किसान आवारा जानवर की समस्या से त्रस्त हैं। किसान कर्ज ले रहा है, चुका नहीं पा रहा और आत्महत्या कर रहा है।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 39° |
| न्युनतम | 23° |

**लोकसभा चुनाव : 10 राज्यों की 96 सीटों पर कड़ी सुरक्षा के बीच होगा मतदान**

# चौथे चरण का मतदान आज

| इन राज्यों में पड़ेंगे वोट | 25 सीटें आंध्र प्रदेश | 13 सीटें तेलंगाना | 13 सीटें यूपी | 11 सीटें महाराष्ट्र | 8-8 सीटें बंगाल/एमपी | 4-4 सीटें झारखंड/उडीसी | बिहार की 5 और जेके की 1 सीट पर मतदान होगा |
|---|---|---|---|---|---|---|---|

**झारखंड के पलामू, लोहरदगा, खूंटी व सिंहभूम लोकसभा में भी आज होगा मतदान**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**नई दिल्ली/रांची :** चौथे चरण में होने वाले लोकसभा चुनाव में 10 राज्यों की 96 सीटों पर सोमवार को मतदान होना है। इसमें आंध्र प्रदेश की 25 सीटें, तेलंगाना 17 सीटें, उत्तर प्रदेश की 13 सीटें, महाराष्ट्र की 11, पश्चिम बंगाल की 8 और मध्यप्रदेश की 8 सीटों के साथ साथ उड़ीसा की 4, झारखंड की 4 बिहार की 5 और जम्मू कश्मीर की 1 सीट पर मतदान होना है। जिसमें उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव, हैदराबाद से एआइएमआइएम के चीफ असदुद्दीन ओवैसी, लखीमपुर खीरी से केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी, खूंटी से केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, पश्चिम बंगाल की बहरामपुर सीट से अधीर रंजन चौधरी, आसनसोल से शत्रुघ्न सिन्हा जैसे कई बड़े नाम सियासी मैदान में हैं। इधर रांची के मोरहाबादी मैदान से कड़े सुरक्षा के बीच मतदान कर्मियों को क्लस्टर तक भेजा गया.

ईवीएम और वीवीपीएटी की सुरक्षा के लिए बड़े पैमाने पर सुरक्षा कर्मियों को भी मतदान कर्मियों के साथ रवाना किया गया. रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि सुरक्षा बलों और मतदान कर्मियों को एक साथ क्लस्टर तक भेजा गया है. शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव करवाने की जिम्मेदारी सुरक्षा बलों पर है.

मांडर और तमाड़ क्षेत्र के लिए 700 से ज्यादा पोलिंग पार्टियों जीपीएस युक्त वाहनों से क्लस्टर तक भेजी गई. इस संबंध में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह रांची डीसी राहुल सिन्हा ने बताया कि जिन वाहनों में ईवीएम मशीन के साथ मतदान कर्मियों को भेजा गया है उन वाहनों में जीपीएस लगाया गया है, ताकि रूट डायवर्ट होने पर प्रशासन को जानकारी मिल सके.



**10** राज्यों की 96 सीटों पर आज मतदान होना है।

**700** से ज्यादा पोलिंग पार्टियों मांडर और तमाड़ क्षेत्र के लिए जीपीएस युक्त वाहनों से क्लस्टर तक भेजी गई.

### झारखंड के 519 बूथों की पूरी कमान महिलाओं के जिम्मे

**रांची :** चौथे चरण के चुनाव के तहत सोमवार 13 मई को पलामू, लोहरदगा, खूंटी और सिंहभूम लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदान होगा। उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डा. नेहा अरोड़ा ने बताया कि कई मतदान केंद्रों पर हेलीड्रापिंग के माध्यम से चुनाव कर्मियों को भेजा गया है। उनमें सबसे अधिक सिंहभूम संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के 126 मतदान केंद्रों पर हेलीड्रापिंग की गयी है। जबकि, लोहरदगा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के 27 और पलामू के 8 मतदान केंद्रों पर हेलीड्रापिंग से मतदान कर्मियों को पहुंचाया गया है। उन्होंने बताया कि कुल 30,380 मतदानकर्मी मतदान कार्य में लगाये गये हैं। चौथे चरण के चुनाव में कुल 45 उम्मीदवार हैं। उन्होंने कहा कि चौथे चरण के मतदान में कुल 64,58,036 मतदाता मतदान करेंगे। उनमें 32,38,955 पुरुष, 32,19,039 महिला और 42 ट्रांसजेंडर मतदाता हैं। डा. नेहा अरोड़ा ने बताया कि सभी बूथ मॉडल मतदान केंद्र हैं। उनमें से 23 बूथ यूनिक हैं। वहीं 519 बूथों की पूरी कमान महिलाओं के हाथों रहेगी। जबकि, 14 बूथों को दिव्यांगजन और 7 बूथों की जिम्मेदारी युवाओं के कंधों पर होगी।

### मतदान पर 15 हजार 4डी कैमरे से निर्वाचन आयोग की रहेगी पैनी नजर

**रांची** : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के चौथे चरण में आयोजित 10-सिंहभूम, 11- खूंटी, 13 पलामू एवं 12- लोहरदगा के सभी मतदान केंद्रों पर अंदर एवं बाहर की ओर दो 4th कैमरे से निगरानी रखी जाएगी। इन सभी कैमरों की वेबकास्टिंग जिला निर्वाचन पदाधिकारी स्तर, मुख्यालय स्तर एवं भारत निर्वाचन आयोग के स्तर पर की जा रही है। वह रविवार को राज्य मुख्यालय स्तर पर बनाये गए वेबकास्टिंग रूम का निरीक्षण कर रहे थे।उन्होंने कहा कि झारखण्ड में होने वाले 13 मई के मतदान में लगभग 15 हजार 4डी कैमरे से वेबकास्टिंग कराई जा रही है। इन सभी कैमरों को मतदान केंद्रों पर लगाकर इनके फीड चेक कर लिए गए हैं। इन कैमरों से मतदान के अंदर एवं बाहर हो रही गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। किसी प्रकार की शिकायत पर इसका फीड चेक करने हेतु व्यवस्थित भी किया जा रहा है।



# एसटी, एससी व महिला विरोधी है टीएमसी : पीएम

**पश्चिम बंगाल में नहीं है अभिव्यक्ति की आजादी**

एजेंसी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के आरामबाग में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कुछ दिन पहले ही मैं यहां विकास के उत्सव के लिए आया था।

तब रेल, पेट्रोलियम और जल शक्ति इससे जुड़े हजारों करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट आप सबको सुपुर्द किए थे। आपके सेवक ने दस वर्ष में आपकी सेवा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है।उन्होंने कहा कि 2024 का चुनाव ये बंगाल के विकास के लिए, बंगाल की संस्कृति की रक्षा के लिए और आपके बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए बहुत अहम है।

पीएम ने कहा,टीएमसी के लोग समझते हैं कि बंगाली संस्कृति पर उनका एकाधिकार है, लेकिन वास्तविकता ये है कि ये मां काली और मां दुर्गा की भूमि है। यहां लोगों की आस्था पर पहरा लगाया जाता है।

यहां राम मंदिर का नाम लेना अपराध हो गया है। टीएमसी की चले तो बाबा तारकेश्वर धाम पर भी ये रोक लगा दे। ये धरती गुरु टैगोर, काजी नजरूल इस्लाम और सत्यजीत रे की धरती है, लेकिन यहां टीएमसी के राज में अभिव्यक्ति की आजादी नहीं है। यहां विपक्ष को, जागरुक नागरिक को और स्वतंत्र आवाज को दबाया जा रहा है।

हालत ये है कि कोई हंसी-मजाक का पोस्ट सोशल मीडिया पर कर दे, तो उसको भी धमकाया जाता है।उन्होंने कहा,ये स्वामी विवेकानंद और सुभाष चंद्र बोस की भूमि है, लेकिन टीएमसी सरकार देश के प्रति उनके विचारों की धज्जियां उड़ा रही है।

बंगाल की पहचान राजा राममोहन राय से होती है। टीएमसी का बस चले तो राजा राममोहन राय के नाम से राम भी निकाल दे। यहां महिलाओं की स्थिति लगातार खराब हो रही है।

जिस भूमि पर ईश्वरचंद्र विद्यासागर जैसे महान पुरुष रहे हों, वहां की शिक्षा व्यवस्था का खस्ताहाल है।

# कबाड़ी काटने के दौरान हुआ विस्फोट, 4 की मौत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू जिला में मनातू थाना क्षेत्र के रहेया नौडीहा में कबाड़ी काटने के दौरान विस्फोट की घटना हुई. इस विस्फोट में तीन बच्चे समेत चार लोगों की मौत हो गई. वहीं इस हादसे में दो बच्चे गंभीर रूप से जख्मी हो गये हैं. जिनका अस्पताल में इलाज किया जा रहा है. इस घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची. पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने इस घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि कबाड़ी में विस्फोट की घटना हुई है, जानकारी लेने के लिए पुलिस की टीम मौके के लिए रवाना हो गई है. इस मामले में आगे की छानबीन की जा रही है. ग्रामीणों के अनुसार मनातू थाना क्षेत्र के रहेया नौडीहा में छोटू नामक व्यक्ति कबाड़ी का कारोबार करता है. रविवार को कबाड़ी समेटकर अपनी दुकान में एक स्क्रैप को काट रहा था, इसी क्रम में विस्फोट की घटना हुई है. एसपी ने कहा कि फॉरेंसिक टीम की जांच से पता चल पाएगा कि विस्फोट की वजह क्या है. इस धमाके में छोटू खान समेत तीन बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि मौके पर दो बच्चे गंभीर रूप से जख्मी हो गए हैं. मृतक सभी बच्चे छोटू खान के परिवार के सदस्य हैं. जख्मी बच्चों को स्थानीय स्तर पर इलाज किया गया और फिर एंबुलेंस से इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज और हॉस्पीटल भेजा गया. वहीं इस घटना की जानकारी मिलने के बाद मनातू थाना प्रभार निर्मल उरांव मौके के लिए रवाना हो गए. जहां ये घटना हुई है वह सुदूरवर्ती इलाका है. घटनास्थल मनातू थाना से करीब 15 से 20 किलोमीटर की दूरी पर है. बता दें कि मनातू का इलाका चतरा लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है. साथ ही यह संवेदनशील क्षेत्र भी है।

**जमशेदपुर : पटमदा व पोटका में सीएम चंपाई ने समीर मोहंती के लिए मांगा वोट**

# महंगाई व बेरोजगारी पर मौन रहते हैं प्रधानमंत्री : चंपाई सोरेन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** जमशेदपुर संसदीय सीट से इंडिया गठबंधन के तहत झामुमो प्रत्याशी समीर कुमार मोहंती के समर्थन में रविवार को पटमदा के लोवाडीह में विधायक सह जिलाध्यक्ष रामदास सोरेन की अध्यक्षता में आयोजित चुनावी सभा में बतौर मुख्य अतिथि राज्य के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सत्ता में आने के बाद से महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दे पर एक शब्द नहीं बोलते जबकि सत्ता में आने के पहले भाजपा के लोग खूब चिल्लाते थे। उन्होंने कहा कि मोदी कहते थे कालाधन लाएंगे, 15-15 लाख देंगे, साल में 2 करोड़ नौकरी देंगे, महंगाई खत्म करेंगे लेकिन एक भी वादा पूरा नहीं किया। अब उनके घोषणा पत्र में जो गारंटी की बात की जा रही है उसमें किसानों की आमदनी बढ़ाने का जिक्र नहीं है। पीएम मोदी दुनिया का सबसे बड़ा झूठा व्यक्ति हैं और भाजपा झूठ की खेती करती है। उन्होंने कहा कि 5 साल बाद आपके पास मौका आया है सरकार बदलने का, अगर यहां चूके तो फिर पछताना पड़ेगा। 10 वर्षों में मोदी सरकार की उपलब्धि जीरो है।




**बांग्ला, संथाली, मुंडारी, हो और कुड़ुख भाषा के शिक्षकों की बहाली का किया वादा**

सीएम ने अगले महीने से मातृभाषा में प्राइमरी की पढ़ाई हेतु बांग्ला, संथाली, मुंडारी, हो और कुड़ुख भाषा के शिक्षकों की बहाली 10ः1 के अनुपात में करने का वादा किया। उन्होंने पटमदा व पोटका में लोगों से समीर मोहंती को तीर धनुष छाप पर वोट देकर भारी मतों से जिताने की अपील की।

**चांडिल डैम से किसानों को मिलेगा सिंचाई का पानी**

सीएम ने महागठबंधन सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए मंच से घोषणा किया कि जून महीने से पटमदा- बोड़ाम, नीमडीह व कुकड़ु प्रखंड के किसानों के खेतों में सिंचाई हेतु चांडिल डैम का पानी पहुंचाने के लिए काम का शुभारंभ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पटमदा को मॉडल बनाने व यहां के किसानों को आत्मनिर्भर बनाने का काम किया जाएगा ताकि बाहर से लोग देखने आएं।

# ईडी ने मंत्री आलमगीर आलम को भेजा समन, 14 मई को पूछताछ के लिए बुलाया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** प्रवर्तन निदेशालय ने रविवार को कांग्रेस विधायक और झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम को समन जारी किया है। ईडी ने रांची स्थित ऑफिस में उन्हें 14 मई को पूछताछ के लिए बुलाया है। बताया जा रहा है कि आलमगीर आलम के ओएसडी के आवास परिसर से करोड़ों रुपये की बरामदगी के मामले में मंत्री को तलब किया गया है। आलमगीर आलम के पीए संजीव लाल के नौकर जहांगीर आलम के ठिकानों से 35 करोड रुपए मिले थे। संजीव लाल और जहांगीर आलम को ईडी ने गिरफ्तार किया था। बता दें कि ईडी ने 6 मई को आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल के घरेलू सहायक जहांगीर आलम के फ्लैट पर छापा मारा और 37 करोड़ रुपये से अधिक नकद रुपये बरामद किया। जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। यह नकदी बरामदगी जांच एजेंसी द्वारा रांची में कई स्थानों पर मारी गई छापेमारी का हिस्सा थी।



बेहिसाब नकदी को गिनने के लिए कई गिनती मशीनें लाई गई थी। इसके अलावा, एजेंसी के अधिकारियों ने जहांगीर आलम के फ्लैट से कुछ आभूषण भी बरामद किए थे। 70 वर्षीय कांग्रेस नेता आलमगीर आलम झारखंड में ग्रामीण विकास मंत्री हैं और राज्य विधानसभा में पाकुड़ सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं। यह छापेमारी झारखंड ग्रामीण विकास विभाग के पूर्व मुख्य अभियंता वीरेंद्र के राम के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में चल रही जांच के सिलसिले में थी, जिन्हें पिछले साल गिरफ्तार किया गया था। यह विभाग में कुछ योजनाओं के कार्यान्वयन में कथित अनियमितताओं से जुड़ा है।

### दिल्ली के दो अस्पतालों को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली (एजेंसी):** दिल्ली के दो अलग-अलग अस्पतालों को धमकी भरे ईमेल भेजे गए हैं. इस ईमेल में अस्पतालों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है. दिल्ली फायर सर्विस के मुताबिक, उन्हें दो अस्पतालों से फोन आए हैं. पहला बुराड़ी सरकारी अस्पताल से और दूसरा मंगोलपुरी के संजय गांधी अस्पताल से. दिल्ली फायर ऑफिसर के मुताबिक मामले में अभी जांच जारी है.

असर्फी हॉस्पीटल, धनबाद
हर साल सिर्फ एक बार जाँच । रोग नहीं, रोकथाम जरूरी।।
Basic Health Check-up ₹999 Onwards 33 Tests
Master Health Check-up ₹2999 Onwards 57 Tests
Cardiac Care Package ₹4999 Onwards 61 Tests
Full Body Health Check-up ₹9999 Onwards 84 Tests
78083 68888 | www.asarfihospital.com

## लोकतंत्र के निर्माण के लिए 13 मई को मतदान अवश्य करें : जिला निर्वाचन पदाधिकारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि लोकसभा आम चुनाव के महात्यौहार के मौके पर आगामी 13 मई 2024 को आपकी वृहद सहभागिता अत्यावश्यक है,अन्यथा लोकतंत्र जिन सिद्धान्तों के आधार पर परिपक्क होता है,उसकी पूर्ति होना सम्भव नहीं है।उन्होंने कहा कि हमे उम्मीद है कि आप स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निवार्चन की गरिमा को बनाये रखते हुए निभिर्क होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना अपने मत का प्रयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि आप सभी से अनुरोध है कि आप अपने मतदान केन्द्र पर मतदान के दिन अवश्य जायें और लोकतंत्र की सफलता, गतिशीलता एवं समावेशी-समतामूलक समाज की परिकल्पना को साकार करने में देश हित में 13 मई 2024 को अपने बूथ पर जाकर मतदान अवश्य करें।

**इन दस्तावेज़ों के आधार पर दे सकतें हैं वोट**

1.मतदाता पहचान पत्र 2.आधार कार्ड 3.पैन कार्ड 4.दिव्यांग यूनिक आईडी कार्ड 5.ड्राइविंग लाइसेंस 6.मनरेगा जॉब कार्ड 7.पेंशन दस्तावेज (फोटो सहित) 8.पासपोर्ट 9.पासबुक (फोटो सहित बैंक/10.डाकघर द्वारा जारी) 11.फोटोयुक्त सर्विस पहचान पत्र (केन्द्र/राज्य सरकार/सार्वजनिक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा जारी) 12.सांसद,विधायक और विधान परिषद सदस्यों को जारी आधिकारिक पहचान पत्र,एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड 13.स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड (श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी) में से कोई भी एक दस्तावेज दिखाकर मतदान किया जा सकता है।

## मातृ दिवस पर लोगो ने मां का लिया आशीर्वाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले में रविवार को मातृ दिवस मनाया गया। बच्चों ने अपनी मां को विभिन्न प्रकार के उपहार देकर उनसे आशीर्वाद लिया।मातृ दिवस का नजारा पूरे जिले में देखने को मिला। हर किसी ने अपने ही अंदाज में मां के प्रति अपना प्रेम प्रकट किया। इसके चलते बाजारों में उपहार, ज्वेलर्स, क्लॉथ हाउस इत्यादि की दुकानों पर भीड़ रही।वही शहर थाना के क्वार्टर में रहने वाली निधि कुमारी रविवार की सुबह काली मंदिर पहुंचकर मंदिर में पूजा अर्चना की। पूजा करने के बाद घर पहुंच कर उसने अपने मां से आशीर्वाद लिया और केक काटकर अपनी मां को मातृ दिवस की शुभकामनाएं दी। बताते चले की दुनियाभर में प्रत्येक वर्ष मई माह के दूसरे रविवार को मदर्स डे सेलिब्रेट किया जाता है. दुनिया की तमाम मांओं को यह स्पेशल डे समर्पित होता है. मां हर किसी के लिए सबसे खास, प्रिय होती है. मां के बिना किसी भी बच्चे की दुनिया अधूरी है. एक बच्चे के लिए उसकी पहली दोस्त मां ही होती है। मां के बिना जिंदगी जैसे अधूरी हो. मां का महत्व जिंदगी में कितना है, इस पर ढेरों कविताएं, शेरो शायरी, गजलें, पुस्तकें लिखी गई हैं. एक मां अपने बच्चे की देखभाल मरते दम तक करती है।कभी भी अपने बच्चे को उदास देखना नहीं चाहती. उसे जिंदगी की सारी खुशियां देने की हर संभव कोशिश करती है।

## अनुमंडल मुख्यालय का एक गांव आज भी मूलभूत सुविधाओं से है वंचित



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अनुमंडल मुख्यालय से लगभग 15 किलोमीटर दूर पूर्व में स्थित विशुनपुरा प्रखंड मुख्यालय के अमहर पँचायत का एक पचहुवा टोला जहाँ आजादी के 75 वर्ष बीत जाने के बाद भी यहां के ग्रामीण बिजली, पानी, सड़क, शौचालय जैसी मूल भूत सुविधाओ से वंचित है।पँचायत के वार्ड नं 13 में स्थित पचहुया टोला के ग्रामीणों ने मूलभूत सुविधाओ वंचित होने के कारण 13 मई को होने वाले वोटिंग का बहिष्कार करने का फैसला लिया है।सभी ग्रामीण पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं सरकार के प्रति काफी आक्रोश देखा जा रहा है।इस टोले पर लगभग 40 घर है। जिनमे सैकड़ो ग्रामीण रहते है। ग्रामीण चंपा देवी, राधिका देवी, गिरजा देवी, पार्वती देवी, सपा देवी पुस्पा देवी, सविता देवी, फूला देवी, सरोजा देवी, आशा देवी, शांति कुंवर, सक्चन बियार, पड़ाका बियार, अवधेश बीयार, बिहारी बियार, सत्येंद्र बियार, शिवनाथ बियार, राजेंद्र बियार, संतोष बियार, शिवनाथ राम, महेन्द्र राम, वीरेन्द्र राम अर्जुन राम,रामजी राम, सखीचंद बियार, आशा देवी, सरोजा देवी,फूला देवी ने कहा कि जब तक पानी, बिजली, सड़क एवम शौचालय जैसी मूलभूत सुविधा नही मिलेगी तब तक हम सभी वोट का बहिष्कार करेंगे। चुनाव आते ही जनप्रतिनिधि वोट मांगने के लिए आते है। वोट के समय सरकारी सुविधा देने की वादा भी करते है। लेकिन जीत जाने के बाद कोई नही आता है। हमसभी की परेशानीयां सिर्फ कहानी बन कर रह जाती है।ग्रामीणों ने कहा कि समस्याओं को लेकर सम्बंधित विभाग एवं विधायक को भी आवेदन देकर अवगत कराया गया है। लेकिन किसी ने इसकी सुधि नही लिया।महिला सविता देवी ने बताया कि यहाँ पर सरकारी चापाकल अभी तक नही लगाया गया है। पानी के लिये काफी परेशानी होती है। जिसके बाद महिला समूह से कर्ज लेकर चापाकल का निर्माण कराया है। इस चापाकल से आस पास के लोग भी उपयोग करते है। किसी तरह मजदूरी कर कर्ज का पैसा भर रहे है।वही ग्रामीणों ने कहा इस टोले पर पगडंडी सड़क है। सड़क नही बनने के कारण गर्भवती महिलाओं एवं मरीज को खटोली पर उठाकर लगभग 600 मीटर दूर मुख्य सड़क पर जाते है। बरसात के दिनों में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि सरकारी सुविधा नही होने के कारण शादी करने से भी लोग कतराते है। शादी लगाने आये लोग वापस लौट जाते है।ग्रामीणों ने बताया कि बेटे की व्याह लगाने में भी काफी परेशानी होती है। लोग अपनी बेटी की यहाँ पर ब्याह करने से कतराते है। ग्रामीणों ने बताया की पँचायत राज के 13 वर्ष बीत गये। इतने वर्षों में 3 बार मुखिया भी बदल गए है। लेकिन कोई भी इस टोले की विकास के लिए आगे नही आया। यहाँ पर आजतक एक सरकारी चापाकल भी नही लग पाया।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद व स्वर्णकार समिति ने रन फॉर भारत का किया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदनीनगर :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और स्वर्णकार समिति पलामू ने रविवार को मेदिनीनगर में मतदान जागरूकता को लेकर रन फॉर भारत का आयोजन किया। जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थी परिषद और स्वर्णकार संघ के लोगो ने भाग लिया। दोनों कार्यकर्ता रविवार की सुबह पुलिस लाइन से दौड़ते हुए कोयल नदी रिवरव्यू पहुंचे। और इस कार्यक्रम का समापन हुआ। मौके पर उपस्थित विद्यार्थी परिषद के सदस्यों ने कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य वोटिंग परसेंट को बढ़ाना है। एक-एक वोट की कीमत को लोगों को बताना है। ताकि एक एक युवा अपने घर से निकाल कर अपना बहुमूल्य मतदान करें और देश को आगे बढ़ने का काम करें। मौके पर उपस्थित स्वर्णकार संघ के सदस्यों ने कहा कि इसमें 18 वर्ष से अधिक उम्र के युवा बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें और मतदान अवश्य करें, इससे स्वस्थ एवं मजबूत राष्ट्र का निर्माण हो सके। उन्होंने कालेज के विद्यार्थियों को भी निर्भीक एवं निष्पक्ष होकर स्वतंत्रतापूर्वक बिना प्रलोभन के चुनाव में अपने मत का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया।लोगो ने कहा की लोकतंत्र में व्यक्ति का सबसे महत्वपूर्ण अधिकार मत देने का अधिकार है। लोगों को अपने इस अमूल्य मत का प्रयोग जाति, धर्म, संप्रदाय एवं संकीर्ण विचारों से ऊपर उठकर विकास, शिक्षा और रोजगार को ध्यान में रखकर करना चाहिए।

## आज 22,43,034 मतदाता करेंगे अपने मताधिकार का प्रयोग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू लोकसभा सीट के लिए आज 13 मई को होने वाले मतदान को लेकर शनिवार को चुनाव प्रचार थम गया हालांकि इस दौरान डोर टू डोर अभियान पर रोक नहीं है।वहीं आज शाम 5 बजे से लेकर मतदान समाप्ति तक ड्राई डे रहेगा। बाहर से चुनाव प्रचार करने आये लोगों को शहर में रहने की अनुमति नहीं होगी।लाउडस्पीकर का प्रयोग वर्जित रहेगा। इधर, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान कराने को लेकर प्रशासन द्वारा आवश्यक तैयारी पूरी कर ली गई है। गणेश लाल अग्रवाल कॉलेज में डीसी-एसपी ने मतदान कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए। पलामू लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत कुल 2427 बूथ बनाये गये हैं जहां 2243034 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।जिला निर्वाचन पदाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने प्रेस वार्ता कर तैयारी की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पलामू लोकसभा अंतर्गत कुल छः विधानसभा शामिल है। सभी विधानसभा में सुबह 7 से शाम 5 बजे तक मतदान होगा।आज गणेश लाल अग्रवाल कॉलेज से 213 बूथों के लिए मतदान पार्टी को डिस्पैच किया गया वहीं रविवार को 2214 बूथों के लिये पोलिंग पार्टी को डिस्पैच कराया जायेगा। इस बार सभी 2427 मतदान केंद्रों पर निर्वाचन कार्यो के पर्यवेक्षण हेतु वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गयी है।इसी तरह मतदान केंद्रों पर मतदान प्रक्रिया के पर्यवेक्षण हेतु कुल 165 माइक्रो आब्जर्वर की प्रतिनियुक्ति की गयी है।दिनांक 16 मार्च से लेकर अबतक कुल 78 लाख 41 हज़ार 990 रुपये के मूल्य का विभिन्न शराब की जब्ति भी की गयी है।

## प्रदेश मंत्री गणेश मिश्रा ने किया बिश्रामपुर प्रखंड के दर्जनों ग्राम का दौरा



**बिश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सह- प्रदेश मंत्री गणेश मिश्रा ने बिश्रामपुर प्रखंड के दर्जनों ग्राम का दौरा किया, क्षेत्र में जनसंपर्क के दौरान जनता से रूबरू होते हुए बारी-बारी से सभी का समस्या से अवगत होते हुए भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करने के लिए आग्रह किया, इस दौरान लोगों ने क्षेत्र की छोटी बड़ी समस्या उनके बीच साझा की जिसमें प्रमुख समस्या लवजी जलाशय योजना को लेकर मांग कर रही थी, श्री मिश्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर मोदी के द्वारा देश में किए गए आनेक को विकास कार्य को बताते हुए पलामू सांसद विष्णु दयाल राम के द्वारा किए गए पलामू एवं गढ़वा संसदीय क्षेत्र में महत्वाकांक्षी विकास कार्यो की भी बारे में जानकारी दी, क्षेत्र भ्रमण के दौरान केतात ग्राम में भव्य बने राम जानकी मंदिर में पूजा अर्चना भि की ग्राम रझारा, बसना, अमवा, सेमरी, बरीगावां, भंडार, शंखा, कधवन,केतात ग्रामीणों के घर-घर जाकर हर जाति धर्म के लोगों से मुलाकात करते हुए सभी को बढ़-चढ़कर मतदान में भागीदारी रखने की बात कही उन्होंने बताया मोदी सरकार में तेजी से देश का विकास हुआ है, क्षेत्र की छोटी बड़ी समस्या को किसी भी हाल में अनदेखी नहीं किया जाएगा भाजपा का मूल मंत्र विकास ही करना है, पलामू की ज्वलंत समस्या पर मेरी नजर बनी हुई रहेगी एवं पूर्ण किया जाएगा जिस देश एवं प्रदेश की जनता व्यवस्थित ढंग से जीवन यापन कर सके क्षेत्र भ्रमण के दौरान उनके साथ वरिष्ठ भाजपा नेता कमलेश्वर दुबे, प्रदेश कार्य समिति सदस्य विभाकर पांडे, प्रदेश कार्य समिति सदस्य उदय शुक्ला, उटारी रोड जिला परिषद भाजपा नेता अरविंद सिंह, युवा भाजपा नेता अजय दुबे, समाजसेवी अशोक पांडे, भाजपा नेता सुनील पांडे,पूर्व मंडल अध्यक्ष कुश कुमार ओझा, बिश्रामपुर जिला परिषद विजय रविदास, जिला कार्य समिति सदस्य शंभू सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्ण मुरारी सिंह, भाजपा नेता विनय चौबे, नवीन पांडे, दिलीप पासवान, विजय सोनी, दिलीप चंद्रवंशी समेत काफी संख्या में क्षेत्रीय जनता कार्यकर्ता सम्मिलित थे।

## 99 मेडिकल टीमें अपने गंतव्य की ओर रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर 13 मई को होने वाले वोटिंग के मद्देनजर अनुमंडलीय अस्पताल में अस्पताल उपाधीक्षक सुचित्रा कुमारी ने बैठक कर 99 मेडिकल टीमें अपने गंतब्य की ओर रवाना किया।जिसमे कुल 120 लोग शामिल है। जिसमे 8 मेडिकल ऑफिसर,16 सीएचओ, 24 एएनएम, 50 सहिया,14 एमपीडब्ल्यू, 2 बीटीटी, 1 माली, 1 मेडिकल असिस्टेंट,1 एनसीडी कॉउंसलर, 1 एमटीसी,1 एसटीएलएस,1 पीएमडब्लू सहित 120 लोग शामिल है। बैठक में डॉ गोकुल प्रसाद, डॉ संतोष कुमार, डॉ कैशर आलम, सीएचओ दिनेश कुमार मीणा, प्रधान सहायक राजेश श्रीवास्तव, अशफ़ाक़ अहमद, दिलीप विश्वकर्मा सहित सभी कर्मी उपस्थित थे।

## धनमानी प्लस टू उच्च विद्यालय ने बढ़ाया पिपरा प्रखंड का मान




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरा (पलामू) :** पिपरा प्रखंड के परियोजना धनमानी प्लस टू उच्च विद्यालय को जिले में सर्वश्रेष्ठ विद्यालय घोषित किया गया है पलामू जिला शिक्षा पदाधिकारी डॉ दुर्गानंद झा ने बताते हुए कहा कि राज्यस्तरीय टीम के द्वारा पिछले एक माह से विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण किया गया था. निरीक्षण के दौरान टीम ने परियोजना धनमानी प्लस टू उच्च विद्यालय की शैक्षणिक सहित बाकी अन्य व्यवस्थाओं को अन्य विद्यालयों से बेहतर बताते हुए विद्यालय परिवार एवं प्रधानाध्यापक रवि कुमार यादव की प्रशंसा की थी. निरीक्षण टीम ने कहा कि विद्यालय के शिक्षक एक टीम की तरह कार्य करते है उनका पूरा ध्यान रहता है कि बच्चों का भविष्य कैसे उज्जवल हो उनकी यह सोच प्रशंसनीय है. वही विद्यालय के प्रधानाध्यापक रवि कुमार यादव ने कहा कि अभी बीते दिनों आए मैट्रिक के रिजल्ट में शतप्रतिशत विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की एवं इंटर मे पूजा कुमारी ने 80.6 प्रतिशत लाकर जिला में सातवां स्थान प्राप्त किया है। बाकी अन्य विद्यार्थियों ने भी अच्छा अंक प्राप्त किया है. रवि कुमार यादव के प्रधानाध्यापक बनने के बाद विद्यालय प्रगति की राह पर है. वह हमेशा विद्यार्थियों के हित में सोचते हैं यह सम्मान विद्यालय के सभी शिक्षकों के सामूहिक प्रयास के चलते ही संभव हो पाया है. मैं भी विद्यार्थी रहा हूं बच्चों के साथ क्या-क्या परेशानियां आती है इससे भली भांति अवगत हूँ। हम सभी शिक्षक हमेशा एक परिवार की सदस्य की तरह बच्चों का मार्गदर्शन करते रहते हैं. यह हमारा फर्ज बनता है कि हम सब शिक्षक अपने कर्तव्य का पालन अच्छे से करें. ताकि आने वाले सालों में भी विद्यालय एवं पिपरा प्रखंड का मान सम्मान बढ़े.प्रधानाध्यापक रवि कुमार यादव की तरह प्रखंड क्षेत्र के अन्य विद्यालय के शिक्षकों को भी इस प्रकार का सोच रखना चाहिए. ताकि अपने प्रखंड से बच्चे निकल कर जिला राज्य एवं देश स्तर पर क्षेत्र का नाम रोशन करें. इस मौके पर राज्यस्तरीय एमआईएस सचिन कुमार सहायक मिथिलेश कुमार क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी अमृता सिंह प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी ओमप्रकाश सहित विद्यालय के शिक्षक एवं अन्य लोग उपस्थित है।

## निष्पक्ष चुनाव कराना अब आपकी जिम्मेवारी : जिला निर्वाचन पदाधिकारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू लोकसभा निर्वाचन को लेकर सोमवार को मई को मतदान होना है जिसे लेकर सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है। शनिवार को 213 बूथों के लिये पोलिंग पार्टी को मतदान सामग्री के साथ रवाना किया गया।इसी क्रम में आज रविवार को जिले के 1257 बूथों के लिये पोलिंग पार्टी को रवाना किया गया।इसी क्रम में डालटनगंज विधानसभा अंतर्गत दुर्गम बूथों पर मतदान कर्मियों को हेलीकॉप्टर के माध्यम से भेजा गया।गणेश लाल अग्रवाल कॉलेज में बनाये गये डिस्पैच सेंटर में पर्याप्त व्यवस्था की गयी थी जहां गर्मी के मद्देनजर मतदान कर्मियों के बीच वोआरएस का वितरण किया। अहले सुबह से ही शुरू हुए डिस्पैच कार्यों का खुद जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री रंजन मॉनिटरिंग करते नज़र आये। उनके साथ सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारी समेत जिले की पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन उपस्थित रहीं। इस दौरान वे डिस्पैच हेतु बनाये गये विभिन्न काउंटर का निरीक्षण कर कई निर्देश दिये। डिस्पैच के पूर्व जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी पोलिंग पार्टी को ब्रीफ किया।उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र के अंदर किसी के भी मोबाइल ले जाने पर पूर्ण रूप से रोक है यह आप सभी सुनिश्चित करें।मॉक पोल के संबंध में जारी निर्वाचन आयोग के सभी नियमों का पालन करें।सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने पोलिंग पार्टी के साथ एक व्हाट्स ग्रुप बनायें ताकि आपस में कम्युनिकेश करने में सहूलियत हो।उन्होंने सभी से कहा कि निष्पक्ष चुनाव कराना अब आपकी जिम्मेवारी, ऑल द बेस्ट। इधर गणेश लाल अग्रवाल कॉलेज से डिस्पैच होने के पश्चात पाटन के किशुनपुर व पड़वा के बटसारा पहुंचे मतदानकर्मियों का बूथ अवेयरनेस ग्रुप के सदस्यों द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

## पर्यावरणविद कौशल ने श्राद्धकर्म में शामिल होकर मृतक के नाम किया पौधरोपण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने छतरपुर अनुमंडल के पंचायत मुनकेरी के मनहु गांव निवासी दिवंगत निशांत के श्राद्धकर्म में शामिल होकर उनकी आत्मा के शांति के लिए उनके परिजनों के साथ पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम का पौधा लगाकर कार्यक्रम को न सिर्फ यादगार बनाया बल्कि श्रद्धांजलि भी अर्पित की। कार्यक्रम में शामिल परिजनों को पर्यावरणविद ने पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्र की शपथ भी दिलाई। बता दें कि नरेश रजक के पुत्र निशांत कुमार रजक की अकाल मौत 26 अप्रैल को कुंआ में गिरने से हो गयी थी। जानकारी मिलने पर छतरपुर पूर्वी से जिला परिषद अमित कुमार जायसवाल उनके परिजनों से मिलकर उन्हें ढाढस बंधाते हुए हर संभव मदद करने की आश्वासन दिया। पर्यावरणविद श्री कौशल ने फिर कहा कि अर्थ के लिए हो रहे अनर्थ व मानवी भूलों के कारण धरती से डायनासोर सहित कई जीव समाप्त हो गए। वहीं कई समाप्ति के कगार पर हैं। उन्होंने यह भी कहा कि केवल भारतवर्ष में 1372 प्रजाति के पौधे असुरक्षित और अस्तित्व के संकट से जूझ रहे हैं। धरती पर रहने वाले जीवों की 37 फ़ीसदी प्रजातियां और पानी में रहने वाले जीवो की 47 फ़ीसदी प्रजातियां और 1147 प्रकार के मछलियों की प्रजातियों पर विलुप्ति का खतरा मंडरा रहा है । वर्तमान में जलवायु परिवर्तन तेजी से हो रहा हैं। जिससे कई तरह के प्राकृतिक आपदाएं दुनिया भर में हो रही हैं । मसलन कहीं भीषण गर्मी तो, कहीं ग्लेशियर का अप्रत्याशित पिघलना। उन्होंने कहा कि 21 दिनों के अंदर चीन, दुबई, ओमान , ब्राज़ील और इंग्लैंड में गर्मी के दिनों में भी हुई भारी बारिश से जहां जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। वहीं कई जगहों पर पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। ये सारी तबाहियां जलवायु परिवर्तन के ही दुष्परिणाम के कारण हो रहे है। पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के कारण दुनिया भर में हो रहे प्राकृतिक आपदा को रोकना है तो दुनिया भर के तमाम लोगों को अपना धर्म के साथ-साथ पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रो को अपने दिनचर्या में शामिल करना होगा। क्योंकि पौधरोपण के अलावे इससे बचने के लिए दूसरा कोई विकल्प नहीं है। क्योंकि पर्यावरण बचाने के लिए धरती के सम्पूर्ण हिस्से के 33 फीसदी भूमि पर सघन वन चाहिए। मौके पर स्व निशांत रजत के पिता नरेश कुमार रजक, ग्राम पंचायत चिरु के मुखिया पति प्रमोद यादव, पंचायत डाली बाजार के उप मुखिया अफजाल अंसारी, सचिन पांडे, बसंत विश्वकर्मा, सुरेश, बैठा प्रवेश, बैठा डोमन बैठा, कुलदीप बैठा, राजेंद्र शर्मा, अशोक पासवान, लक्ष्मण बैठा, पवन कुमार, सिंटू कुमार, रवि कुमार, रंजन कुमार, श्रीकांत कुमार, सुचित सिंह उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### सामूहिक दुष्कर्म से आहत बीएयू की छात्रा ने की थी खुदकुशी, चार आरोपित गिरफ्तार

**रांची :** बूटी स्थित किशुनपुर की रहने वाली 25 वर्षीय बीएयू की छात्रा ने पांच मई की रात घर में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली थी। इस मामले में रांची पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इसमें आनन्द मिंज, तरुण किंडो, जेम्स बा. और शशि उरांव शामिल हैं। इनके पास से पुलिस ने तीन मोबाइल फोन बरामद किया है। सदर डीएसपी ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि आत्महत्या से पहले युवती ने दो सुसाइड नोट भी लिखी थी। इसमें उसने बताया था कि बीते छह मार्च को कोकर में उसके दोस्तों ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया था। इसके बाद से ही वह घुट-घुट कर जी रही थी। सुसाइड नोट में उसने रातू के काठीटांड़ निवासी आनंद मिंज और अरविंद किंडो के नाम का जिक्र किया है। युवती के अनुसार, उसे उस दिन बहला-फुसलाकर कोकर बुलाया गया, जहां उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया। युवती कांके स्थित कृषि विश्वविद्यालय में फॉरेस्टी विभाग में सेकेंड इयर की छात्रा थी। सदर पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद छात्रा का शव परिजन को सौंप दिया था।


### गैस कटर से दुकान का शटर काटकर लाखों की चोरी

**रांची :** जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के सेक्टर 2 मार्केट स्थित खुशी टेलीकॉम दुकान में चोरों ने गैस कटर से मोबाइल दुकान का शटर काटकर नकदी सहित लाखों रुपये के समान ले उ?। शनिवार की देर रात अज्ञात चोरों ने गैस कटर का इस्तेमाल कर दुकान का ग्रिल और शटर काटा। फिर दुकान से 25 लाख के मोबाइल और 5.50 लाख कैश लेकर फरार हो गये। घटना की जानकारी दुकान मालिक प्रमोद कुमार को दुकान में चोरी होने की घटना की जानकारी रविवार की सुबह मिली। इसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई।

# पहले चरण में आज चार सीटों पर है मतदान जनता ही तय करेगी कौन होंगे सांसद

**परवेज़ कुरैशी@प्रभात मंत्र**

**रांची।** आज 13 मई है और झारखंड का पहला चरण के लिए झारखंड के चार लोकसभा क्षेत्रों में मतदान होना है। इन चार लोकसभा जहां मतदान होगा इसमें पलामू, लोहरदगा, सिंहभूम और खूंटी शामिल है। इनमें तीन निवर्तमान सांसदों की साख दांव पर है। लोकसभा से बीडी राम, खूंटी से केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और कांग्रेस कोटे से सांसद वर्तमान में भाजपा के टिकट से चुनाव लड़ रही गीता कोड़ा शामिल हैं। एक तरफ भाजपा है तो दूसरे तरफ इंडिया गठबंधन है। चार लोकसभा क्षेत्र के कुछ विधानसभा के प्रखंडों का दौरा करने का मौका मिला सुरक्षा के पुख्ते इंतजाम किए गए हैं। मतदाताओं के लिए हर तरह की सुविधाएं भी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा किया गया है ताकि अधिक से अधिक मतदान हो सके। इस दौरान जो जानकारी स्थानीय लोगों से बातचीत में मिली है वह चौंकाने वाली है। इसी आधार पर कुछ ग्राउंड रिपोर्ट प्रभात मंत्र के लिए तैयार किया है । इस रिपोर्ट के अनुसार रोजगार, स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा, स्थानीयता, खतियानी, किसान पर जनता की है रूझान । वहीं जनता ने यह भी कहा सांसद आदर्श गांव का भी विकास नहीं हुआ। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के खूंटी के उलियातु गांव में 2014 गृहमंत्री राजनाथ सिंह और बाद में गृहमंत्री अमित शाह ने भी उलियातु गांव की सौंदर्यीकरण की घोषणा किए थे। वहीं इंडिया गठबंधन सरकार के कार्यो पर भी समीक्षा कर रहे हैं जिनका जवाब एवीएम का बटन दबाकर देंगे।



### 2019 और 2024 में बहुत कुछ बदल सकता है

2019 में और 2024 में कुछ फर्क है। 2019 में सिंभूम के सांसद गीता कोड़ा कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में उस वक्त जीती थी जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा समर्थन लक्ष्मण गिलवा के लिए प्रचार प्रसार किया था, लेकिन जीत कांग्रेस प्रत्याशी गीता की हुई थी। 2024 में गीता कोड़ा के भाजपा में जाने से उनके पक्ष में प्रधानमंत्री ने प्रचार किया । 2024 में पलामू के भाजपा के बीडी राम के सामने इंडिया गठबंधन राजद की ममता भुइंया है,लोहरदगा में समीर उरांव के सामने कांग्रेस सुखदेव भगत है और खूंटी में अर्जुन मुंडा के सामने कालीचरण मुंडा है तो वहीं गीता कोड़ा के सामने जोबा मांझी है। खूंटी से अर्जुन मुंडा मात्र 1447 वोट से जीते थे,पलामू में बीड़ी राम को 755559 और राजद के पूरन राम को 278053 वोट मिले थे, सिंहभूम में कांग्रेस की गीता कोड़ा को 431815 और भाजपा के लक्ष्मण गिलुवा को 359660 वोट ही मिले थे वहीं लोहरदगा से भाजपा के सुदर्शन भगत 371595 और कांग्रेस के सुखदेव भगत 361232 वोट लाकर भी हार गये थे। इस बार चमरा लिंडा कुछ खेला कर सकते हैं।

### 2019 में किस विधानसभा में कितना वोट

लोहरदगा लोकसभा में पांच विधानसभा है और झामुमो के खाते में तीन और कांग्रेस के खाते में दो विधायक है। मांडर विधानसभा में एनडीए को 914 42 , तो वहीं युपीए इंडिया गठबंधन कांग्रेस को 90 254, सिसई 61504 ,युपीए इंडिया को 71978, गुमला 62 678, युपीए इंडिया को 69313 ,बिशनपुर 73255 तो युपीए इंडिया को 59946, लोहरदगा विधानसभा से 68577 युपीए इंडिया को 80698 वोट मिला था। सिंहभूम लोक सभा में छह विधानसभा में एक कांग्रेस पांच झामुमो का कब्जा है।2019 में सरायकेला विधानसभा सभा में एनडीए को मिला था 140603,युपीए इंडिया को 77644, चाईबासा में 37982 युपीए इंडिया को 91678,मंझगाव 29092,युपीए इंडिया को 88418, जगन्नाथपुर 44148युपीए इंडिया को 57056, मनोहरपुर 52152,युपीए इंडिया 58264, चक्रधरपुर 55182युपीए इंडिया 58485 है। पलामू लोकसभा में छह विधानसभा एक राकंपा, एक झामुमो और चार भाजपा का है। एनडीए से भवनाथपुर में 155791, युपीए इंडिया 51077, डाल्टनगंज 145935 युपीए इंडिया 46842, गढ़वा 137947 युपीए इंडिया 60694 , छतरपुर 100026,युपीए इंडिया 39565, विश्रामपुर 118583, युपीए इंडिया 39379 और हुसैनाबाद में 94858 युपीए इंडिया 39410 है। खूंटी लोकसभा में छह विधानसभा दो झामुमो,दो कांग्रेस और दो भाजपा के नाम दर्ज है। कोलिबेरा में एनडीए को 44866,युपीए इंडिया को 69798, तमाड़ में 86351,युपीए इंडिया 44871खरसावां 88852,युपीए इंडिया 55971,तोरपा 43964 युपीए इंडिया 65122, खुंटी51410युपीए इंडिया 72812, सिमडेगा 66122,युपीए इंडिया 71894 वोट मिले थे। आंकड़े सभी लगभग में है। आज जनता को अच्छा और ईमानदार सांसद चुनने के लिए अपने अपने घरों से निकलकर अपने नजदीकी बूथ पर जाकर मतदान करना है यह मतदाता का अधिकार है।

## मतदान में जनता पूरी तरह से इंडी गठबंधन के साथ होगी : कांग्रेस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** देश में चौथे और झारखंड के पहले चरण में होने वाले चार लोकसभा क्षेत्रों के मतदान में जनता पूरी तरह से इंडी गठबंधन के साथ होगी। इसका दावा करते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने रविवार को कहा कि झारखंड की भोली भाली जनता को जिस तरह से भाजपा सरकार ने पिछले एक दशक से ठगा है । उसका जवाब उन्हें कल के प्रथम चरण के चुनाव में जनता जरूर देगी। यहां के आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों अल्पसंख्यकों सहित समाज के अन्य वर्ग के साथ जिस तरह से सौतेला व्यवहार केंद्र सरकार ने किया है। उसका परिणाम भुगतने का समय आ गया है। सरना धर्म कोड के मामले में,वनों पर अधिकार के मामले में, जिसकी जितनी भागीदारी है उसकी उतनी हिस्सेदारी के मामले में जनता अपना भरपूर समर्थन खूंटी, सिंहभूम, लोहरदगा और पलामू में इंडी गठबंधन के उम्मीदवारों को देगी और यह सारी लोकसभा सिटे इंडिया गठबंधन भारी बहुमत से जीतेगी। उन्होंने कहा कि झारखंडी जनता ने अपने मुद्दों का चुनाव कर लिया है और उन्ही मुद्दों पर अपने मत का प्रयोग करेगी।

## राज्य में 13 मई को आंधी-बारिश के बीच वज्रपात के आसार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राजधानी रांची में रविवार को आसमान में बादल छोय रहे। बदलते मौसम की वजह से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। सोमवार को राज्य के उत्तर-पूर्वी और दक्षिणी भागों में कहीं-कहीं गर्जन और तेज हवा का झोंका चलने के साथ वज्रपात होने की आशंका है। हवा की रफ्तार 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा होने की संभावना है। इसका असर पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, सिमडेगा, साहिबगंज, गोड्डा, पाकुड़, दुमका, देवघर, जामताड़ा, धनबाद जिले में देखने को मिलेगा। 14 मई को राज्य के उत्तर-पूर्वी भागों में



कहीं-कहीं गर्जन के साथ हल्के दर्जे की बारिश होने की उम्मीद है। इसका असर साहिबगंज, गोड्डा, पाकुड़, दुमका, देवघर, जामताड़ा, धनबाद, गिरिडीह जिले में देखने को मिलेगा। 14 मई को राज्य के उत्तर-पूर्वी भागों में कहीं-कहीं गर्जन और तेज हवा का झोंका चलने के साथ वज्रपात होने की आशंका है। हवा की रफ्तार 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा होने की संभावना है। इसका असर साहिबगंज, गोड्डा, पाकुड़, दुमका, देवघर, जामताड़ा, धनबाद, गिरिडीह जिले में देखने को मिलेगा। राज्य में अगले दो दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में कोई बड़े बदलाव की उम्मीद नहीं है। इसके बाद अगले तीन दिनों में इसमें धीरे-धीरे तीन से चार डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होने की संभावना है।

## श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद वितरण किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** पड रही प्रचंड गर्मी के कारण सत्यभामा जी के द्वारा बोतल बंद जलजीरा जुस आये हुए सभी श्रद्धालुओ को 1(एक एक) बोतलबंद जलजीरा जुस का वितरण किया गया। पूर्णब्रह्म परमात्मा की अपार कृपा श्री राज श्यामा जी महाराज एवं परमहंस भागवत भास्कर डाज़ संत शिरोमणी श्री श्री 108 स्वामी सदानंद जी महाराज के आशीर्वाद से प्रणामी समाज के सेवाभावी सदस्यों के सहयोग से अभी तक 148 निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का सफलता पूर्वक वितरण कर सफल संचालन किया जा चुका है। 149 वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का संचालन अपने बेटे,पोते की शादी की सालगिरह एवं पोतो के जन्मदिवस के सुअवसर पर संस्था की वरिष्ठ सदस्या विधा देवी अग्रवाल और उनके परिवार के सौजन्य से किया गया। डुंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल,सचिव मनोज कुमार चौधरी, बिजय अग्रवाल,प्रमोद सारस्वत,दिलीप अग्रवाल, प्रेमचन्द श्रीवास्तव (लाला जी) अरविंद अग्रवाल, ओमप्रकाश सरावगी,सज्जन पाड़िया,पवन पोद्दार(ताउ), विष्णु सोनी, मनीष सोनी, गोविन्द अग्रवाल, प्रभाष गोयल विशाल जालान, शिव भगवान अग्रवाल,अंजनी अग्रवाल, शंकरलाल मोदी, धीरज कुमार गुप्ता,आलोक सिंह, रमेन्द्र कुमार पांडेय, चन्द्रदिप साहु महिला समिति की विधा देवी अग्रवाल,सिता शर्मा, बिमला जालान, ललिता उषा मोदी सुधा सुल्तानिया,अमिता जालान शकुंतला देवी एव इनके अलावा संस्था के और भी बहुत से सदस्य उपस्थित थे।

## चम्पाई सोरेन नाममात्र के सीएम, कल्पना सोरेन सुपर सीएमः सीता सोरेन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** दुमका लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन ने फिर पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन को निशाने पर लिया है। उन्होंने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर मुख्यमंत्री के लिए भी चिंता जाहिर की है। साथ ही झामुमो में उपेक्षा किए जाने का आरोप भी दोहराया। सीता सोरेन ने कहा कि चम्पाई सोरेन को नाममात्र का मुख्यमंत्री बनाकर रखा गया है। उनकी बजाय कल्पना सोरेन को अधिक महत्व है। कल्पना का



झामुमो पार्टी में भी कोई पद या स्थान नहीं है। बावजूद इसके उनको मुख्यमंत्री से बड़ा प्रोजेक्ट किया जा रहा है और वही सुपर सीएम के तौर पर फैसले ले रही हैं।

**दुर्गा सोरेन ने खून से सींच कर पार्टी की नींव को किया मजबूत:** सीता ने कहा कि जिस पार्टी की नींव को उनके पति दुर्गा सोरेन ने खून से सींचकर मजबूत किया, जिस झारखंड के विकास और उत्थान के लिए उन्होंने जान तक न्योछावर कर दी, उस पार्टी में उन्हें मिलने वाले अधिकारों के नाम पर सिर्फ और सिर्फ सांत्वना तथा चुप रहने की हिदायत दी गई। इतना ही नहीं 14 साल एक पार्टी में समर्पित भाव से रहने के बाद भी पहले तो जनता के बीच जाने और काम करने से रोका गया फिर हमें खतरा मानकर आगे बढ़ने से रोकने के लिए अनेकों षड्यंत्र रचे गए। उल्लेखनीय है कि सीता सोरेन जामा से झामुमो की विधायक रह चुकी हैं।

## मल्लिकार्जुन खड़गे को झारखंड दौरे से पहले माफी मांगनी चाहिएः प्रतुल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे झारखंड यात्रा के दौरान सार्वजनिक रूप से विभिन्न मुद्दों पर गलतबायनी करने के लिए माफी मांगे । प्रतुल ने कहा कि कांग्रेस के महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने राम मंदिर का शुद्धिकरण करने की बात को कहकर कांग्रेस के आदिवासी और ओबीसी विरोधी रवैया को दिखा दिया है। एक आदिवासी बेटी राष्ट्रपति पद पर और एक पिछड़ा समाज से प्रधानमंत्री इनको पच नहीं रहा है। राम मंदिर के शुद्धिकरण की बात कर रहे हैं और वह भी तब जब हाल ही के दिनों में राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू ने वहां



की यात्रा की थी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी प्राण प्रतिष्ठा में यजमान के रूप में शरीक हुए थे।प्रतुल ने कहा कि कांग्रेस ऊपर से शुद्धिकरण के लिए जो बहाने बनाए पर आदिवासी और ओबीसी समाज को अपमानित करने का इनका पुराना रिकॉर्ड रहा है।प्रतुल ने सरना धर्म कोड पर भी कांग्रेस को घेरते हुए मल्लिकार्जुन खड़गे से जानना चाहा कि जब तत्कालीन सांसद सुदर्शन भगत ने 22 अगस्त ,2013 को तत्कालीन प्रधानमंत्री और आदिवासी कल्याण मंत्री से पत्र लिखकर सरना धर्म कोड को लागू करने की मांग की थी। तत्कालीन आदिवासी कल्याण मंत्री वी किशोर चंद्रदेव ने 11 फरवरी, 2014 को जवाब देते हुए कहा था कि सरना धर्म कोड लागू करना प्रैक्टिकल नहीं है। अलग सरना कोड देने से ऐसे सैकड़ो ऐसे अन्य मांग दूसरे धर्म में भी हो सकता है। प्रतुल ने कहा आज कांग्रेस सरना धर्म कोड लागू करने की मांग करने का नाटक कर रही है। जबकि इनकी ही सरकार ने इसे नकारा था।

## कलाकृति स्कूल ऑफ आर्ट्स में मदर्स डे पर चित्रकला प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** कलाकृति स्कूल ऑफ आर्ट्स एवं कलाकृति आर्ट फाउंडेशन द्वारा रविवार को डोरंडा कन्या पाठशाला प्रांगन में मदर्स डे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जहां बच्चों ने अपनी कला प्रतिभा को प्रदर्शित किया। इस अवसर में संस्था के निदेशक धनंजय कुमार ने कहा की सभी बच्चों के आपनी माँ का आदर सम्मान करना चाहिये और अपनी जन्नी माँ को सर्वोच्च स्थान देना चाहिए। माताएं अपना सबकुछ त्याग कर भी अपने बच्चों को एक मुकाम तक ले के जाती है हम सब को अपनी माँ के सपनो को साकार करने के लिए अपना जीवन निछावर कर देना चाहिये। इस कार्यक्रम को सफल बनाने कलाकृति संस्था की उपनिदेशक रजनी कुमारी, कलाकृति आर्ट फाउंडेशन के उपाध्यक्ष अजय कुमार एवं आरती, शिखा, रिंकी, तन्वी अमीषा, ईशा, जया, निजात, अर्चना, सुमन एवं मनस्वी आदि का सहयोग रहा।

## जेलकर्मी अवधेश कुमार से ईडी 13 को करेगी पूछताछ

**रांची :** बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में पदस्थापित पुलिसकर्मी अवधेश कुमार से ईडी सोमवार को पूछताछ करेगी। ईडी ने अवधेश कुमार को सात मई को नोटिस भेजकर 13 मई को ईडी के जोनल ऑफिस में उपस्थित होने को कहा था। इससे पहले भी ईडी ने अवधेश कुमार को नोटिस भेजकर पूछताछ के लिए बुलाया था। छह जनवरी को ईडी ने साहिबगंज में 1250 करोड़ रुपये के अवैध खनन और इसी केस में ईडी के गवाहों को प्रभावित करने से जुड़े मामले में चार लोगों को समन किया था।

## सांसद संजय सेठ ने विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** सांसद संजय सेठ ने रविवार को सुबह मोराबादी मैदान में मॉर्निंग वॉकर्स के साथ मुलाकात की और शाहिद संकल्प शुक्ला के प्रतिभा पर माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित की साथ ही अरगोरा, गुदरी रामनगर, हटिया हजम 10 माईल, हरदग, तिरिल बस्ती, रातू रोड, डोरंडा, पुनदाग ,में जनसंपर्क अभियान चलाया सांसद सेठ ने कहा आज देश मजबूत हाथों में है मजबूर हाथों में नहीं आज देश के प्रधानमंत्री ने भारतीय सैन्य बल को सुदृढ़ किया पहले हम दूसरे देशों से सैन्य हथियार मांगते थे। आज भारत खुद इसका निर्माण कर रहा है यही नहीं अब दूसरे देश के



लोग भी हमसे हथियार खरीद रहे हैं लड़ाकू विमान तेजस हम खुद अपने देश में बना रहे हैं और दूसरे देश आज हमारे बने हुए फाइटर प्लेन ले रहे हैं यह है विकसित भारत की ताकत, आज हमारे प्रधानमंत्री देश के शहीदों के सम्मान में दिल्ली में एक बड़ा स्मारक का निर्माण किया यहां हमारे देश के वीरों की गाथा अंकित है। आज हमारे जवानों के हाथ खुले हैं पूर्व की तरह बंधे हुए नहीं 70 साल में कांग्रेस ने जो सम्मान हमारे शाहिद परिवार को नहीं दिया वह सम्मान आज देश के आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दे रहे हैं । दिवाली हो या दुर्गा उत्सव वह हमेशा शरहद पर बैठे सैनिकों के साथ पर्व मनाते हैं तभी देश मोदी का परिवार है। सांसद सेठ ने लोगों से अपील करते हुए कहा लोकतंत्र के इस पर्व में सभी 25 तारीख को अपना मतदान राष्ट्र के निर्माण के लिए करें और देश को और मजबूती प्रदान करें। जनसंपर्क अभियान में कांके के विधायक समरी लाल हेमंत दास संजय जयसवाल ललित ओझा मुनचुन राय विकास रवि राजेश सिन्हा, मुकेश काबरा, हरि नारायण गुप्ता रविंद्र सिंह सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मांडर और तमाड़ में मतदान आज, 1500 सुरक्षा बल तैनातः एसएसपी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** 13 मई को खूंटी लोकसभा के तमाड़ और लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के मांडर विधानसभा में वोटिंग होगी।इसको लेकर रांची पुलिस पूरी तरह से अलर्ट है। जिसे देखते हुए तमाड़ और मांडर इलाके में चप्पे-चप्पे पर सुरक्षाबलों की तैनाती की गई है। करीब 1500 सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है। कोई भी उपद्रवी तत्व किसी भी प्रकार से कोई भी गड़बड़ी न फैला सके । इसमें डीएसपी, थानेदार, सीआरपीएफ, एसएसबी, सीएपीएफ, जिला बल, जैप और झारखंड जगुआर शामिल हैं। नक्सल प्रभावित मतदान केंद्रों में सीआरपीएफ की तैनाती की गई है। तैनात पुलिस बल को सख्त निर्देश दिया गया है कि वे किसी भी हाल में मतदान के दौरान विधि व्यवस्था भंग नहीं होने दें। रांची एसएसपी चंदन सिन्हा ने बताया की मतदान के दौरान अगर कोई व्यक्ति विधि व्यवस्था भंग करता है तो उन्हें तुरंत हिरासत में लिया जाएगा। एसएसपी ने ग्रामीण एसपी सुमित अंग्रवाल समेत डीएसपी और सभी थानेदारों को मतदान केंद्र और उसके आसपास इलाकों में गश्त



लगाने का निर्देश दिया है। वहीं सीमावर्ती क्षेत्रों पर नाकेबंदी, फ्लाइंग स्कॉट भी तैयार हैं। एसएसपी ने आगे बताया कि रांची से लगने वाले दूसरे जिलों की सीमा पर पुलिस के द्वारा नाकेबंदी कर दी गई है। बिना जांच के किसी भी वाहन को जिले से बाहर नहीं जाने दिया जा रहा है। अवैध शराब और हथियार को लेकर विशेष निगरानी की जा रही है। वहीं कही से भी कैश पैसे की आवाजाही पर नजर रखी जा रही है? एसएसपी के अनुसार आधा दर्जन फ्लाइंग स्कॉट बनाए गए है जो औचक निरीक्षण करेंगे। वोटिंग के दिन और वोटिंग से पहले किसी भी तरह के साजिश का पता लगाने के लिए ह्यूमन नेटवर्क को भी एक्टिव किया गया है. जिले में क्विक रिस्पांस टीम को भी एक्टिव किया गया है।

## हटिया डैम में डूबे दोनों भाइयों के शव मिले

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** नगड़ी थाना इलाके के हटिया डैम में शनिवार को नहाने के दौरान दो भाइयों की डूबने से मौत हो गई। एनडीआरएफ की टीम ने रविवार को दोनों शवों को बाहर निकाल लिया है। दोनों भाई प्रभात तारा स्कूल के विद्यार्थी थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों लड़के आर्य शर्मा और आलोक डैम में बने खतरे के निशान को पार कर गये थे, जिसकी वजह से वे डूब गये। स्थानीय गोताखोरों ने शनिवार को काफी खोजबीन की लेकिन दोनों का कुछ



पता नहीं चल पाया था। इसके बाद शनिवार की शाम करीब 4.45 बजे एनडीआरएफ की टीम वहां पहुंची और दोनों की खोजबीन शुरू की लेकिन अंधेरा होने के कारण उनका पता नहीं चल पाया। इसके बाद रविवार की सुबह एनडीआरएफ की टीम ने फिर से तलाश शुरू की और दोनों के शव बरामद कर लिये। मृतकों के परिवार वालों का कहना है कि उनके बच्चे कब हटिया डैम पहुंच गए इसकी जानकारी नहीं है।

# लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के निमित मतदान केंद्रों के लिए मतदान पदाधिकारियों एवं कर्मियों को किया गया रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के निमित मतदान केंद्रों के लिए आज पूर्वाह्न 6 बजे से मतदान पदाधिकारियों/ कर्मियों के बीच नियुक्ति-पत्र, मतदान सामग्री एवं श्वड्ढरू ङ्कङ्कक्क्ल का वितरण किया गया। इसके पश्चात पोलिंग पार्टियों को रवाना किया गया। इसके लिये बिरसा कॉलेज फुटबॉल स्टेडियम के परिसर में विधानसभा वार अलग-अलग काउंटर लगाये गये थे जहां संबंधित बूथों के कर्मियों को मतदान सामग्री उपलब्ध कराया गया। इसके बाद उसका मिलान किया गया। प्रतिनियुक्ति कर्मी सुबह 6 बजे से ही केंद्र पर पहुंच गये थे।जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, लोकेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक, अमन कुमार एवं विधानसभा के सहायक निर्वाची पदाधिकारी के देख-रेख में वितरण कार्य शुरू हुआ। परिसर में हेल्प डेस्क, चिकित्सा सेंटर, फूड काउंटर सहित अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थी।

**अलग-अलग विधानसभा के लिये लगाये गये थे काउंटर,कुल 549 बूथों के लिये पोलिंग पार्टी हुए रवाना :** संबंधित विधानसभा हेतु अलग-अलग काउंटर बनाये गये थे जहां कई तरह के कागजी प्रक्रिया के पश्चात उन्हें मतदान सामग्री देकर अपने-अपने बूथों के लिये रवाना कर दिया गया। पोलिंग पार्टी के साथ सेक्टर पदाधिकारी व पुलिस बल को भी टैग किया गया था।आज 549 पोलिंग पार्टियां, 46 माइक्रो ऑब्जर्वर , 72 सेक्टर मैजिस्ट्रेट एवं इसके अतिरिक्त रिजर्व पर्सनल को भी रवाना किया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने उन्हें कई बिंदुओं पर ब्रीफ किया।

**मतदान पदाधिकारियों/कर्मियों के कार्य दायित्वों से कराया गया अवगत :** इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने जानकारी दी कि लोकसभा आम चुनाव को लेकर बनाये गए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रतिनियुक्त किया गया है जो समय-समय पर आप सभी को फोन कर चुनाव गतिविधियों की जानकारी लेंगे।

इससे अलावा उन्होंने चुनावी कार्यों पर तैनात सभी अधिकारियों एवं कर्मियों को चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी तरीके से संपन्न करवाने को लेकर आपसी सामंजस्य स्थापित कर पूरी कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपना कार्य निभाना सुनिश्चित करने की बात कही।

उन्होंने कहा कि चुनाव संवैधानिक कार्य है जिसे बड़े ही ध्यानपूर्वक एवं सकारात्मक दृष्टिकोण से सम्पन्न किया जाना है। इसके अलावे उन्होंने कहा कि पोलिंग पार्टियों की सुविधा हेतु सभी कलस्टरों व बूथों पर सभी मूलभूत सुविधाएं के साथ चिकित्सा की व्यवस्था भी उपलब्ध करा दी गई है। आगे उन्होंने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण आपसी समन्वय के साथ सभी कार्य करें, ताकि मतदान को शांतिपूर्ण, स्वच्छ व भयमुक्त वातावरण में सम्पन्न कराया जा सके। इस दौरान निर्देशित किया गया कि सभी कार्यो का संचालन ससमय सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है।

# नदी बचाने के संकल्प के साथ मड़गांव ग्रामसभा के सदस्यों ने बनई नदी पर बनाया दूसरा बोरीबांध



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** मुरहू की जीवनधारा कही जाने वाली बनई नदी को बचाने का प्रयास पिछले कई वर्षो से ग्रामीण कर रहे हैं। जिसका परिणाम है जहां पांच साल पहले चैत के महीने में सूख जाने वाली बनई नदी में जेठ के महीने में भी पानी लबालब रहता है। नदी बचाने की कला ग्रामीण अब सीख चुके हैं, यही कारण है कि मुरहू प्रखंड के गानालोया पंचायत के मड़गांव ग्रामसभा के सदस्यों ने एक सप्ताह के बाद बनई नदी पर दूसरा बोरीबांध आदिवासियों की मदईत (श्रमदान) परंपरा के तहत बनाया।

**हर उम्र के लोगों व महिलाओं ने किया श्रमदान :** नदी पर बोरीबांध बनाने के लिए बच्चे, बुढ़े, जवान सबने उत्साह पूर्वक श्रमदान किया। बच्चे उछल-उछल कर बोरे एकत्रित कर रहे थे। तो युवा तुफानी गति से बोरियों में बालू भर रहे थे। बुजुर्ग अपने अनुभव के आधार पर बालू भरी बोरियों से बांध बनाकर पानी रोक रहे थे। लगभग तीन घंटे में बोरीबांध बनकर तैयार हो गया। जिसके बाद नदी में पानी लबालब भर गया। एक सप्ताह पूर्वबनाए गए बांरीबांध में भी काफी पानी जमा हो गया है।

**परती जमीन पर अब होने लगी खेती :** ग्रामप्रधान जुनास ढ़ोढ़राय और करमसिंह ढ़ोढ़राय ने बताया कि उनके द्वारा बोरीबांध बनाने के कारण ही जिला प्रशासन द्वारा नदी के किनारे सोलर एरिगेशन सिस्टम अधिष्ठापित कराया गया है। जिससे गांव के लोग अब गर्मी के दिनों में भी खेती कर रहे हैं। पानी घ ना जाए, इस कारण ग्रामसभा में निर्णय लेकर श्रमदान से गांव के सीमान क्षेत्र में दो बोरीबांधों का निर्माण सामुदायिक सहयोग से किया गया है।

बोरीबांध निर्माण में जुनास डोढ़राय, सामू ढ़ोढ़राय, एतवा ढ़ोढ़राय, करमसिंह ढ़ोढ़राय, कृष्णा ढ़ोढ़राय, सनिका ढोढ़राय, बिरसा ढोढ़राय, सिंगराय ढोढ़राय, कईला ढोढ़राय, घुसलू ढोढ़राय, सुबोध ढोढ़राय, हेरमन ढोढ़राय, गोगा ढोढ़राय, निकोदिन ढोढ़राय, बिरसा ढोढ़राय, दसाय ढोढ़राय, महादेव ढोढ़राय, बुधुवा ढोढ़राय, लोड़गो ढोढ़राय समेत ग्रामसभा मड़गांव के सभी सदस्यों ने श्रमदान किया।

# सिल्ली पॉलीटेक्निक में कंप्यूटेशनल और गणितिया तरीके पर राष्ट्रीय सम्मेलन का हुआ शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** पॉलीटेक्निक में शनिवार से कंप्यूटेशनल गणितीय तरीके पर दो दिवसीय ( 11 और 12 मई 2024 ) राष्ट्रीय सम्मेलन ( CMAES 2024) का आयोजन किया गया है । इस राष्ट्रीय सम्मेलन के पहले दिन में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व उप मुख्यमंत्री सह सिल्ली विधायक श्री सुदेश कुमार महतो , प्रोफेसर डी .के. सिंह (वाइस चांसलर छ्वन्ञ) , डॉक्टर राज शेखर प्रसाद (एक्सक्यूटिव डायरेक्टर JCSTI ) , टेक्नो इंडिया के वाइस चेयरमैन श्री मोहित चट्टोपाध्याय , ढ्ढश्वढ्ढ के अध्यक्ष श्री एमके गुप्ता , डॉक्टर बीबी चट्टोपाध्याय (निर्देशक सिल्ली पॉलिटेक्निक) , मिस्टर समीर शर्मा (प्राचार्य सिल्ली पॉलिटेक्निक) समित कई सीक्षावित ने इस दो दिवसीय राष्टीय सम्मेलन का दीप जलाकर शुभारंभ किया । इस राष्टीय सम्मेलन के मुख्य अतिथि श्री सुदेश कुमार महतो ने कहा कि प्रौद्योगिकी हमारे जीवन का एक अविभाज्य और अभिन्न अंग बन गई है । प्रौद्योगिकी का विकास एक राष्ट का विकास तय करता है जैसे की ( विकसित भारत 2047) उन्होंने कहा की हमारे राष्ट के विकास के लिए प्रतिभा पलायन को रोका जाना चाहिए, समाज और राष्ट के विकास के लिए मानसिक रूप से तैयार होना चाहिए । हमें अपनी स्थिरता के लिए नई तकनीकों को अपनाना और अनुकूल बनाना होगा। सिल्ली पॉलिटेक्निक सिल्ली का गौरव है । उन्होंने कहा कि सिल्ली पॉलिटेक्निक के छात्र एवं छात्राएं। एक परिवार के सदस्य की तरह है इस सम्मेलन के मुख्य अतिथि प्रोफेसर डी.के. सिंह ने कहा की गणित भाषाओं की रानी है , कम्प्यूटिंग इस पीढ़ी की आवश्यकता है , गणित और कंप्यूटर के बीच संबंध में कंप्यूलेटेड गणित को जन्म दिया है जो दुनिया पर राज कर रहा है । उद्यामिकता को प्रोत्शाहित किया जाना चाहिए । इस राष्टीय सम्मेलन में कॉलेज के सभी शिक्षक गण एवं कॉलेज के छात्र छ्त्राए उपस्थित थे एवं कॉलेज के शिक्षक गण एवं छात्र छात्राएं का इस सम्मेलन को सफल बनाने में योगदान रहा । सभी मुख्य अतिथि ने कहा की उन्हे इस सम्मेलन में आमंत्रित किए जाने पर बेहद खुशी हो रही है और वे इस सम्मेलन सीएमएईएस-2024 की शानदार सफलता की कामना करते है । सभी मुख्य अतिथि ने सम्मेलन में भाग लेने के लिए सभी प्रतिभागियों, कॉलेज प्राधिकरण, आयोजन समिति, स्वयंसेवकों और अन्य आमंत्रित लोगों को आंतरिक रूप से धन्यवाद किया ।

# आजसू ने किया नामकुम प्रखण्ड के विभिन्न पंचायतों का तूफानी दौरा



**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राँची लोक सभा चुनाव की तैयारी एवं प्रत्याशी संजय सेठ को भारी मतों से विजयी बनाने को लेकर तुफानी दौरा किया गया। जिसमे राजाउलातु,लाली पंचायत के पंचायत प्रभारी एवं ग्राम प्रभारीयों से संपर्क कर अविलंब चूल्हा प्रमुख एवं बूथ कमिटी बनाने का दिशानिर्देश देते हुऐ, गाँव गाँव में बैठक किया गया। मुख्य अतिथि आजसू पार्टी केन्द्रीय सचिव सह खिजरी विधान सभा पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उराँव ने कहा की देश मे मजबूत लोकतंत्र के लिए, मजबूत शासन व्यवस्था के लिए,एन डी ए गठबंधन प्रत्याशी को राँची लोकसभा से जीतना जरूरी है। इस बीच केन्द्रीय सचिव जितेन्द्र सिंह,प्रखण्ड उपाध्यक्ष दिलिप महतो, ग्राम प्रभारी रूपा कच्छप, चमरा लोहरा,करमा नायक,विनोद लोहरा,सामलाल महतो,मीना देवी,गुडिया देवी,मिजु देवी,रिमनी देवी,साखों देवी,पूनम देवी,सरोला देवी आदि सैकड़ो लोग लोग उपस्थित थे।

# हमारी नर्सेस ही हमारा भविष्य है : दीपाली पराशर

**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को माण्डर स्थित भारथी ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूशन के तत्वाधान में सतीश कुमार सिन्हा मेमोरियल कॉलेज ऑफ नर्सिंग तथा भारथी कॉलेज ऑफ नर्सिंग के द्वारा विश्व नर्सिंग दिवस तथा लैम्प लाइटनिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राँची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ0 अजीत कुमार सिन्हा, संस्थान की अध्यक्ष महोदया श्रीमति छवि सिन्हा, सचिव नितिन पराशर तथा शैक्षणिक सचिव श्रीमति दीपाली पराशर उपस्थित थी। डॉ0 अजीत कुमार सिन्हा ने छात्रों की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए अपने कर्त्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करने का संदेश दिया तथा देश का भविष्य युवाओं पर आश्रित है और इसे संजोकर रखने की जरूरत है। सचिव नितिन पराशर ने कहा कि जिन्दगी भर बीमार और रोगियों की सेवा करने वाली फ्लोरेंस के संघर्ष के कारण आज अस्पतालों मे नर्सो को सम्मानित दर्जा देने के साथ-साथ इस बात पर विश्वास किया जाता है कि रोगी केवल दवाओं से ठीक नहीं होता बल्कि दवाओं से ज्यादा देखभाल की जरूरत होती है। शैक्षणिक सचिव दीपाली पराशर ने कहा कि त्याग व समपर्ण की भावना से लिप्त नर्स हमारा भविष्य है। पूरा जीवन दूसरे की सेवा में समर्पित कर देती है। सरकार ने भी नर्सिंग ऑफिसर का दर्जा देकर उनको सम्मानजनक स्थान देने का प्रयास किया। नर्सिंग प्राचार्या श्रीमति निहारिका श्रीवास्तव ने शपथ दिलाते हुए कहा कि किसी मरीज को ठीक करने मे जितना योगदान एक डॉक्टर का होता है उतना ही योगदान एक नर्स का भी होता है। मेडिकल सेक्टर के नर्स की अपनी अलग अहमियत है। डीन डॉ0 उपेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि कोरोना महामारी में नर्सेस के महत्व को समझा गया कि समाज को उनकी कितनी जरूरत है। विभागाध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि आदिवासी बहुल इलाके में स्थापित यह नर्सिंग संस्थान भविष्य में मील का पत्थर साबित होगा। प्रशिक्षु नर्सेस को न केवल शैक्षणिक ज्ञान दिया जाता है बल्कि जीवन मे अपने कर्तव्यों व अनुशासन के निर्वहन की पूरी शिक्षा दी जाती है। कार्यक्रम मे संगीत, नृत्य, नाटक इत्यादि का भी सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम मे राँची के लगभग सभी हॉस्पिटल जैसे रिनपास, सीआईपी, सदर, रिंची, रानी, सैमफोर्ड, हेल्थ प्वाईट, कम्यूनिटी हेल्थ सेंटर तथा रेफरल हॉस्पिटल के प्रबंधक, डॉक्टर व नर्सेस भी उपस्थित थे। उन्हें संस्थान की ओर से सम्मानित किया गया प्रशिक्षु नर्स के अभिभावक भी उत्साहपूर्वक इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए उन्हें भी पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम में व्याख्याता ए0के0 सिंह, श्रीमति निहारिका श्रीवास्तव, राकेश राय, विवेक राज जयसवाल, रोहिणी कुमारी, ऐन्जेला गाडी, प्रतिमा कुजूर, अदिति ज्योति डहँगा, दिपा कोडियार, क्रिस्टिना किस्कू, सुषमा कुमारी, एमडी अफरोज, पुनम मिंज, अराधना जैकब सुरेश, अर्पणा कुमारी, कर्मचारी एस0एन0 सहाय, तुलसी दास, पंकज शर्मा, चन्दन झा, गिरीवर कुमार, शशिभूषण जयसवाल, अमन कुमार, नितेश गुप्ता, ए0के0 सिन्हा, पुनम छेत्री, हेमलता कनोजिया, जविता माधुरी एक्का, ईमरोज़, सलमान, महेन्द्र, नरेन्द्र, सुरेन्द्र आदि उपस्थित थे। मंच का संचालन दिपा कोडियार एवं क्रिस्टिना किस्कू के द्वारा किया गया।

# टाटीसिल्वे में भाजपा के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन



**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** 12 मई 2024 को भाजपा टाटीसिलवे मंडल के द्वारा दिन रविवार को समय शाम 04ः00 बजे टाटीसिलवे मंडल के द्वारा लोक सभा 2024 हेतु चुनाव कार्यालय टाटीसिलवे चौक बैक आप इण्डिया के पास कार्यालय का उद्घाटन पूर्व सांसद राम टहल चौधरी,पूर्व विधायक राम कुमार पाहन, जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो के द्वारा फीता काटकर व नारियल फोड़ कर किया गया। अतिथियो ने कहा की मोदी जी द्वारा किए गए कार्यो की उपलबद्धि को जन जन तक पहुँचाकर लोगों को भाजपा के पक्ष में मतदान की लिए प्रेरित करना हैं।इस कार्यक्रम के मुख्य रूप से पूर्व सांसद राम टहल चौधरी,पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो,खिजरी विधान सभा प्रभारी नसीब लाल महतो,मंडल प्रभारी मनोज चौधरी,अमर चौधरी,मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो,महामंत्री अमित मिश्रा,प्रमुख अनुपमा देवी,उप प्रमुख वीणा देवी,मुखिया नूतन पाहन, कृष्णा पाहन, विनोद अग्रवाल,राजन साहू,गिरिधर मिश्र,महेंद्र महतो,राजेश मिश्रा,कर्नल बी के सिंह,के डी शर्मा,रामचरण पाहन,बृजेश सिंह,अरविंद सिंह,विजय कुमार महतो,श्रीदाम सिंह मुंडा,जितेंद्र सिंह,बीरबल बैठा,राजू नायक,शयनाथ महतो,पुनीत गोयल,माधुरी देवी,रंथु नायक,धनंजय पांडे, सरयूग प्रसाद,रूसु महतो इत्यादि गण मान्य लोग उपस्थित थे।

## कार्यालय उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, राँची, झारखण्ड

(जिला शस्त्र शाखा)

### आदेश

लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर स्वच्छ, शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं स्वतंत्र निर्वाचन संपन्न कराने हेतु रांची जिला के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को अपने शस्त्रों को थाना / ओ0पी0 अथवा शस्त्र एवं कारतूस विक्रेता दुकान में जमा कराने के लिये इस कार्यालय के आदेश ज्ञापांक 203 / शस्त्र दिनांक 08.04.2024, ज्ञापांक 204 / शस्त्र दिनांक 12.04.2024 एवं ज्ञापांक 540 / शस्त्र दिनांक 15.04.2024 के द्वारा प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचित किया जा चुका है।

वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची ने अपने विभिन्न पत्रों द्वारा सूचित किया है कि निम्न् अनुज्ञप्तिधारियों के द्वारा अबतक अपने अनुज्ञप्ति पर धारित शस्त्र को जमा नहीं किया गया है। अतः उनके विरूद्ध विधि सम्मत् कार्रवाई करने की अनुशंसा की गई है। जिसके आलोक पूर्व में व्यक्तिगत पत्र के माध्यम से स्पष्टीकरण की माँग की गई है जो अबतक अप्राप्त है।

एतद् द्वारा निम्न् सभी अनुज्ञप्तिधारियों को सूचित किया जाता है कि यथाशीघ्र अपना स्पष्टीकरण अधोहस्ताक्षरी को समर्पित करें कि उक्त कृत्य के लिए क्यों नहीं आपके अनुज्ञप्ति को शस्त्र अधिनियम, 1959 की धारा – 17 के अन्तर्गत रद्द करने तथा धारित शस्त्र को जब्त करते हुए भा0द0वि0 की धारा – 188 के अन्तर्गत आपके विरूद्ध कार्रवाई आरंभ की जाए।

| SL. NO. | NAME AND FATHER'S NAME | ADDRESS | POLICE STATION | LICENCE NUMBER |
|---|---|---|---|---|
| 1 | GAMA SINGHLATE KARNAIL SINGH | KRISHNA NAGAR, ALKAPURI, RATU ROAD,RANCHI RANCHI | SUKHDEV NAGAR PS | 18/2006/PS SUKHDEO NAGAR |
| 2 | GAMA SINGH LATE KARNAIL SINGH | KRISHNA NAGAR, ALKAPURI, RATU ROAD,RANCHI RANCHI | SUKHDEV NAGAR PS | 07/2010/PS SUKHDEO NAGAR |
| 3 | GANESH PRASAD GUPTA LATE GOVERDHAN PD. GUPTA | IRGU TOLI KISHORGANJ RANCHI JHARKHAND | SUKHDEV NAGAR PS | 213/1991/RA NCHI |
| 4 | GHULAM RABBANI LATE JAN MOHAMMAD | KUMHARTOLI, PAHARI TOLA, RANCHI JHARKHAND | SUKHDEV NAGAR PS | I-4525/RANCHI |
| 5 | GOPAL PRASAD PODDAR ATMA RAM PODDAR | 16, RATU ROAD NEAR AKASWANI HOTEL, RANCHI JHARKHAND | SUKHDEV NAGAR PS | I-7148/1986/RANCHI |
| 6 | HARENDRA KUMAR SINGH LATE RAJESHWAR SINGH | 21, NILANCHAL KOTHI COMPOUND, PISKA MORE, RATU ROAD, | SUKHDEV NAGAR PS | I-8044/1992/RANCHI |
| 7 | HARI SHANKAR SINGH LATE SAHDEO SINGH | STAFF SBI COLONY, PISKA MORE, RATU ROAD, RANCHI | SUKHDEV NAGAR PS | 15/1997/RANCHI |
| 8 | HARISH CHANDRA SHARMA LATE MULKHARAJ SHARMA | SUKHDEO NAGAR, RATU ROAD, RANCHI JHARKHAND | SUKHDEV NAGAR PS | I-7079/1985/RANCHI |
| 9 | HIRALAL BARAIK LATE BALDEV BARAIK | SHAMSING TOLI, PO-HEHAL, RANCHI | SUKHDEV NAGAR PS | 1539/2000/SA DAR/RANCHI |
| 10 | IFTEKHAR RASUL KHAN LATE G.R. KHAN | 15 HILL SIDE NEAR RANCHI HILL, RANCHI JHARKHAND | SUKHDEV NAGAR PS | I-2801/RANCHI |
| 11 | JAY PRAKASH SINGH DIP NARAYAN SINGH | PRATAP BHAWAN INDRAPURI ROAD NO-1, PO-HEHAL RANCHI | SUKHDEV NAGAR PS | 37/2005/RANCHI |
| 12 | JITENDRA PRASAD CHHEDI MAHTO | AT-LAXMI NAGAR, PISKA MORE, RANCHI JHARKHAND | SUKHDEV NAGAR PS | VII-408/1992/PS BURMU/RANCHI |
| 13 | JOKHU PRASAD LATE GOSAI SAHU | MAHUATOLI, MADHUKAM, RATU ROAD, RANCHI | SUKHDEV NAGAR PS | 636/1993/SA DAR/RANCHI |
| 14 | KAMESHWAR SINGH LATE PARAS SINGH | KISHORGANJ RANCHI JHARKHAND | SUKHDEV NAGAR PS | 158/1993/RANCHI |
| 15 | KHAWAJA SAMIUDDIN KHAWAJA QAMRUDDIN | K. NIWAS IRGU ROAD, GARIKHANA, RANCHI JHARKHAND | SUKHDEV NAGAR PS | I-8041/1992/RANCHI |
| 16 | KRISHNA DEO MODI CHHOTU MODI | VIDYANAGAR HARMU ROAD NO-3, SUKHDEO NAGAR,RANCHI RANCHI | SUKHDEV NAGAR PS | 01/2010/PS SUKHDEO NAGAR |
| 17 | KRISHNA KUMAR MURARKA LATE SHIV CHAND RAI MURARKA | SATI MANDIR LANE, NEAR MINAKSHI MANDIR RANCHI JHARKHAND | SUKHDEV NAGAR PS | 01/2004/PS KOTWALI/RANCHI |
| 18 | KRISHNA KUMAR MURARKA LATE SHIV CHAND RAI MURARKA | SATI MANDIR LANE, NEAR MINAKSHI MANDIR RANCHI JHARKHAND | SUKHDEV NAGAR PS | 04/1997/PS KOTWALI/RANCHI |
| 19 | KRISHNA KUMAR MURARKA LATE SHIV CHAND RAI MURARKA | SATI MANDIR LANE, NEAR MINAKSHI MANDIR RANCHI JHARKHAND | SUKHDEV NAGAR PS | 10/1999/PS KOTWALI/RANCHI |
| 20 | KRISHNA MOHAN PANDEY MATUK NATH PANDEY | 47, STATE BANK COLONY, HESAL RATU ROAD RANCHI | SUKHDEV NAGAR PS | I-6702/1982/RANCHI |
| 21 | LAL BAHADUR SINGH JANKI SINGH | HEHAL, RANCHI JHARKHAND | SUKHDEV NAGAR PS | I-6654/RANCHI |
| 22 | LAL CHINTAMANI NATH SHAHDEO LATE LAL GIRWAR NATH SHAHDEO | GIRWAR BHAWAN, SUKHDEO NAGAR, RATU ROAD, RANCHI | SUKHDEV NAGAR PS | XIV-83/1982/PS GHAGHRA/RANCHI |
| 23 | LAL GOPESHWAR NATH SHAHDEO LATE LAL MAHESHWAR NATH SHAHDEO | HEHAL BUNGLOW, ITKI ROAD, PO-HEHAL, RANCHI JHARKHAND | SUKHDEV NAGAR PS | I-6669/RANCHI |
| 24 | LALA TIGGA LATE LOTHEYA TIGGA | TIGGA NIWAS TANGRA TOLI, PISKA MORE, RANCHI JHARKHAND | SUKHDEV NAGAR PS | 01/2004/PS ITKI/RANCHI |
| 25 | LALAN KUMAR SINGH RAJENDRA PD. SINGH | RATU ROAD DURGA MANDIR AWAS NO C-54, RANCHI JHARKHAND | SUKHDEV NAGAR PS | 63/1990/SAD AR/RANCHI |
| 26 | M ISHAQUE ANSARI LATE S.K. IMAM ALI | PAHARI TOLA, QURBAN ALI LANE, RANCHI JHARKHAND | SUKHDEV NAGAR PS | I-3522/RANCHI |
| 27 | MAHESH SHARMA RAMASHISH SHARMA | SHIVPURI, SUKHDEO NAGAR, RANCHI JHARKHAND | SUKHDEV NAGAR PS | 52/1999/RAN CHI |
| 28 | MANIKANT VIJAY KUMAR KINDO LATE BUDHRAM KINDO | INDRAPURI ROAD NO-6, PO-HEHAL, RANCHI JHARKHAND | SUKHDEV NAGAR PS | 777/85/RANC HI |
| 29 | MD JUNAID SHAFIQUE LATE MD SAFIQUE | 48, PAHARI TOLA, IRGU ROAD RANCHI JHARKHAND | SUKHDEV NAGAR PS | 01/2014/PS SUKHDEO NAGAR |
| 30 | MD SALIM L. MOAZZAM ALI | PAHARITOLA QURBAN ALI LANE RANCHI JHARKHAND | SUKHDEV NAGAR PS | I-3727/RANCHI |
| 31 | MOHAR MAHTO DILU MAHTO | SUNDAR NAGAR, PO- HEHAL, ITKI ROAD, RANCHI JHARKHAND | SUKHDEV NAGAR PS | 268/2012/RA NCHI |
| 32 | MRITUNJAY KUMAR VERMA G N VERMA | VIMLA SADAN KISHORGANJ ROAD NO 1 RANCHI RANCHI | SUKHDEV NAGAR PS | 6171/RANCHI |
| 33 | MRITUNJAY KUMAR VERMA LATE G.N. VERMA | BIMAL SADAN, KISHORGANJ, RANCHI JHARKHAND | SUKHDEV NAGAR PS | I-6171/RANCHI |
| 34 | N. K. DUBEY LATE DWARIKADHIS DUBEY | DEVI MANDAP ROAD, SAROVAR NAGAR, PO- HEHAL, RANCHI | SUKHDEV NAGAR PS | 82/1997/RAN CHI |
| 35 | NAGESHWAR MAHTO LATE DUKHAN MAHTO | ST MICHAEL KIDS SCHOOL CAMPUS HEHAL, RANCHI | SUKHDEV NAGAR PS | 01/2006/PS CHANHO/RANCHI |
| 36 | NAGESHWAR MAHTO LATE DUKHAN MAHTO | ST MICHAEL KIDS SCHOOL CAMPUS HEHAL, RANCHI | SUKHDEV NAGAR PS | 02/2006/PS CHANHO/RANCHI |
| 37 | NAGESHWAR PANDEY LATE RAM BRIKSH PANDEY | SHEOPURI, KANKE ROAD, RANCHI JHARKHAND | SUKHDEV NAGAR PS | I-6552/RANCHI |
| 38 | NARENDRESHWAR BUX RAILATE NAGESHWAR BUX RAI | SARVESHWARI NIKETAN, INDRAPURIMARG-2, RATU ROAD, | SUKHDEV NAGAR PS | 452/PAGE81/SADAR/R ANCHI |
| 39 | NARINDAR SINGH KARTAR SINGH | BANK COLONY ROAD RATU ROAD HEHAL, RANCHI JHARKHAND | SUKHDEV NAGAR PS | 11/2005/PS SUKHDEO NAGAR |
| 40 | NAVNIT KUMAR KEDARNATH SINGH | Q.NO.-C/21, RATU ROAD, RANCHI JHARKHAND | SUKHDEV NAGAR PS | 03/2005/RAN CHI |
| 41 | NIRMAL KUMAR DR. DAROGI SINGH | SUKHDEO NAGAR RATU ROAD RANCHI JHARKHAND | SUKHDEV NAGAR PS | I-7942/1992/RANCHI |
| 42 | PRABHAT KUMAR NAYEK LATE SRI RAMESHWAR NAYEK | WESTERD PARK, RATU ROAD, PO-HEHAL, RANCHI RANCHI | SUKHDEV NAGAR PS | I-7989/1992/RANCHI |
| 43 | PRABHAT KUMAR SINHA LATE GIRIJA SHANKER SAHAI | INDRAPURI-5, RATU ROAD, PO-HEHAL, RANCHI RANCHI | SUKHDEV NAGAR PS | 14/2006/PS SUKHDEO NAGAR |
| 44 | PRADEEP KUMAR SINGH LATE AKIL PRASAD SINGH | INDRAPURI ROAD NO-1, RATU ROAD, RANCHI RANCHI JHARKHAND | SUKHDEV NAGAR PS | I-7825/RANCHI |
| 45 | PRAFULLA KUMAR SINGH KAMTA PRASAD SINGH | DWARIKA SADAN INDRAPURI ROAD NO-1 RATU ROAD, RANCHI | SUKHDEV NAGAR PS | 337/1991/SA DAR/RANCHI |
| 46 | PRAJAPATI TARAKANT PUSP B. KUMBHKAR | IRGU ROAD PAHARI TOLA, RANCHI JHARKHAND | SUKHDEV NAGAR PS | I-5007/RANCHI |
| 47 | PRAMOD KUMAR SRIVASTAVA LATE JAGDISH LAL | INDERPURI ROAD NO 10 PO HEHAL RANCHI JHARKHAND | SUKHDEV NAGAR PS | 6583/RANCHI |
| 48 | PRANAB KUMAR GOSWAMI LATE SRISTI DHAR GOSWAMI | SUKHDEO NAGAR, RATU ROAD, RANCHI JHARKHAND | SUKHDEV NAGAR PS | I-8596/1973/RANCHI |
| 49 | PRANAB KUMAR GOSWAMI LATE SRISTHIDHAR GOSWAMI | SUKHDEO NAGAR, RATU ROAD, RANCHI JHARKHAND | SUKHDEV NAGAR PS | I-5096/RANCHI |
| 50 | PRAYAG MAHTO LATE RAM AVTAR MAHTO | DEVI MANDAP ROAD, HESAL, RANCHI JHARKHAND | SUKHDEV NAGAR PS | II-494/PS LOHARDAGA/RANCHI |
| 51 | PRITHVI RAJ KRISHNA KUMAR SINGH | VILL-HESAL, PO-HEHAL, RANCHI JHARKHAND | SUKHDEV NAGAR PS | 02/1998/PS SUKHDEO NAGAR |
| 52 | PUSHPAVANT LATE JAYKANT SHARMA | AKASHWANI COLONY, RATU ROAD, RANCHI JHARKHAND | SUKHDEV NAGAR PS | 03/2003/PS SUKHDEO NAGAR |
| 53 | RABINDRA PRASAD SINGH LATE RAJENDRA PRASAD SINGH | OPP KABRISTAN RATU ROAD, RANCHI JHARKHAND | SUKHDEV NAGAR PS | 54/1999/RAN CHI |
| 54 | RAHUL KUMAR SINGH SUNIL KUMAR SINGH | SUDHA NIKETAN, SHIVAJI PARK, HEHAL, RATU ROAD, RANCHI | SUKHDEV NAGAR PS | 08/2011/PS SUKHDEO NAGAR |
| 55 | RAHUL KUMAR SINGH SUNIL KUMAR SINGH | SUDHA NIKETAN, SHIVAJI PARK, HEHAL, RATU ROAD, RANCHI | SUKHDEV NAGAR PS | 01/2013/PANDRA OP/RANCHI |
| 56 | RAJ KISHOR SINGH LATE BRAJ NANDAN SINGH | FLAT NO-B-4, ANURAG PALACE, BLOCK-A, ROAD NO-1, | SUKHDEV NAGAR PS | 112/2008/RA NCHI |
| 57 | RAJENDRA PRASAD SAHU LATE MOTI LAL SAHU | SHIV DURGA MANDIR LANE, RATU ROAD, RANCHI RANCHI | SUKHDEV NAGAR PS | I-7626/1990/RANCHI |
| 58 | RAJESH CHANDRA GUPTA LATE SURESH CHANDRA GUPTA | SUKHDEO NAGAR, RATU ROAD RANCHI JHARKHAND | SUKHDEV NAGAR PS | I-7874/RANCHI |
| 59 | RAM NANDAN PASWAN LATE PAHALOO PASWAN | NILANCHAL COMPOUND, RATU ROAD, SHARDA BATTERY LANE, RANCHI | SUKHDEV NAGAR PS | I-5179/RANCHI |
| 60 | RAM PRIYA SHARMA MITHILA SHARMA | PATNAYAK FLAT, NEAR HESAL POND, DEVI MANDAP ROAD, RATU | SUKHDEV NAGAR PS | 151/2011/RA NCHI |
| 61 | RAMDEEP SINGH LATE RAMUGARH SINGH | SAHDEO NAGAR RANCHI JHARKHAND | SUKHDEV NAGAR PS | 02/2008/PS KOTWALI/RANCHI |
| 62 | RAMDEEP SINGH LATE RAMUGARH SINGH | SAHDEO NAGAR RANCHI JHARKHAND | SUKHDEV NAGAR PS | 54/2004/RAN CHI |
| 63 | RAMESHWAR SINGH SITARAM SINGH | LICHIBAGAN, RATU ROAD RANCHI JHARKHAND | SUKHDEV NAGAR PS | I-3964/SADAR PS/RANCHI |
| 64 | RAMESHWAR SINGH LATE RAMBILASH SINGH | DEVI MANDAP ROAD, HESAL, RATU ROAD, RANCHI JHARKHAND | SUKHDEV NAGAR PS | I-8026/1992/RANCHI |
| 65 | RAMESHWAR SINGH SITARAM SINGH | LICHIBAGAN, RATU ROAD RANCHI JHARKHAND | SUKHDEV NAGAR PS | I-4984/RANCHI |
| 66 | RAVI PRASHAR LATE GOPAL K. PRASHAR | ALKAPURI RATU ROAD, RANCHI RANCHI JHARKHAND | SUKHDEV NAGAR PS | I-7604/RANCHI |
| 67 | RITESH RANJAN SINGH LATE MANORANJAN SINGH | ARYAPURI RATU ROAD RANCHI JHARKHAND | SUKHDEV NAGAR PS | 06/1999/PS SUKHDEVNAGAR |
| 68 | S. N. SINGH RAM SAKAL SINGH | I-CA, B BLOCK, GANGAJAL APPT. NEAR SAI HOSPITAL, RATU | SUKHDEV NAGAR PS | 67/2004/RAN CHI |
| 69 | SAMBHU LAL BARNWAL BISHNU MODI | VIDYA NAGAR, HARMU ROAD NO-3, SUKHDEO NAGAR, RANCHI | SUKHDEV NAGAR PS | 02/2010/PS SUKHDEO NAGAR |
| 70 | SANTOSH KUMAR PRADHAN GANESH PRADHAN | LAXMI NAGAR, PISKA MORE, RATU ROAD, RANCHI JHARKHAND | SUKHDEV NAGAR PS | 07/2004/PS SUKHDEO NAGAR |
| 71 | SANJAY KUMAR SINGH PRAFULLA KUMAR SINGH | C/O L.C.N. SAHDEO, INDRAPURI MARG NO-1, RATU ROAD, RANCHI | SUKHDEV NAGAR PS | I-7301/RANCHI |

प्रभारी उप समाहर्ता,
जिला शस्त्र शाखा, रांची

PR 324731 Ranchi (24-25)_D


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# सिंहभूम लोकसभा सीट पर मतदान आज

- 14,47,562 मतदाता करेंगे 14 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला
- मतदान सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगा




प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** सिंहभूम लोकसभा सीट के लिए सोमवार को मतदान होगा जिसको लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। जिला प्रशासन की ओर से मतदानकर्मियों का प्रशिक्षण देकर हर बूथ में एवीएम मशीन के साथ रवाना कर दिया गया है। क्षेत्र के विभिन्न बूथों पर भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदानकर्मियों का पहुंचना शुरू हो गया है। प्रत्येक बूथ में सुरक्षा को लेकर पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है। शांतिपूर्ण ढंग से मतदान हो इसको लेकर हेल्प केंद्र भी बनाया गया है। जिले में कंट्रेल सेंटर के तहत पूरी जिले की निगरानी रखी गई है। सिंहभूम लोकसभा के अंतर्गत सरायकेला व पश्चिम सिंहभूम जिला आता है जिसके कारण दोनों जिलों के उपायुक्त व एसपी की मॉनिटरिंग होगी। सिंहभूम लोकसभा में दो दिग्गजों के बीच कांटे की टक्कर है। इसमें राज्य सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री जोबा माझी व पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की पत्नी सह निवर्तमान सांसद गीता कोड़ा शामिल है। हालांकि संसदीय सीट से कुल 14 प्रत्याशी अपनी किस्मत अजमा रहे है। सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र में कुल 14,47, 562 मतदाता अपना मत डालेंगे। इसमे 711336 पुरुष, 735923 महिला, 33 थर्ड जेंडर, 19474 पीडब्ल्यूडी, 85 उम्र के ऊपर के 4939 तथा 61826 युवा मतदाता सभी 14 प्रत्याशियों के भविष्य पर अपना मुहर लगाएंगे। सरायकेला में काशी साहू कॉलेज में निगरानी केंद्र बनाया गया है। मतदान सोमवार को प्रातः सात बजे से आरंभ होगी जो दोपहर तीन बजे तक होगी।पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था व प्रत्येक बूथ में दंडाधिकारी की नियुक्ति कर दी गई है।

## गम्हरिया में तीन दिवसीय भोक्ता पूजा आरंभ




**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बड़ा गम्हरिया में तीन दिवसीय भोक्ता पूजा का रविवार को शुभारंभ हुआ। शिव भक्त समिति की ओर से आयोजित इस पूजनोत्सव के दौरान कुल 183 भोक्ताओं (श्रद्धालु) ने व्रत रखते हुए स्थानीय शिव बांध में स्नान कर विधिवत पूजा अर्चना व संकल्प लेकर करीब एक किलोमीटर दंडवत (दंडी) प्रणाम करते हुए बड़ा गम्हरिया के बांकापाड़ा स्थित शिव मंदिर पहुंचे। इस दौरान रास्ते भर सैकड़ों लोगों ने सड़क की सफाई कर पानी छिड़काव कर भोक्ताओं की सेवा किया। मन्दिर पहुंचकर भोक्ताओं ने भक्तिभाव से पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना किया। इस वर्ष सबसे कम उम्र के भोक्ता 13 वर्षीय बालक बलराम सिंह रहा जबकि सबसे अधिक उम्र के भोक्ता 71 वर्षीय मनोरंजन बेज रहे। इस मौके पर समिति द्वारा रात्रि में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। बताया गया है कि इस पूजनोत्सव के दौरान तीन दिनों तक मन्दिर में विभिन्न प्रकार के धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाएगा। इसके आयोजन में मुख्य पुजारी गणेश मुखर्जी, सोमनाथ मुखर्जी, तपन चौधरी, प्रेमचंद्र दास, बादल दास, मनोरंजन बेज, किशोर बेज, मोहित दास, गणेश मुखर्जी आदि का योगदान रहा।

## लाल पलाश वार्षिक पत्रिका का हुआ भव्य लोकार्पण, मनाया गया स्थापना दिवस



**तिरलडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड से सटे बाघमुंडी थाना अंतर्गत आनमोना लॉज में बंगला वार्षिक पत्रिका लाल पलाश का तृतीय वार्षिक स्थापना दिवस मनाया गया । कार्यक्रम का उद्घाटन राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित पर्यावरण प्रेमी दुखु सिंह मुंडा, सेवा निवरित्त प्राचार्य गिरिधारी साव के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवम रविंद्र नाथ टोगोर और स्वामी विवेकानन्द के फोटो पर पुष्पांजलि देकर किया गया। इस अवसर पर विभिन्न संस्कृति संगीत, नाट्यकला तथा उपस्थित बुद्धिजीवीयों,सहभागियों का स्वागत अंगवस्त्र देकर किया गया। मौके पर उपस्थित बुद्धिजीवियों के द्वारा पत्रिका को जन जन तक पहुंचाने हेतु विशेष निर्णय लिया गया और पत्रिका से हमारे समाज को होने वाले फायदा को बताया गया।लाल पलाश वार्षिक पत्रिका के मुख्य संपादक तापस कुइरी ने अपने पत्रिका लाल पलाश के तीन वर्ष पूरा होने पर सभी का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा की ये पत्रिका में आप सबका सहयोग अहम है। मौके पर क्षेत्र के बुद्धिजीवीगण,सरायकेला प्रेस क्लब के सदस्यगण, एआईएसएमजेडबल्यूए के सेक्रेटरी तथा संगीत एवं नाट्य कलाकार उपस्थित थे।

## खड़ी ट्रेलर को अनियंत्रित बाइक ने मारी टक्कर, घायल



**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला कांड्रा मुख्य सड़क पर सीनी मोड के निकट एक बाइक अनियंत्रित होकर खड़ी ट्रेलर में ठोकर मार दिया जिससे बाईक सवार युवक बुरी तरह घायल हो गया। घायल युवक की पहचान सीनी के गोठनटांड निवासी रूपक सतपथी 32 वर्ष के रूप में हुई। घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार रूपक अपनी बाईक से कहीं जा रहा था तो सीनी मोड के समीप खड़ी वाहन में ठोकर मार दिया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया जहां उससे इलाज हेतु सरायकेला सदर अस्पताल लाया गया जहां बेहतर इलाज हेतु एमजीएम रेफर कर दिया गया।

## एमजीएम अस्पताल में भर्ती मरीज गायब, परिजनों ने पुलिस से की शिकायत

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** साकची स्थित एमजीएम अस्पताल में भर्ती मरीज सोमा लोहार अचानक कहीं गायब हो गया है. सोमा लोहार 9 मई को एमजीएम अस्पताल में भर्ती हुआ था. जब परिजन अस्पताल पहुंचे तो देखा कि सोमा लोहार अस्पताल से गायब है. परिजनों ने साकची थाने में सूचना दे दी है. परिजनों ने एसएसपी से भी गुहार लगाई है. परिजनों का कहना है कि उन्होंने सीसीटीवी देखा है. सोमा लोहार अपना सामान लेकर अस्पताल से बाहर जाते दिखाई दे रहे हैं. उनका कुछ पता नहीं चल रहा है. परिजनों ने रिश्तेदारों के यहां भी तलाश की. मगर, कहीं कुछ पता नहीं चला. पुलिस मामले की जांच कर रही है।



## आंधी तूफान से घर का टीना व जलमीनार में लगे सोलर प्लेट उड़ा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** पटमदा व बोड़ाम थाना क्षेत्र में शनिवार की देर शाम बारिश के साथ जोरदार आंधी तूफान होने से कोयरा गांव के स्कूल में लगे जलमीनार का सोलर प्लेट व डांगरडीह गांव के हाराधन कुंभकार का टीना का छावनी को उड़ा कर ले गए है। घर का छावनी को पुरी तरह क्षतिग्रस्त हो जाने से हाराधन के परिवार के सामने रहने के लिए अब विकट स्थिति उत्पन्न हो गई है। इसकी जानकारी हाराधन ने पंचायत के मुखिया अजब सिंह को देते हुए मदद की गुहार लगाई है। उन्हें अबतक पीएम आवास योजना का लाभ भी नही मिला है। क्षेत्र में बारिश के साथ बिजली की गड़गड़ाहट भी खूब हुई हैं। जिससे किसी तरह नुकसान होने की सूचना नही मिली हैं। इधर पटमदा के आगुईडांगरा गांव के सूर्यकांत दास के घर का दीवार गिरी है। जिससे परिवार के लोग बाल बाल बच गए है। जोड़सा गांव के किसान नवीन कुंभकार के खलिहान में रखे पुआल की ढेर को भी आंधी तूफान से उड़ाकर ले गए है। जिससे उनको हजारों रूपए की नुकसान पहुंची है।

## ग्राम प्रधान संघ ने मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को लोवाडीह में सौंपा पांच सूत्री ज्ञापन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** ग्राम प्रधान संघ पटमदा की ओर से रविवार को संघ के प्रखंड अध्यक्ष बृंदावन दास व प्रखंड सचिव मृत्युंजय महतो के नेतृत्व में पहुंचे ग्राम प्रधानों ने मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के हाथों में पांच सूत्री ज्ञापन सौंपा है। मुख्यमंत्री लोवाडीह मैंदान में महागठबंधन प्रत्याशी समीर कुमार मोहंती के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करने पहुंचे थे। बृंदावन दास ने बताया कि ज्ञापन में प्रत्येक ग्राम प्रधान, घाटवाल, एवं ताबेदार को मोटरसाइकिल, एवं अबुआ आवास योजना की लाभ दिया जाय, ग्राम सभा को पूर्ण रूप से लागू करने की व्यवस्था करने, ग्राम प्रधानों का मानदेय एक हजार से छह हजार रुपये किया जाय, जल जंगल , जमीन की रक्षा हेतु ग्राम प्रधान, घाटवाल एवं ताबेदारो को पूर्ण दायित्व के साथ साथ रेंट शुल्क लेने की अधिकार दिया जाय तथा पहले की भांति ग्राम प्रधानों को फंड उपलब्ध कराने की व्यवस्था हो, ताकि गांव के छोटे छोटे कामों का क्रियान्वयन किया जा सके। इस दौरान कई ग्राम प्रधान मौजूद थे।

## जुगसलाई का पटाखा कारोबारी लोचन ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमशेदपुर :** जमशेदपुर के जुगसलाई थानान्तर्गत बाटा चौक के रहने वाले पटाखा कारोबारी 36 वर्षीय लोचन मेगोतिया ने अपने आवासीय कार्यालय में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है. उनका शव कार्यालय में रस्सी के सहारे फंदे से झूलता पाया गया है. लोचन मेगोतिया द्वारा आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं है.बताया जाता है कि वे अपने कारोबार को लेकर डिप्रेशन में थे. खासकर पिछले दो-तीन दिनों से काफी परेशान थे. फिलहाल पुलिस ने इस सम्बंध में एक अस्वभाविक मौत का मामला दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम कराया. शाम करीब पांच बजे लोचन का शिवघाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया. उनके अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुये.जानकारी हो कि बाटा चौक पर स्थित आवासीय बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर पर उनकी पटाखे की दुकान है. पहले तल्ले पर ऑफिस और दूसरे तल्ले पर उनका आवासा है।

## चुनाव के लिए गेल ने जिला प्रशासन को सौंपा 101 व्हीलचेयर

प्रभात मंत्र संवाददाता




**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम में शहरी गैस वितरण करने वाली कंपनी गेल ने आज अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत जिला उपायुक्त को चुनाव हेतु दिव्यांग जन के प्रयोग के लिए 101 व्हीलचेयर दिया। इस दौरान अमित उप महाप्रबंधक एवम शिबान अख्तर द्वारा एसडीओ घाटशिला के कार्यालय में प्रशासन को सौंपा। गेल के प्रभारी अधिकारी तथा महाप्रबंधक गौरी शंकर मिश्रा ने बताया कि गेल के द्वारा पूर्वी सिंहभूम जिले में 14 सीएनजी स्टेशन कार्यरत हैं जिसमें 6000 से अधिक वाहन सीएनजी पर चल रहे हैं। इसके अलावा लगभग 4000 घरों और 13 होटल में पीएनजी गैस का प्रयोग हो रहा है। साथ ही शहर में पीएनजी और सीएनजी के नेटवर्क और स्टेशन का तेजी से निर्माण हो रहा है। गेल के द्वारा शहरी गैस वितरण परियोजना द्वारा सुरक्षित,सस्ती ,सुलभ पर्यावरण मित्र पीएनजी तथा सीएनजी का लाभ शहर को दिया जा रहा है। कहा गेल प्रशासन के द्वारा चुनाव हेतु दिव्यांग जनों की सुविधा के लिए व्हीलचेयर उपलब्ध कराना एक सौभाग्य की बात है। उन्होंने जिला प्रशासन को धन्यवाद देते हुए सफल चुनाव के लिए शुभकामनाएं दी।

## मदर्स डे पर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमशेदपुर :** रविवार को मदर्स डे के अवसर पर शांति समिति आस्था वैली एवं ब्रह्मानंद नारायणा हॉस्पिटल जमशेदपुर के संयुक्त तत्वावधान में एक मेगा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें डॉक्टर शुभाशीष डे एवं डॉ मुकेश पटवारी ने 100 से ज्यादा लोगों की निशुल्क ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, वजन, ईसीजी, बीएमआई एवं डेंटल चेक अप जांच किया गया। इससे पहले शिविर का उद्घाटन समाजसेवी के एम सिंह, अरुण सिन्हा, मंटू राय, राजेश श्रीवास्तव, अजय, अश्विनी, शुभरोजीत आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर के एम सिंह ने बताया कि ज्यादातर महिलाएं परिवार का ध्यान रखने के कारण अपने स्वास्थ्य का ध्यान नहीं रख पाती हैं। अतः इस शिविर के माध्यम से महिलाओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने का एक प्रयास किया गया है ताकि समाज के सभी लोग इसका लाभ उठा सके एवं एक स्वस्थ समाज का गठन किया जा सके।

## भाजपा कार्यकर्ताओं का जनसंपर्क अभियान तेज, बिद्युत महतो को आशीर्वाद देने की अपील की

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमशेदपुर :** लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं का जनसंपर्क अभियान तेज हो गया। जमशेदपुर लोकसभा अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में भाजपा कार्यकर्ता लगातार जनसंपर्क के माध्यम से सांसद सह भाजपा प्रत्याशी बिद्युत बरण महतो को आशीर्वाद और समर्थन देने की अपील कर रहे हैं। रविवार को जमशेदपुर पुर्वी विधानसभा अंतर्गत गोलमुरी, सीतारामडेरा समेत अन्य मंडल क्षेत्रों में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुबह-शाम सघन जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान गोलमुरी मंडल क्षेत्र अंतर्गत विजय नगर, टाटा लाइन, न्यू टाटा लाइन, रामदेव बागान, देबुन बागान एवं सीतारामडेरा मंडल के कल्याण नगर, मुंडारी बस्ती, कान्हू भट्ठा, आदर्श नगर समेत अन्य क्षेत्रों में पदयात्रा कर बुजुर्ग, युवा, महिलाओं, छात्राओं, दुकानदारों, मजदूरों के साथ समाज के अन्य वर्गों से मुलाक़ात कर आसन्न लोकसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में समर्थन देने एवं बिद्युत महतो को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की गयी।



पटमदा चुनावी सभा में कल्पना सोरेन को देखने पहुंचे लोगों को मिली निराशा

## टाटा स्टील ने अग्रणी भूविज्ञानी पी एन बोस को उनकी 169वीं जयंती पर नमन किया

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमशेदपुर :** टाटा स्टील ने अग्रणी भूविज्ञानी प्रमथ नाथ बोस (पीएन बोस ) को आज उनकी 169वीं जयंती पर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर डी बी सुंदरा रामम, वाइस प्रेसिडेंट, रॉ मैटेरियल्स, टाटा स्टील ने मुख्य अतिथि के रूप में तथा संजीव कुमार चौधरी, अध्यक्ष, टाटा वर्कर्स यूनियन ने विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम का आयोजन नेचुरल रिसोर्सेज डिवीजन (एनआरडी) द्वारा सेंटर फॉर एक्सीलेंस के सहयोग से किया गया था।दिन की शुरुआत सुबह श्रद्धांजलि कार्यक्रम के साथ हुई, जहां टाटा स्टील के वरिष्ठ प्रबंधन तथा कर्मचारियों ने आर्मरी ग्राउंड के पास स्थित पी एन बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। सभी स्थानों पर टाटा स्टील के कर्मचारियों के लिए डिजिटल श्रद्धांजलि की भी योजना बनाई गई थी।श्रद्धांजलि समारोह में टाटा स्टील के कॉरपोरेट सर्विसेज के वाइस प्रेसिडेंट चाणक्य चौधरी, ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट की वाइस प्रेसिडेंट, अत्रेयी सान्याल, टाटा वर्कर्स यूनियन के उपाध्यक्ष, शैलेश कुमार सिंह, टाटा वर्कर्स यूनियन के महासचिव सतीश कुमार सिंह, एनआरडी के चीफ, टाटा स्टील के अधिकारीगण और टाटा वर्कर्स यूनियन के सभी पदाधिकारीगण भी मौजूद थे। इस अवसर पर अपने संबोधन में टाटा स्टील के रॉ मैटेरियल्स के वाइस प्रेसिडेंट डीबी सुंदरा रामम ने कहा, पीएन बोस ने खानों और धातुओं के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत की नींव रखी और यह उनकी दूरदर्शिता और खोजों का ही परिणाम है कि भारत का पहला एकीकृत इस्पात संयंत्र अस्तित्व में आया।श्रद्धांजलि के बाद टाटा स्टील के नेचुरल रिसोर्सेज डिवीजन ने सेंटर फॉर एक्सीलेंस में पी एन बोस मेमोरियल व्याख्यान का भी आयोजन किया। व्याख्यान के अतिथि वक्ता भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के उप महानिदेशक (सेवानिवृत्त) प्रदीप्त तरफदार थे। व्याख्यान सत्र का विषय था भारत में लौह अयस्क और महत्वपूर्ण खनिजों के परिदृश्य पर चर्चा। सत्र में एनआरडी से 60 से अधिक व्यक्तियों ने भाग लिया। व्याख्यान सत्र के लिए धन्यवाद ज्ञापन टाटा स्टील के एनआरडी चीफ पीयूष श्रीवास्तव ने दिया। शाम को पी एन बोस जियोलॉजिकल सेंटर में नॉलेज शेयरिंग सत्र आयोजित किया गया। खनिज अन्वेषण में भूभौतिकी के अनुप्रयोग के साथ-साथ डिजिटल माइन मैपिंग और खदान निगरानी में ड्रोन के अनुप्रयोग पर विचार-विमर्श किया गया।

## पटमदा में रेल लाइन का मुद्दा संसद में मजबूती से उठाएंगे : समीर

प्रभात मंत्र संवाददाता




**पटमदा :** पटमदा के लोवाडीह में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि समीर मोहंती जनता के हक की लड़ाई में कई बार जेल जा चुके हैं और वे हिरासत के नेता हैं विरासत के नहीं इसलिए आपलोग उन्हें तीर कमान में वोट देकर दिल्ली भेजने का काम करें। ईचागढ़ विधायक सबिता महतो ने कहा कि राज्य सरकार की सर्वजन पेंशन योजना गरीब परिवारों के लिए वरदान है जबकि पहले सीमित कोटा होने की वजह से लोगों को उसका लाभ नहीं मिल पाता था। राज्य सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं का अगर उल्लेख किया जाय तो पूरा दिन लगेगा। उन्होंने कहा कि जिस तरह बहरागोड़ा के लोगों ने वोट राज्य में सर्वाधिक अंतर से रांची भेजा था आपलोग भी भारी मतों के अंतर से जिताकर समीर मोहंती को दिल्ली भेजने का काम करें।प्रत्याशी समीर मोहंती ने कहा कि पिछले 10 सालों में यहां के लोगों को भाजपा ने सिर्फ धोखा देने का काम किया है। 2014 में जो वादा किया था एक भी पूरा नहीं हुआ। 10 साल में सिर्फ 10 लाख को नौकरी मिली। उन्होंने राज्य सरकार की उपलब्धियां गिनाई और कहा कि भाजपा के 17 सालों पर महागठबंधन सरकार का ढाई साल भारी रहा। उन्होंने कहा कि पटमदा में रेल लाइन समेत महत्वपूर्ण मुद्दे को मजबूती से संसद में उठाएंगे। जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि भारतीय नहीं हारतीय जनता पार्टी है, उनके प्रत्याशी को हार का अंदेशा हो गया है। एक न्यूज चैनल के सवाल पर विद्युत महतो कहते हैं कि दूर-दूर तक कोई नहीं है। दरअसल उन्होंने 10 साल में कोई उल्लेखनीय काम ही नहीं किया इसलिए उनके आगे पीछे कोई आदमी नहीं है। सभा की अध्यक्षता व संचालन विधायक रामदास सोरेन ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन चंद्रशेखर टुडू ने किया। मौके पर झामुमो नेता मोहन कर्मकार, प्रमोद लाल, शेख बदरुद्दीन, मुनव्वर हुसैन, सुभाष कर्मकार, खगेन चन्द्र महतो, अजय रजक, माणिक मल्लिक, अश्विनी महतो, मिथुन चक्रवर्ती, काजल सिंह, भगवान सिंह, शैलेंद्र सिंह के अलावा राजद नेत्री शारदा देवी, कांग्रेस नेता खगेन महतो, किशनलाल महतो, मृत्युंजय महतो आदि मौजूद थे। सभा में पूरे जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों से आई हजारों की भीड़ देख मुख्यमंत्री गदगद दिखे। सभा में कल्पना सोरेन के नहीं आने से कुछ महिलाओं में निराशा का माहौल देखा गया।

संपादकीय

## 'वोट जेहाद' के मायने

**दुनिया** के सबसे प्राचीन लोकतंत्र अमरीका और सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में आजकल जेहाद की गूंज है। संदर्भ और कारण अलग-अलग हैं। अमरीका के संदर्भ में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि अमरीका में जेहाद नहीं चाहिए। अमरीका में यूनिवर्सिटीज का इस्लामीकरण नहीं होना चाहिए। कुछ यूनिवर्सिटी ऐसी हैं, जिनके परिसरों में युवा शक्ति गाजा के फलस्तीनियों के पक्ष में आंदोलित हैं। वे हमास जैसे आतंकी संगठन के समर्थक या प्रतिनिधि हो सकते हैं। आश्चर्य है कि गाजा के मुसलमानों के हालात और इजरायल के हमलों पर अधिकतर इस्लामी देश अब खामोश हैं, लेकिन अमरीका की यूनिवर्सिटीज में आंदोलन जारी हैं। माइक पर नमाज पढ़ी जा रही है। परिसरों में नौजवानों ने तंबू तक गाड़ कर अवरोधक खड़े कर लिए हैं। यह अमरीका के लोकतंत्र की संस्कृति नहीं है। इन आंदोलनों को खत्म किया जाना चाहिए। हमने देखा है कि जब यूरोप ने जेहाद के लिए अपने दरवाजे खोले, तो क्या हुआ? पेरिस को देख लो। लंदन में देख लो। वे अब पहचानने लायक नहीं हैं। हम अमरीका के साथ ऐसा नहीं होने देंगे। हमारे पास अविश्वसनीय संस्कृति और परंपरा है। बहरहाल भारत में आम चुनाव का मौसम है। लोकसभा के लिए मतदान के चरण जारी हैं, लेकिन मारिया आलम खां ने 'वोट जेहाद' के जरिए मुसलमानों का आह्वान किया है। वह पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद की भतीजी हैं। सम्पन्न और शिक्षित परिवार से हैं। फिर भी इतनी सांप्रदायिक और देश-विरोधी सोच की हैं, उनका आह्वान सुनकर हैरानी हुई। जेहाद सिर्फ नारेबाजी तक सीमित नहीं था, बल्कि मारिया ने मौजूदा सत्ता के प्रति जिन शब्दों का इस्तेमाल किया है, वे बेहद नफरती और आपत्तिजनक भी हैं। सवाल है कि क्या भारत में हिंदू, मुसलमान, ईसाई, पारसी आदि के अलगाववादी आह्वानों पर ही चुनाव कराए जा सकते हैं? चुनाव आपसी समभाव, सौहार्द और भाईचारे के भाव के साथ नहीं हो सकते? भारत तो संवैधानिक तौर पर 'पंथनिरपेक्ष' देश है। दरअसल इस तरह जेहाद की बात करना आपराधिक मानसिकता है। मारिया जैसे लोग चाहते हैं कि एक-एक मुसलमान घर से निकले और अपने तय मुस्लिम उम्मीदवार के पक्ष में ही वोट सुनिश्चित करे। मुसलमानों को देश के संसाधनों पर भी पहला हक चाहिए। सरकारी नौकरियों, शिक्षा, स्वास्थ्य, सरकारी ठेकों, खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में भी आरक्षण चाहिए। कांग्रेस 2009 से अपने चुनाव घोषणा पत्रों में ऐसे आरक्षण या समान अवसर मुहैया कराने का आश्वासन देती आ रही है। उससे पहले भी ऐसी ही सोच रही होगी, लेकिन हमने खंगाल कर नहीं देखा। यह दीगर है कि मई, 2014 से कांग्रेस केंद्रीय सत्ता के बाहर है, लेकिन वह मुस्लिम अल्पसंख्यकों के पर्सनल लॉ, पोशाक, खान-पान और वक्फ के वर्चस्व को भी पूरी स्वतंत्रता दिए जाने की सुनिश्चित घोषणा कर चुकी है। क्या अब देश में 'शरिया कानून' भी लागू रहेगा? वोट के नाम पर जेहाद किस तरह होगा, किसी ने भी स्पष्ट नहीं किया। न सलमान खुर्शीद ने और न ही कांग्रेस ने 'वोट जेहाद' का खंडन किया है। जेहाद किस लोकतंत्र का हिस्सा या पर्याय है? हमने तो भारत में आतंकवाद के नाम पर भी जेहाद सुना है। देश के विभिन्न हिस्सों में जो आतंकी हमले किए गए हैं या जेहाद के नाम पर जो कत्लेआम, लहूलुहान जारी है, वह 'धर्मयुद्ध' किस तरह कहा या माना जा सकता है? मारिया के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करना ही पर्याप्त नहीं है। उनके खिलाफ देश-विरोधी गतिविधियों वाले कानून में मुकदमा चलाया जाना चाहिए। कभी 'लव जेहाद' सुनते हैं, तो कभी 'लैंड जेहाद' के नारे बुलंद किए जाते हैं। 'मुस्लिम आरक्षण' पर भी अदालतों के खिलाफ जेहाद बोला जा सकता है, क्योंकि सबसे ताजा स्थापना अदालत की ही है कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जा सकता।

अमरीका में यूनिवर्सिटीज का इस्लामीकरण नहीं होना चाहिए। कुछ यूनिवर्सिटी ऐसी हैं, जिनके परिसरों में युवा शक्ति गाजा के फलस्तीनियों के पक्ष में आंदोलित हैं। वे हमास जैसे आतंकी संगठन के समर्थक या प्रतिनिधि हो सकते हैं। आश्चर्य है कि गाजा के मुसलमानों के हालात और इजरायल के हमलों पर अधिकतर इस्लामी देश अब खामोश हैं, लेकिन अमरीका की यूनिवर्सिटीज में आंदोलन जारी हैं। माइक पर नमाज पढ़ी जा रही है। परिसरों में नौजवानों ने तंबू तक गाड़ कर अवरोधक खड़े कर लिए हैं। यह अमरीका के लोकतंत्र की संस्कृति नहीं है। इन आंदोलनों को खत्म किया जाना चाहिए। हमने देखा है कि जब यूरोप ने जेहाद के लिए अपने दरवाजे खोले, तो क्या हुआ? पेरिस को देख लो। लंदन में देख लो। वे अब पहचानने लायक नहीं हैं। हम अमरीका के साथ ऐसा नहीं होने देंगे। हमारे पास अविश्वसनीय संस्कृति और परंपरा है। बहरहाल भारत में आम चुनाव का मौसम है। लोकसभा के लिए मतदान के चरण जारी हैं, लेकिन मारिया आलम खां ने 'वोट जेहाद' के जरिए मुसलमानों का आह्वान किया है। वह पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद की भतीजी हैं।

### देश में ऐसी 121 भाषाएं हैं जिन्हें क्षेत्रीय लोग स्थानीय स्तर पर लिखने व बोलने में प्रयोग करते हैं

## भाषाओं को बचाने की भारतीय पहल

प्रमोद भार्गव

पिछले 75 सालों में हमारी भाषाओं और बोलियों के साथ यही होता रहा है, परंतु अब नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 (एनईपी) को लागू करने की दिशा में उल्लेखनीय पहल करते हुए केंद्र सरकार नए सत्र से पांच नए उपाय करने जा रही है। इनमें बच्चों को मातृ, घरेलू और क्षेत्रीय भाषा में पाठ्य पुस्तकें पढ़ाने पर जोर दिया जाएगा। इस लक्ष्यपूर्ति के लिए 52 प्रवेशिकाएं अर्थात पाठ्य-पुस्तकें तैयार की गई हैं। इनसे छात्र-छात्राओं से लेकर वयस्क तक वर्णमाला और दो अंकों तक गणित सीख सकेंगे। पहले चरण में 17 राज्यों की राजभाषा व स्थानीय भाषा में 52 पुस्तकें मैसूर के भारतीय भाषा संस्थान और राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने तैयार की हैं।

**कोई** भी भाषा जब मातृभाषा नहीं रह जाती तो उसके प्रयोग की अनिवार्यता में कमी और उससे मिलने वाले रोजगार मूलक कार्यों में भी कमी आने लगती है। पिछले 75 सालों में हमारी भाषाओं और बोलियों के साथ यही होता रहा है, परंतु अब नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 (एनईपी) को लागू करने की दिशा में उल्लेखनीय पहल करते हुए केंद्र सरकार नए सत्र से पांच नए उपाय करने जा रही है। इनमें बच्चों को मातृ, घरेलू और क्षेत्रीय भाषा में पाठ्य पुस्तकें पढ़ाने पर जोर दिया जाएगा। इस लक्ष्यपूर्ति के लिए 52 प्रवेशिकाएं अर्थात पाठ्य-पुस्तकें तैयार की गई हैं। इनसे छात्र-छात्राओं से लेकर वयस्क तक वर्णमाला और दो अंकों तक गणित सीख सकेंगे। पहले चरण में 17 राज्यों की राजभाषा व स्थानीय भाषा में 52 पुस्तकें मैसूर के भारतीय भाषा संस्थान और राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने तैयार की हैं। देश में ऐसी 121 भाषाएं हैं जिन्हें क्षेत्रीय लोग स्थानीय स्तर पर लिखने व बोलने में प्रयोग करते हैं। जल्दी ही देश के बाकी राज्यों की आंचलिक भाषाओं में प्रवेशिका उपलब्ध करा दी जाएंगी। इन पाठ्य पुस्तकों का उपलब्ध होना न केवल विद्यार्थियों के लिए, बल्कि विलोपित हो रही मातृभाषाओं का अस्तित्व बचाए रखने की परिवर्तनकारी पहल है। यह पहल निर्बाध और भविष्यवादी शिक्षण परिदृश्य तैयार कर भारतीय भाषाओं में सीखने की प्रवृत्ति को बढ़ावा देगी। इससे नई शिक्षा नीति का दृष्टिकोण साकार होगा और शालेय शिक्षा में महत्वपूर्ण बदलाव आएंगे। सरकार ने राष्ट्रीय विद्या समीक्षा केंद्र का राज्य इकाइयों व 200 डीटीएच चैनलों के साथ एकीकरण का निर्णय भी लिया है। इस हेतु सरकार ने 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए 22 क्षेत्रीय व प्रादेशिक भाषाओं में चैनल तैयार कर लिए हैं। ये बिना इंटरनेट चलेंगे। भविष्य में ये चैनल ओटीटी और यू-ट्यूब पर भी उपलब्ध होंगे। भारत में ऐसे हालात सामने भी आने लगे हैं कि किसी एक इनसान की मौत के साथ उसकी भाषा का भी अंतिम संस्कार हो जाए। 26 जनवरी 2010 को अंडमान द्वीप समूह की 85 वर्षीय बोआ के निधन के साथ ग्रेट-अंडमानी भाषा 'बो' भी



हमेशा के लिए विलुप्त हो गई। इस भाषा को जानने, बोलने और लिखने वाली वे अंतिम इनसान थीं। इसके पूर्व नवंबर 2009 में एक और महिला बोरो की मौत के साथ खोरा भाषा का अस्तित्व समाप्त हो गया था। नेशनल ज्योग्राफिक सोसायटी एंड लिविंग टंग्स इंस्टीट्यूट फॉर एंडेंजर्ड लैंग्वेजेज के अनुसार हरेक पखवाड़े एक भाषा की मौत हो रही है। सन् 2100 तक भूमण्डल में बोली जाने वाली सात हजार से भी अधिक भाषाओं का लोप हो सकता है। इस दायरे में आने वाली खासतौर से आदिवासी व जनजातीय भाषाएं हैं जो लगातार उपेक्षा का शिकार होने के कारण विलुप्त हो रही हैं। ये भाषाएं बहुत उन्नत हैं और पारंपरिक ज्ञान का भंडार हैं। भारत सरकार ने उन भाषाओं के आंकड़ों का संग्रह किया है जिन्हें 10 हजार से अधिक लोग बोलते हैं। 2001 की जनगणना के आंकड़ों के अनुसार ऐसी 121 भाषाएं और 234 मातृभाषाएं हैं। भाषा-गणना की ऐसी बाध्यकारी शर्त के चलते जिन भाषा व बोलियों को बोलने वाले लोगों की संख्या 10 हजार से कम है, उन्हें गिनती में शामिल ही नहीं किया गया। पूरी दुनिया में सात्ताईस सौ भाषाएं संकटग्रस्त हैं। इन भाषाओं में असम की 17 भाषाएं शामिल हैं। यूनेस्को द्वारा जारी एक जानकारी के मुताबिक असम की देवरी, मिसिंग, कछारी, बेइटे, तिवा और कोच राजवंशी सबसे संकटग्रस्त भाषाएं हैं। इन भाषा-बोलियों का प्रचलन लगातार कम हो रहा है। नई पीढ़ी के सरोकार असमिया, हिन्दी और अंग्रेजी तक सिमट गए हैं। इसके बावजूद 28 हजार लोग देवरीभाषी, मिसिंगभाषी साढ़े पांच लाख और बेइटेभाषी करीब 19 हजार लोग अभी बाकी हैं। इनके अलावा असम की बोडो, कार्बो, डिमासा, विष्णुप्रिया, मणिपुरी और काकबरक भाषाओं के जानकार भी लगातार सिमटते जा रहे हैं। वे ही भाषाएं बोलियों और लिपियों के रूप में जीवित रह सकती हैं जो उपयोग में बनी रहें। पूरी दुनिया में 15 हजार से अधिक भाषाएं दर्ज हैं, लेकिन आज उनमें से आधी से ज्यादा मर गई हैं। इसका कारण इन्हें उपयोग से वंचित कर देना है। कई लोग भाषाओं की विलुप्ति का कारण आक्रांताओं के हमलों को मानते हैं। भारत में भी इस स्थिति को भाषाओं की विलुप्ति का कारण माना गया, लेकिन यह तथ्य थोथा है। फ्रांस में भी यह भ्रम फैला हुआ है। फ्रेंच भाषियों को यह आशंका सता रही है कि वहां की युवा पीढ़ी अंग्रेजी के प्रति आकर्षित है, इसलिए वहां अंग्रेजी से मुक्ति के उपाय सुझाए जा रहे हैं। नाइजीरिया और केमरून की बिक्या भाषाएं प्रयोग में नहीं रहने के कारण लुप्त हुईं। इस भाषा को प्रचलन में बनाए रखने वाले एक-एक कर जब मरते चले गए तो उनके साथ भाषा भी काल में समाती चली गई। वर्तमान में विश्व की 90 प्रतिशत भाषाओं और बोलियों पर विलुप्ति का खतरा मंडरा रहा है। वैसे भाषाओं का मरना हर युग और हर देश में एक सिलसिला बना रहा है। भारत की सबसे प्राचीन ब्राह्मी लिपि को आज बांचने वाला कोई नहीं है। विकास के साथ जो भाषा जुड़ी होती है, उसकी जीवंतता बनी रहती है। आज अंग्रेजी जहां भाषाओं की विलुप्तता की दृष्टि से खलनायिका साबित हो रही है, वहीं इसके महत्व को एकाएक इसलिए नजरअंदाज नहीं किया जा सकता क्योंकि यह आधुनिक तकनीक के व्यावहारिक और व्यावसायिक उपयोग का विश्वव्यापी आधार बन गई है। दुनिया की युवा पीढ़ी विश्व समाज से जुड़ने के लिए अंग्रेजी की ओर आकर्षित है, लेकिन यदि अंग्रेजी इसी तरह पैर पसारती रही तो दुनिया में भाषाई एकरूपता छा जाएगी, जिसकी वटवृक्षी छाया में अनेक भाषाएं मर जाएंगी। भारत की तमाम स्थानीय भाषाएं व बोलियां अंग्रेजी के बढ़ते प्रभाव के कारण संकटग्रस्त हैं।

दृष्टि कोण

## चुनावी समय में सोशल मीडिया बना चाणक्य

**आज** के समय में वही उम्मीदवार जनता का पसंदीदा बन जाता है जो सोशल मीडिया के माध्यम से जनता तक पहुंच बनाता है क्योंकि जो दिखाता है वही बिकता है, इसी बाजार की रणनीति को आज सभी राजनीतिक पार्टियां अपना रही हैं। फर्क सिर्फ इतना है कि विज्ञापन को जांचने व परखने के लिए कई जांच एजेंसियां व प्रतियोगी कंपनियां अन्य कंपनियों के खिलाफ भ्रामकता के आधार पर कोर्ट का दरवाजा खटखटा सकती हैं। इसका हालिया उदाहरण देखने को मिला कि सुप्रीम कोर्ट ने पतंजलि को भ्रामक विज्ञापन देने के लिए फटकार लगाई और इसके साथ-साथ इस कंपनी के खिलाफ याचिकाकर्ता इंडियन मेडिकल एसोसिएशन को भी आड़े हाथों लिया। कोर्ट ने एलोपैथी डॉक्टरों द्वारा मरीजों को कथित तौर पर महंगी और गैर जरूरी दवाएं लिखने पर नाराजगी जताई है। इस मुद्दे से कोर्ट का जनता के शरीर पर पडने वाले नकारात्मक असर का चिंतन तो उजागर होता है, लेकिन हर दिन सोशल मीडिया पर दिखाए जाने वाले कटेंट का लोगों के मानसिक स्वास्थ्य पर पडने वाले नकारात्मक प्रभाव की जिम्मेवारी कौन लेगा? इन दिनों चुनावी समय में तो हर राजनीतिक पार्टी स्वयं भी और इंफलुएंसर के माध्यम से देश के हर तबके तक पहुंचने के लिए प्रभावी सामग्री का प्रयोग अनिवार्य रूप से कर रही है। यह सामग्री कितनी सही है और कितनी गलत, इसके लिए न तो कोई सरकारी मशीनरी है और न ही कोई एजेंसी। हालांकि चुनाव आयोग सोशल मीडिया के माध्यम से चुनाव प्रसार संबंधित सामग्री को जांचने के लिए हर जिले व राज्य स्तर पर बनाए गए कंट्रोल रूम के माध्यम से मॉनिटरिंग कर रहा है, लेकिन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में सामग्री साधारण न होकर अब आर्टिफिशियल इंटेलिजैंस से भी बनाई जा रही है जिससे निपटना बेहद चुनौतीपूर्ण है। इसके अलावा चुनाव आयोग तो आचार संहिता लागू होने के बाद से ही एक्टिव हुआ है, लेकिन राजनीतिक पार्टियां पिछले एक साल से अपने प्रचार-प्रसार में जुट गई हैं। यह बात इससे सिद्ध होती है कि यह वर्ष शुरू होते ही चुनावों को देखते हुए देश की राजनीतिक पार्टियों ने पहले 2 से 3 महीनों में मेटा एवं गूगल विज्ञापन में 102.7 करोड़ खर्च कर दिए। वहीं भाजपा पिछले एक साल से सरल नाम की ऐप के जरिए जनता से संपर्क बनाने में लगी हुई है, जिसे लगभग 2.9 मिलियन लोग गूगल प्ले स्टोर के जरिए डाउनलोड कर चुके हैं। वहीं विपक्षी गठबंधन भी सामाजिक न्याय, किसान, युवा व बेरोजगारी जैसे मुद्दों को सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म से उठाकर बड़ा अभियान चला रहा है। लेकिन फिर सवाल सिर्फ इतना है कि इन पार्टियों द्वारा दी जा रही सूचना कितनी विश्वसनीय है? सोशल मीडिया के प्रति दीवानगी इतनी है कि डिजिटल सलाहकार फर्म केपियोस के मुताबिक दुनिया भर में 520 करोड़ लोग सोशल मीडिया की अलग-अलग साइट्स का प्रयोग करते हैं जिनकी संख्या सालाना 3 से 4 प्रतिशत बढ़ रही है। वहीं हमारे देश में आईआईएस रोहतक के एक अध्ययन के मुताबिक लगभग 62 प्रतिशत युवा जानकारी के लिए सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म उपयोग करते हैं जिनमें से एक पुरुष औसतन स्क्रीन पर 6 घंटे 45 मिनट और महिला 7 घंटे 5 मिनट व्यतीत करती है। यानी कि सोशल मीडिया ही सूचना का मुख्य स्त्रोत बन चुका है। इस संदर्भ में सूचना का प्रवाह और उसकी संरचना मानवीय व्यवहार पर प्रभाव डाल रही है। चुनावी समय में पार्टियां अन्य समय से दुगनी रफ्तार के साथ अपने ऑनलाइन सामग्री के माध्यम से जनता को जोडने की कोशिश करती हैं। जिस पार्टी की गति जितनी नवनीतम और तेज होती है वो उसी गति से नए वोटर व समर्थन हासिल करने में कामयाब हो जाती है। खास बात यह है कि इन सोशल मीडिया साइट्स के मालिक इस समय में नियंत्रण करने के बजाय मूकदर्शक बन जाते हैं क्योंकि यह समय पैसा बनाने का है। इस बिंदु पर न तो कोई राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय कानून उन्हें नियंत्रण कर सकने में सक्षम है। इस मौके का फायदा उठाकर पार्टियां अनियंत्रित तरीके से नियोजित वर्ग में किसी भी तरीके से अपनी पहुंच बढ़ाती हैं और उनके आईटी सैल जनता की भावनाओं को अपने पक्ष में करने की पूरी कोशिश करते हैं। सोशल मीडिया की एल्गोरिदम के कारण आपका हल्का सा भी झुकाव फेक न्यूज के जंजाल में फंसा देता है और जनता इको चैम्बर से बाहर ही नहीं निकल पाती। वो अभेद्य चक्रव्यूह बन जाता है जिसमें जनता बिना कुछ सोचे-समझे बस फंसती ही चली जाती है और रही-सही कसर डीपफेक वीडियो ने पूरी कर दी है जहां प्रसिद्ध व्यक्तियों को ढाल बनाकर कुछ गलत तत्व अपने उद्देश्यों को पूरा करने में लगे हुए हैं। इसका ताजा उदाहरण रणवीर सिंह एवं आमिर खान के साथ हुई घटना से पता लगता है। इन दुविधाओं का समाधान जनता की तार्किक सावधानी ही है, क्योंकि कोई सूचना जब अत्यधिक वेग, हिंसा व उत्तेजना पैदा करे तो शंकित होना लाजिमी है। कुछ देर ठहरिए और मन को शांत कर सोचिए। क्योंकि जनता के जुड़ाव के लिए असंख्य सूचना का ऐसा समुद्र खड़ा कर दिया गया है जिसमें तैरना स्वयं सीखना पड़ेगा।

कुछ अलग

## नेता जी के पांव में छाले हैं...

**कमाल** करते हो भई आप। नेताजी के पांव में छाले हैं! जनता जनार्दन के दरवाजों तक पहुंचने के लिए वह कई दिनों से पैदल खाक छान रहे हैं। पांव में छाले पड़े हैं। और आप कह रहे हैं कि नेताजी छाए हुए हैं। छाले पडने को छा जाना कहते हैं क्या? नेताजी की पीड़ा को न तो हाईकमान समझ रहा है और न ही नेताजी के चेले चांटे। नेताजी को ऐसे हल्के से चुनाव मैदान में उतार दिया गया है, जिस हल्के की उन्होंने जिंदगी में शक्ल नहीं देखी थी। राजधानी में बैठकर सियासत के मजे लिए थे। इनडायरेक्ट जीतकर आते रहे थे। जुम्मा जुम्मा एक बार डायरेक्ट तौर पर चुनाव लड़ा था और उसी में लंका डूब गई थी। फिर इनडायरेक्ट तरीके से दूसरे सदन में पहुंचकर मंत्री बन गए। सत्ता के खूब मजे लिए। अपने राजनीतिक विरोधियों को डंडा देकर रखा। विरोधियों के खिलाफ साजिश रखने वालों को सर आंखों पर बैठाया। पाला पोसा। किचन कैबिनेट में बैठकर अपने राजनीतिक विरोधियों की चुगली की। लेकिन कभी सोचा नहीं था कि ग्रह नक्षत्र ऐसा रंग भी दिखाएंगे कि डायरेक्ट जनता के बीच जाकर अपनी लोकप्रियता साबित करनी पड़ जाएगी। अब नेताजी चूंकि अंतरराष्ट्रीय स्तर का रसूख रखते हैं, इसलिए हाईकमान ने नेताजी की अंतरराष्ट्रीय इमेज का फायदा उठाने के लिए उन्हें चुनाव में उतार दिया है। नेताजी ने कभी जिंदगी में वोटों के लिए चरण वंदना नहीं की। आम आदमी की पीड़ा की कभी टोह नहीं ली। आम आदमी की आवाज कभी सदन में बुलंद नहीं की। पार्टी की रीढ़ कहे जाने वाले कार्यकर्ताओं से कभी संवाद नहीं किया। तो अब हाईकमान ने उन पर दाव खेल दिया है। नेताजी पर्वत पर्वत, घाटी घाटी, नगरी नगरी पैदल घूम रहे हैं। पांव में छाले पड़ गए हैं। जनता को अपना परिचय देना पड़ रहा है। जनता पूछ रही है कि आप कहां से आए हो और कब तक यहां रहोगे। इलाके में नेताजी का कोई घर नहीं है। होटल ही उनका घर है। होटल में आम आदमी जाता ही कहां है। यानी मुसीबत ही मुसीबत है। हाईकमान के सामने अपनी पीड़ा भी जाहिर नहीं कर सकते। अपने पांव के छालों की तस्वीर खींचकर सोशल मीडिया पर भी नहीं डाल सकते। पब्लिक क्या समझेगी कि कितना नाजुक मिजाज नेता है। अपने छाले दिखा रहा है, लेकिन हमारे दिल के छाले नहीं देखे। जनता के सामने बड़ा दिल दिखाना पड़ता है और दिल धक धक कर रहा है। जब से पता चला है कि कोरोना का टीका खून में थक्के पैदा कर रहा है, तब से तो चुनाव प्रचार के बीच में जान गले में फंस गई है। हाईकमान के साथ-साथ उस टीके को भी कोस रहे हैं जो उन्होंने बाएं बाजू में लगवाया था। नेताजी की परेशानी यह भी है कि किसकी उपलब्धियों के नाम पर वोट मांगे जाएं। अपनी कौनसी उपलब्धि का बखान किया जाए। हाईकमान को तो कोई बलि का बकरा चाहिए था, सो चुनाव मैदान में उन्हें धकेल दिया गया। लेकिन अब बकरे की मां कब तक खैर मनाएगी और जनता की बेरुखी कब तक रुलाएगी। आगे कुआं पीछे खाई है। नेताजी की इमेज पर बन आई है। हाईकमान मुस्कुरा रहा है। विरोधी तरस खा रहे हैं। पार्टी का कैडर जम्हाइयां ले रहा है। नेताजी पब्लिक को अपनी पहचान देते फिर रहे हैं। कुछ बहुत भावुक हो रही महिलाएं यह कह रही हैं कि नेताजी बहुत भोले हैं। खुद को पूरी तरह नहीं तोले हैं। अति विश्वास का शिकार हैं या शिकार बना दिए गए हैं। नेताजी के पांव में छाले हैं। और आप कह रहे हैं कि नेताजी छाए हुए हैं। राजनीति में कई बार भ्रम भी अपना जलवा दिखा देता है।

देश दुनीया से

## अब मतदान के अंतिम आंकड़े जारी करने में देरी पर सियासी घमासान

विपक्ष को शक है कि चुनाव आयोग ने ये आंकड़े जानबूझकर देरी से जारी किए। खासकर 19 अप्रैल को पहले चरण के मतदान के 11 दिन बाद। इसके पीछे कहीं कोई 'खेला' तो नहीं है? जबकि चुनाव आयोग का कहना है कि समूचे आंकड़े कंपाइल करने में वक्त लगता है, इसलिए अंतिम आंकड़े जारी करने में कुछ देरी हुई। यहां बात केवल अंतिम आंकड़ों की नहीं है। जो आंकड़े सामने आए हैं, वो चुनाव के दो चरणों के दौरान कम मतदान के नरेटिव को झटका देने वाले हैं। शुरूआती आंकड़ों में यह संदेश छुपा था कि दोनो चरणों में 2019 के लोकसभा चुनाव की तुलना में 3 से 7 फीसदी की गिरावट आई है। लेकिन चुनाव आयोग ने पहले चरण के डेढ़ हफ्ते बाद जो आंकड़े बताए, उससे पहले चरण में 102 संसदीय सीटों पर 66.14 प्रतिशत और दूसरे चरण में 88 सीटों पर 66.71 प्रतिशत वोट पड़े।

**अगर** कण-कण में भगवान है तो मानिए कि इस देश के जर्रे-जर्रे में सियासत समा गई है। अब चुनाव कार्यक्रम, चुनाव प्रक्रिया, चुनाव नतीजे के साथ-साथ चरणवार मतदान के अंतिम आंकड़े जारी करने पर भी सियासी घमासान मचा है। गोया यह पूरा चुनाव ही शक शुबहों की सुरंग से होकर गुजर रहा है। विपक्ष को हर बात में खोट दिख रही है तो सत्ता पक्ष सब कुछ स्वाभाविक मानकर मुग्ध है। विपक्ष को शक है कि चुनाव आयोग ने ये आंकड़े जानबूझकर देरी से जारी किए। खासकर 19 अप्रैल को पहले चरण के मतदान के 11 दिन बाद। इसके पीछे कहीं कोई 'खेला' तो नहीं है? जबकि चुनाव आयोग का कहना है कि समूचे आंकड़े कंपाइल करने में वक्त लगता है, इसलिए अंतिम आंकड़े जारी करने में कुछ देरी हुई। यहां बात केवल अंतिम आंकड़ों की नहीं है। जो आंकड़े सामने आए हैं, वो चुनाव के दो चरणों के दौरान कम मतदान के नरेटिव को झटका देने वाले हैं। शुरूआती आंकड़ों में यह संदेश छुपा था कि दोनो चरणों में 2019 के लोकसभा चुनाव की तुलना में 3 से 7 फीसदी की गिरावट आई है। लेकिन चुनाव आयोग ने पहले चरण के डेढ़ हफ्ते बाद जो आंकड़े बताए, उससे पहले चरण में 102 संसदीय सीटों पर 66.14 प्रतिशत और दूसरे चरण में 88 सीटों पर 66.71 प्रतिशत वोट पड़े। जबकि चुनाव आयोग ने पहले चरण के मतदान के आरंभिक आंकड़े औसतन 60 प्रतिशत तथा दूसरे चरण में 60.96 प्रतिशत बताए थे। अगर इसकी तुलना 2019 के लोकसभा चुनाव के प्रथम व द्वितीय चरण के मतदान प्रतिशत से की जाए तो वोटिंग में यह कमी क्रमशः 4 और 3 फीसदी की होती है। अगर पिछले लोस चुनाव के कुल औसत मतदान 67 फीसदी से इसकी तुलना करें तो कुल मतदान में घटत उतनी ज्यादा नहीं है, जितनी कि मानी जा रही थी। फिर भी मतदान घटा तो है, जिससे चुनाव नतीजे काफी बदल सकते हैं और कई जगह हार- जीत का अंतर भी बहुत कम रह सकता है। मतदान के आरंभिक आंकड़ों ने राजनीतिक दलों की चिंता बढ़ा दी थी। माना जा रहा था कि तमाम कोशिशों के बाद भी वोटर घर से नहीं निकल रहा है। राजनीतिक विश्लेषक इस बात का गुणा-भाग लगा रहे थे कि कम मतदान किसको जीत की ट्रॉफी दिलाएगा। इसके लिए तरह-तरह के आंकड़े और डाटा एनालिसिस पेश किया जा रहा था। मोटे तौर पर संदेश यही था कि कम मतदान सत्तारूढ़ भाजपा और एनडीए के लिए जोखिम भरा है। यह बताने की भी कोशिश हुई कि चुनाव में खासकर भाजपा का वोटर अपेक्षित संख्या में नहीं निकल रहा। ऐसे में देश में 2004 के लोकसभा चुनाव जैसी स्थिति बन सकती है, जब मतदान अपने पूर्ववर्ती 1999 के लोस चुनाव की तुलना में 1.9 फीसदी कम रहा था और सत्तारूढ़ अटलजी की सरकार सत्ता से बेदखल हो गई थी तथा नेतृत्व विहीन यूपीए गठबंधन सत्ता में आ गया था। 2009 के लोस चुनाव में भी औसत मतदान 58.21 प्रतिशत रहा और यूपीए 2 फिर सत्ता में लौटा। लेकिन 2014 ने वोटिंग ट्रेंड ने गीयर बदला। अगले दो लोकसभा चुनाव में यह 8 से 10 फीसदी तक बढ़ा और मोदी के नेतृत्व में भाजपा सत्ता में रही है। विपक्ष के लिए झटका यह है कि पहले चरण के जो आंकड़े शुरू में बताए गए थे, उनमें 6 फीसदी से ज्यादा का अंतर है। यानी इतना मतदान बढ़ा है। ये आंकड़े 2019 के लोस चुनाव के पहले दो चरणों के औसत आंकड़ों के आसपास ही हैं। इसका अर्थ यह हुआ कि मतदान कम जरूर हुआ है, लेकिन इतना कम भी नहीं हुआ है कि विपक्ष की बांछें खिल जाएं। अगर यही ट्रेंड अगले पांच चरणों में भी रहता है तो तय मानिए कि चुनाव नतीजे कमोबेश 2019 के जैसे ही हो सकते हैं। पहले दो चरणों के मतदान के अंतिम आंकड़ों से भाजपा ने कुछ राहत की सांस ली है, जबकि विपक्ष के मन में शक का कीड़ा और गहरा गया है। उसने चुनाव आयोग की विश्वसनीयता पर सवालिया निशान लगाते हुए दो प्रश्न उठाए हैं। पहला यह कि दोनों चरणों के अंतिम आंकड़े जारी करने में इतनी देरी के पीछे मंशा या मजबूरी क्या है? दूसरे, कम बताया जा रहा मतदान अचानक 6 फीसदी तक कैसे बढ़ गया? यह सचमुच आंकड़ों के संग्रहण में देरी है या कुछ और? तीसरा यह कि आयोग केवल मतदान का प्रतिशत क्यों बता रहा है, कुल मतदान के आंकड़े बताने में उसे क्या परेशानी है? पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी ने तो आरोप लगाना शुरू भी कर दिया है कि चुनाव आयोग नतीजों में गड़बड़ी कर सकता है। आंकड़े जारी करने में यकीनन देरी हुई है।



आप का नजरीया

## होटल इकाइयों के किरदार बदलो

**हिमाचल** में पर्यटन का ताज ओढ़े एचपीटीडीसी तथा एचआरटीसी के घाटों को समझें, तो यह राज्य किस क्षेत्र में आत्मनिर्भर होगा। आश्चर्य यह कि 55 होटलों का संचालन कर रहा हिमाचल पर्यटन निगम 31 इकाइयों की वित्तीय लाज नहीं बचा पा रहा। ताज्जुब यह कि चिंतपूर्णी, ज्वालाजी, चंबा, बिलासपुर, कुल्लू-मनाली, शिमला, धर्मशाला-मकलोडगंज व औद्योगिक क्षेत्र परवाणू तक के होटल घाटा पैदा कर रहे हैं। बावजूद इसके हमारे पास एशियन विकास बैंक से इतना ऋण तो मिल ही जाएगा कि आने वाले वर्षों में कुछ और राजनीतिक इकाइयां खोल लेंगे। इससे क्या फर्क पड़ता कि हिमाचल में करीब पौने दो करोड़ सैलानी आ रहे हैं या आगामी लक्ष्य पांच करोड़ का है। आश्चर्य यह कि बढ़ते सैलानी निजी वोल्वो बसों में बैठकर प्राइवेट होटलों को अधिमान दे रहे हैं, जबकि एचपीटीडीसी व एचआरटीसी के पास बेहतरीन स्टाफ तथा उच्च काबिलीयत के अधिकारियों के अलावा बेहतरीन साइट्स व संपत्तियां हैं। मुख्य तौर पर न योजनाओं में व्यावसायिक दृष्टि है और न ही प्रबंधन में इस तरह के सरोकार हैं, जो पल-पल बदलते उद्योग की जरूरतें समझ सकें। उदाहरण के लिए धर्मशाला की पांच इकाइयों में से तीन घाटे पर हैं, तो यह करामात निठल्लेपन और उबाऊ ठहराव की है। महामहिम दलाईलामा के प्रवास, प्रवासी तिब्बती सरकार के मुख्यालय के अलावा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम ने धर्मशाला में हर बड़ी होटल शृंखला को अपनी इकाई चलाने का मौका दिया, लेकिन हिमाचल पर्यटन निगम अपनी बूढ़ी लीलन, क्रॉकरी और थकी हुई अधोसंरचना से निजात नहीं पाना चाहता, नतीजतन जब सारे निजी होटल बुक हो जाएं तो सरकारी इकाइयों में स्थान ढूंढा जा सकता है। कब तक सरकारी होटलों को कुल्लू-मनाली, शिमला या मकलोडगंज में भी घाटे की माला पहननी पड़ेगी। घाटे के होटलों की शृंखला बनाने के बजाय इनकी उपयोगिता बढ़ाने का सोचना होगा। मसलन परवाणू या बीबीएन में पर्यटन निगम की इकाइयां वो कमाल कर सकती हैं, जिसके लिए ये औद्योगिक शहर चंडीगढ़ या पंचकूला का रुख करते हैं। प्रदेश के हर शहर और कस्बे में पर्यटन निगम वेंडिंग जोन, कान्फ्रेंस एरिया, शॉपिंग परिसर तथा वे साइड फूड मार्ट स्थापित करे, तो हंगामा हो सकता है। पर्यटन निगम को हाईवे पर्यटन की अधोसंरचना स्थापित करके प्रदेश के एचपीएमसी, मिल्क फेडरेशन व हथकरघा निगम के साथ उपहार तथा खानपान के केंद्रों की लाभकारी उपस्थिति दर्ज कर सकता है। हैरानी यह कि धार्मिक स्थलों की इकाइयां या यात्री निवास जैसे बजट होटल भी घाटे में हैं। कारण यही कि इन परिसरों को कमजोर प्रदर्शन के लिए छोड़ दिया गया है। हिमाचल प्रदेश परिवहन निगम की अंतरराज्यीय बसों की बुकिंग के साथ एचपीटीडीसी के होटलों की बुकिंग जोड़ दी जाए, तो नित नए रूट शुरू करने के साथ सरकारी होटलों की आक्यूपेंसी भी बढ़ सकती है। जिस दिन एचआरटीसी व पर्यटन निगम का एमडी एक ही अधिकारी होगा, हिमाचल आने वाले यात्री पर्यटक बन जाएंगे।

**संक्षिप्त खबरें**

### बेतला में 15 वें वित्त से पीसीसी पथ निर्माण कार्य में भारी अनियमितता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** बरवाडीह के बेतला पंचायत अंतर्गत कुटमू स्थित मिडिल स्कूल के समीप रामकेश्वर सिंह के घर से सुग्ध सिंह के घर तक 15 वें वित से 249000 रुपये की लागत से पीसीसी पथ निर्माण कार्य में भारी अनियमितता बरती जा रही है। जहां उक्त पथ ढलाई के दौरान कनीय अभियंता के अनुपस्थिति में समिति और बिचौलिए द्वारा मनमानी करते हुए महज तीन से चार इंच घटिया सामग्री द्वारा पीसीसी सड़क निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस संबंध में कई ग्रामीण नाम नहीं बताने के शर्त पर शिकायत करते हुए कहा कि पीसीसी सड़क की ढलाई के पूर्व खड़ा ईट की जगह टुकड़ा ईट का प्रयोग पथ सॉलिंग में किया जा रहा है। प्राक्कलन के अनुरूप कार्य नहीं होने से कुछ ही दिनों में सड़क उखड़ना शुरू हो जाएगा।वही योजना स्थल पर योजना बोर्ड भी नही है। जिसके चलते ग्रामणो मे आक्रोश देखा जा रहा है।

## महागठबंधन प्रत्याशी के जीत को लेकर आयोजित की गई प्रखंड स्तरीय बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा (चतरा) :** प्रखंड क्षेत्र के टंडवा एवं गाड़ीलौंग पंचायत के बुथ कमेटी के कार्यकर्ताओं के साथ इंडिया महागठबंधन प्रत्याशी कृष्णानंद त्रिपाठी को भारी मतों से विजयी बनाने को लेकर, महागठबंधन के कार्यकर्ताओं ने की गहन बैठक। इस बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस पार्टी के जिला उपाध्यक्ष तिलेश्वर साव एवं संचालन कांग्रेस प्रखंड महासचिव गोविन्द पंडा ने किया। उक्त बैठक में शामिल सभी बुथ अध्यक्षों को प्रचार, प्रसार को लेकर आवश्यक कई दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही पूरे प्रखंड क्षेत्र में महागठबंधन के प्रत्याशी श्री त्रिपाठी को विजई कैसे बनाया जाए उस पर विशेष रणनीति बनाई गई। बैठक में मुख्य रूप से ओबीसी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राम अवतार साहु, प्रखंड उपाध्यक्ष छोटू गुप्ता, टंडवा पंचायत मुखिया पति सुभाष दास, कृष्णा साहु, मिथलेश रजक, राजु राही, मनोज हलुवाई, जागेश्वर दास, रंजन दास, कारू यादव, नारायण साव, संजय यादव, रोहन पासवान, सुमित यादव, झमन साव, विजय पासवान, प्रमोद सोनी, मो हकीम, संजय नायक, कयुम खलिफा, बिरबल पासवान, मोइन अंसारी, बासुदेव यादव, सुरेश साव, धन्नजय सोनी, शमसेर आलम, सहित सैकड़ों लोग सामिल हुए।


## मतदाता जागरूकता अभियान के लोकसभा संयोजक संजय चौबे एवं सह संयोजक भुनेश्वर साहू बने




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** मतदाता जागरूकता अभियान 2024 को लेकर विश्व हिंदू परिषद चतरा लोकसभा संयोजक श्री संजय चौबे तथा सह संयोजक श्री भुनेश्वर साव को बनाया गया। साथ हीं साथ चतरा लोकसभा के अंतर्गत आने वाले पांचो विधानसभा के संयोजक तथा सहसंयोजकों की घोषणा की गई जिसमें चतरा विधानसभा क्षेत्र के संयोजक सुधीर कुमार तथा सह संयोजक अंकित पांडेय, इंद्रजीत कुमार को बनाया गया, तथा सिमरिया विधान सभा के संयोजक तारकेश्वर गुप्ता तथा सह संयोजक ठाकुर राकेश रंजन को बनाया गया।यह घोषणा विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री मिथलेश्वर मिश्र के द्वारा किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य लोकसभा क्षेत्र में मतदाता जागरूकता अभियान कर ज्यादा से ज्यादा राष्ट्रहित में वोट प्रतिशत बढ़ाने की हैं।

## लातेहार जिले के कुंदरी में मुख्यमंत्री का आगमन आज



**लातेहार।(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चतरा संसदीय क्षेत्र अंतर्गत लातेहार प्रखंड के कुन्दरी में 13 मई 2024 को मुख्यमंत्री की आगमन होगी साथ ही कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे, झामुमो नेत्री कल्पना सोरेन के आगमन को लेकर तैयारी का जायजा लेते झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, झामुमों केंद्रीय उपाध्यक्ष लातेहार विधायक वैद्यनाथ राम,मनिका विधायक रामचंद्र सिंह,झारखंड प्रदेश कांग्रेस पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष मानस सिन्हा, झारखंड आवास बोर्ड अध्यक्ष संजय लाल पासवान, लातेहार जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुनेश्वर उरांव, ने कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया। एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये,मौके पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि पंकज तिवारी, झामुमों जिला सचिव शमसुल होदा, युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष आफताब आलम,मनिका विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव, कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ सचिव सलाम अंसारी, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष अमित यादव, दीपक ओझा, युवा कांग्रेस नेता साजन कुमार, युवा नेता अंकित पांडेय, दीपक कुमार, हैदर अली, महेंद्र प्रसाद,राजेश उरांव, ज्योति प्रकाश दुबे, फूलचंद यादव,व मनोज पासवान आदि मौजूद रहे।

## राजद की बैठक में प्रत्याशी को विजई बनाने का लिया गया संकल्प



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित ब्लॉक के समीप राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रीतलाल यादव के अध्यक्षता में रविवार को राजद नेताओ एवं कार्यकर्ताओ की बैठक हुई। मौके पर जिलाध्यक्ष रामप्रवेश यादव, जिलामहासचिव मोहर सिंह यादव, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य व्यास यादव, लातेहार प्रखंड अध्यक्ष निजामुद्दीन अंसारी, जिला सचिव बबलू गिरी, जिला उपाध्यक्ष भोला सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे। मौके पर बोलते हुए जिला अध्यक्ष रामप्रवेश यादव ने कहा कि हम लोगों को महागठबंधन धर्म का पालन करते हुए देश का संविधान बचाने में सहयोग देना है ।आज भाजपा पूरे देश में आरक्षण को खत्म करना चाहती है ।आज आरक्षण की देन है कि आदिवासी,दलित,शोषित बड़े-बड़े पद पर है ।भाजपा सरकार में आज महंगाई चरम पर है। गरीब महंगाई की मार से परेशान है । इन सब बातों का ख्याल रखते हुए कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी को विजई बनाना है ।वहीं जिला महासचिव मोहर सिंह यादव ने कहा आप सभी कार्यकर्ता की एकता से हम चतरा लोकसभा का चुनाव जीत सकते हैं।मौके पर बालूमाथ प्रखंड के सभी 13 पंचायत के पंचायत अध्यक्ष व बूथ कमेटी के सदस्य उपस्थित हुए और कांग्रेस प्रत्याशी को विजय बनाने को लेकर अपना-अपना विचार रखा। मौके पर मजदूर प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मनोज कुमार यादव, राजद प्रखंड प्रीतलाल यादव, प्रखंड उपाध्यक्ष हरिहर यादव, दशरथ यादव, राजद नेता दीपक यादव, शशि यादव, प्रखंड सचिव अजय कुमार गुप्ता, प्रखंड मजदूर प्रकोष्ठ प्रखंड अध्यक्ष सरयू यादव, सुरेश राम, राजेश कुशवाहा, शमशेर आलम, सतीश यादव, कुंदन मुंडा, राजन यादव, प्रेम यादव, मुकेश पासवान, पिंटू यादव, गोवर्धन यादव,महादेव यादव, विवेक कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे।

## जला महामंत्री मिथलेश गुप्ता ने प्रधानमंत्री मोदी का अभिनंदन किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा (चतरा) :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का शनिवार को चतरा जिले के सिमरिया आगमन पर भाजपा चतरा जिला महामंत्री मिथिलेश गुप्ता ने हैलीपैड पर उनका अभिनंदन व स्वागत किया।भाजपा पार्टी अनुशासन और धैर्य का संगम माना जाता है। टंडवा के लाल संतोष प्रसाद गुप्ता के पुत्र मिथलेश कुमार गुप्ता आज से दस साल पहले राजनीतिक जीवन में कदम रखा। दृढ और उच्ची सोच रखते हुये भाजपा पार्टी में मंडल अध्यक्ष से लेकर बीस सूत्री अध्यक्ष टंडवा के पदो पर सराहनीय भूमिका निभाते हुये पीएम मोदी के आगमन पर उन्हें अगुवानी करने का मौका मिला। इसी प्रकार टंडवा के लाल मिथलेश गुप्ता के राजनीतिक जीवन की उज्वल भविष्य को लेकर आगामी सफलता पर पीएम मोदी ने बधाई दी।

## मंत्री सत्या नंद भोक्ता ने हंटरगंज प्रखंड में कई शोकाकुल परिवार से मिलकर बंधाया ढाढस



**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सूबे के श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल सह उधोग मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने हंटरगंज प्रखंड के ग्राम हिरिंग, खजूरिया, भागेबार के आकस्मिक निधन पर शोकाकुल परिवार से मिलकर ढाढस बंधाया और गहरा दुख प्रकट करते हुए हर संभव सहायता करने का भरोसा दिलाया।आकस्मिक निधन और सड़क दुर्घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि रोड सेफ्टी रूल का पालन नहीं किए जाने से सड़क दुर्घटना में इन दिनों इजाफा हुआ है।उन्होंने कहा है वाहन चालक,बाइक चालक को सावधानी और निरंतर बरतने पर बल दिया।श्री भोक्ता ने यह भी कहा है ट्रैफिक रूल्स का फॉलो सभी को करने की ज़रूरत बताया तभी सड़क दुर्घटना पर नियंत्रित किया जा सकता है।ओवर लोडिंग और समय सारणी का पालन हर हाल में किया जाना चाहिए। इसी दौरान कार्यकर्ताओं ने मंत्री को कई जगहो पर माला पहना कर एवं बुके देकर कर स्वागत किया। उन्होंने गठबंधन के प्रत्याशी के एन त्रिपाठी के पक्ष में लोगों से वोट मांगा और भारी मतों से विजय दिलाने की अपील करते हुए नजर आए। हंटरगंज थाना क्षेत्र में कई जगहों पर सड़क दुर्घटना में हुए मृत्यु के शोकाकुल परिवार से मिले और गहरा शोक व्यक्त करते हुए सबसे पहले हिरिंग गांव पहुंचे जहां आज सुबह ट्रक के चपेट में आने से डीलर सुधीर सिंह की पत्नी सरिता देवी की मौत हो गई थी उनके परिजनों से मिलकर संतावाना दिया। उसके बाद बलुरी गांव पहुंचे जहां डोभी में स्कॉर्पियो अनियंत्रण होकर पलट जाने से प्रदीप भोक्ता का 26 वर्षीय पुत्र अजय भोक्ता की मृत्यु हो गई थ उसके बाद खजुरिया गांव पहुंचे जहां संजय यादव का 14 वर्षीय पुत्र कुलदीप कुमार करंट के चपेट में आने से मौत हो गई थी। फिर भागेबार गांव पहुंचे जहां चेन्नई में एक मजदूर भोला भुईया 40 वर्ष की मौत हो गई थी। उसके शव को लाने गए उसके चचेरे भाई सुभाष भुईया 28 वर्ष की भी मौत स्कॉर्पियो पलटने से हो गई थी। सभी शोका कुल परिजनों से मिले और सभी गहरा संवेदना व्यक्त शोक व्यक्ति किया उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि केंद्र की सरकार 10 वर्षों में कोई भी विकास का काम नहीं की है और लोगों को हिंदू मुस्लिम में बांटने का काम किया गया है।आप लोग विकास चाहते हैं तो गठबंधन के प्रत्याशी को अपना मत देकर विजय बनाएं गठबंधन की सरकार बनती है तो सभी धर्म हर वर्ग के लोगों के विकास का कार्य किया जाएगा। इस मौके पर जिला राजद अध्यक्ष नवल किशोर यादव,कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार दुबे, 20 सूत्री जिला उपाध्यक्ष प्रभु दयाल यादव, मंत्री प्रतिनिधि देव लाल यादव प्रखण्ड बीस सूत्री अध्यक्ष चंद्रदेव यादव वकील खान राजद प्रखंड अध्यक्ष अशोक यादव,कांग्रेस प्रखण्ड साकेत बिहारी सिंह ,प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश यादव चंद्रिका यादव,जिप सदस्य सुरेश पासवान, जयराम भुईया, शिवनंदन प्रजापति चैतू यादव, बाढ़ो भुईया के अतिरिक्त काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## किसी के कहने पर नहीं अपने मन से चुनेंगे अपना उम्मीदवार : शीला देवी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** किसी के कहने पर नहीं अपने मन से चुनेंगे अपना उम्मीदवार। यह कहना है लातेहार की नैतिक मतदान के प्रति सजग मतदाता शीला देवी का। वह रविवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार द्वारा 20 मई को होने वाले मतदान के बारे में पूछने पर अपनी प्रतिक्रिया दे रही थीं। शीला देवी पेशे से सफाईकर्मी हैं। मुख्य निर्वाचन पदधिकारी अपने लातेहार जिला के भ्रमण के दौरान राजकीयकृत मध्य विद्यालय, लातेहार बाजार स्थित मतदान केंद्रों के निरीक्षण के क्रम में स्थानीय मतदाताओं से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान लातेहार की उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी गरिमा सिंह भी मौजूद थीं।

## अचानक गिरा लातेहार बाजार समिति का छत, बाल बाल बचे दुकानदार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** लातेहार बाजारटाड़ में शनिवार की देर रात एक बड़ी घटना टल गई। यहां बाजार समिति के दुकान का छत अचानक भरभरा कर गिर पड़ा। इस घटना में दुकानदार प्रमोद प्रसाद अन्य लोग बाल बाल बचे। स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि बाजार समिति के दुकानों का छत काफी जर्जर हो गया है पिछले कई वर्षो से दुकानदारों द्वारा बाजार समिति से अपील की जा रही है कि इसकी मरमती कराई जाए।परंतु बाजार समिति इस मामले में पूरी तरह उदासीन बना रहा। शनिवार के शाम दुकान के बरामदे छत अचानक भरभरा कर गिर गया। बताया जाता है कि कुछ दुकानदार उस समय दुकान के पास थे। परंतु दुकानदार समय रहते बरामदे से बाहर निकल गये जिससे एक बड़ी घटना टल गई। इस घटना के बाद बाजार समिति प्रबंधन के खिलाफ दुकानदारों में भारी आक्रोश दिखाई दे रही है।

## भाजपा का बरवाटोली पंचायत में पथसभा कार्यक्रम आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** चंदवा प्रखंड में भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित कुमार के नेतृत्व में बरवाटोली पंचायत में पथ सभा कार्यक्रम संपन्न हुआ। मंच संचालन चंदवा प्रमुख प्रतिनिधि राजू उरांव ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप भाजपा जिला मंत्री कुलामन साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष सह बरवाटोली पंचायत प्रभारी रामप्रसाद साहू , बरवाटोली मुखिया प्रतिनिधि संतोष उरांव, मंडल महामंत्री दीपक निषाद, जितेंद्र प्रजापति समेत सैकड़ों कार्यकर्ता आम जनता मौजूद रहे। जिला मंत्री कुलामन साहू ने कहा कि 500 वर्ष के बाद हमारे प्रभु श्रीराम जी का मंदिर बनकर तैयार हुआ और रामलला अयोध्या में विराजमान हुवे ये पीएम मोदी के कारण हुआ है। बूथ जीतो चुनाव जीतो का संकल्प लें। मोदी 10 साल में किये गए जनकल्याणकारी योजनाओं को लोग बताए। पूर्व मंडल अध्यक्ष सह बरवाटोली पंचायत प्रभारी रामप्रसाद साहू ने कहा की मोदी सरकार 10 साल का कार्यकाल उपलब्धि भरा रहे मोदी सरकार में जनकल्याण कारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचा है।

# मकरा ग्राम में जंगली हाथियों ने रात भर मचाया उत्पात, ग्रामीण रहे परेशान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड क्षेत्र मे एक बार फिर से जंगली हाथियों के झुंड ने उत्पात मचाना शुरु कर दिया. बिते रात्रि जंगली हाथियों ने शिबला पंचायत अंतर्गत ग्राम मकरा के टोला बघौता मे रात जम कर उत्पात मचाया। कई घरो के आंगन की चार दीवारी व घर का दरवाजा तोड़कर बुरी तरह क्षतिग्रस्त किया. खेतो में लगे सब्जी व फसल को खाकर चट कर गए। इस संबन्ध में सूरज लोहरा पिता स्व. एतवा लोहरा ने बातया कि हम सभी परिवार खाना खाकर सोए हुए थे की अचनाक जंगली हाथियों ने आए और मेरा घर का दरवाजा तोड़ने लगे तभी हमलोग टूटने का आवाज सुनकर जगे और घर के अंदर ही रह गए जंगली हाथी ने घर का दरवाजा पूरी तरह सें तोड़ कर बर्वाद कर दिया और बाहर की और निकल गया जिससे हम सभी परिवार के बिच बड़ी घटना होने सें टल गई। दरवाजा टूटने सें हमें छः हजार रुपए की नुकसान हुआ है. वही जंगली हाथीयों ने मोहन कुमार रवि पिता बदु राम के घर का आंगन का चारदिवारी को तोड़ कर क्षतिग्रस्त किया, साथ ही अजित कुमार पिता स्व. सरजू राम का घर का दरवाजा को पूरी तरह तोड़ फाड़कर क्षतिग्रहत कर दिया। जिससे सात हजार रूपये की क्षति हुई है.इधर बालचंद राम पिता स्व. कपिल राम के घर के आंगन का चारदिवारी व घर का खिड़की को तोड़ फोड़ किया इन्हे पांच हजार की नुकसान हुआ है. महेन्द्र राम पिता सोहर राम का घर के पास मे लगे गर्मी सब्जी व फसल को खाकर व पैर सें रौदकर बर्वाद कर दिया। वही गावं के ग्रामीणों ने वन विभाग सें मुवबजा दिलाने के साथ जंगली हाथियों को इस क्षेत्र सें अविलम्ब हटाने व टार्च वितरण करने की मांग की है। ज्ञात हो की इस क्षेत्र मे पिछले तीन वर्षो सें जंगली हाथी जमे हुए है। अब तक लोगो को लाखो रुपये के नुकसान के साथ अनेको लोग हाथी के कारण जान भी गंवा चूके है। लेकिन सभी जानकारी के बावजूद अभी तक वन विभाग बेखबर बना हुआ है। इस संबंध में किसी भी प्रकार का पहल नहीं कर रही है।

## निर्दलीय प्रत्याशी श्री राम सिंह ने अनोखे तरीका से चलाया प्रचार अभियान




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** चतरा लोकसभा क्षेत्र के निर्दलीय प्रत्याशी एवं फिल्मी दुनिया के लेखक श्री राम सिंह ने अनोखा तरीका से प्रचार अभियान चलाया। जिसे देखने के लिए बालूमाथ में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। निर्दलीय प्रत्याशी श्री राम सिंह एवं उसकी पत्नी फिल्मी दुनिया की गायिका मेघा ने मात्र 150 रुपए के तख्ती लेकर डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान आरंभ कर दिया। जहां श्री राम सिंह ने बताया कि मैं फिल्मी दुनिया में एक राइटर हूं तथा डी लेट्स बहरूपिया फिल्म में कहानी लिखने पर मुझे राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। वही मेरी पत्नी एक अच्छी गायिका है जो कई फिल्मों में अपना गाना प्रस्तुत कर चुकी है तथा स्विट्जरलैंड एवं अमेरिका में उन्हें गांधी अवार्ड से सम्मानित किया गया है ।दोनों पति-पत्नी चिलचिलाती धूप में प्रचार कर रही है ।दोनो एक गाड़ी में बैठकर राशन-पानी साथ लेकर अगले एक सप्ताह तक चुनाव प्रचार करेंगे ।श्री राम सिंह ने कहा कि मैं 20 वर्षो तक मुंबई में फिल्म इंडस्ट्री में पति-पत्नी काम किया लेकिन झारखंड का जल जंगल जमीन की रक्षा को लेकर मैं यह चुनाव लड़ रहा हूं। मेरा मुख्य उद्देश्य है कि क्षेत्र के लिए बेहतर विकास कर सकूं। शिक्षा रोजगार एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में मैं झारखंड में बेहतर करने की इच्छा हैं। आज झारखंड में संसाधन होने के बावजूद यहां के लोग बेरोजगार हैं ।वही प्रसिद्ध गायिका मेघा ने कहा कि जब चुनाव प्रचार में लोग बंदूक और बॉडीगार्ड लेकर घूमते हैं और उन्हें शर्म नहीं आती है तो मैं 150 रुपये का तख्ती लेकर घूमने में मुझे हर्ज क्या है।उन्होंने कहा कि मेरा नारा है ना धन बल ना बाहुबल सिर्फ जनबल ।अगर आज बड़ा-बड़ा डीजे लेकर लोग प्रचार करते हैं उसे ध्वनि प्रदूषण हो रहा है। वही लोग करोड़ों रुपए चुनाव में खर्च कर रहे हैं जो देश हित के लिए उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि जो लड़ेगा वही जीतेगा । मेघा ने कहा कि हमारे मजदूर से महाराष्ट्र और दिल्ली चमकता है तो हम झारखंड क्यों नहीं चमका सकते हैं। चतरा पानी और पैसा के लिए प्रसिद्ध है ।दोनों पति-पत्नी ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि बिना पैसा के ही हम लोग प्रचार कर रहे हैं जनता को जागरूक होना चाहिए धन बल के पीछे नहीं भाग कर बिना पैसा वाले को वोट करना चाहिए। ज्ञात हो कि श्री राम सिंह द लोड्स बहरूपिया में की कहानी का रचयिता में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित हो चुके हैं। जबकि मेघा शाहरुख खान के फिल्म भक्षक ,अजय देवगन के फिल्म शिवाय में गीत गा चुकी है। तथा सारेगामा में जजमेंट की भूमिका निभा चुकी है। इधर दोनों पति-पत्नी का अनोखा प्रचार कर ग्रामीणों ने के बीच एक अच्छा संदेश देने का प्रयास किया है जो चर्चा का विषय है।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंगरपट्टा में किया जनसंपर्क, मतदाताओं से मांगा समर्थन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टाटीझरिया :** भारतीय जनता पार्टी टाटीझरिया मंडल कमिटी ने बेड़म पंचायत के मंगरपट्टा में रविवार को पाठ सभा किया। जिसका नेतृत्व मंडल अध्यक्ष कैलाशपति सिंह ने किया। कार्यक्रम को प्रभारी सुरेश प्रसाद, पूर्व जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा एमके पाठक,प्रमुख संतोष मंडल,आजसू प्रखंड अध्यक्ष सुरेश कुशवाहा,जगन्नाथ राम,परमेश्वर यादव ने संबोधित किया।उन्होंने मतदाताओं के समक्ष केंद्र सरकार की उपलब्धियां को विस्तार से बताया।कहा कि गावों तक सड़क पहुंचाने की बात हो,किसानों को पीएम किसान से जोड़ने की बात हो,आयुष्मान योजना से मुफ्त इलाज की बात हो,उज्जवला योजना से गैस सिलेंडर,चूल्हा देने की बात हो,पीएम आवास योजना देने की बात हो,देश की सुरक्षा की बात हो सबमें मोदी जी का अहम योगदान है।उन्होंने ही इन योजनाओं को धरातल पर उतारा।महिलाओं के आरक्षण देकर समाज में पुरुषों के समक्ष ला खड़ा किया।

# कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष समेत मुख्यमंत्री का बरही में आज होगा सभा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** आज सोमवार को कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, झारखंड मुक्ति मोर्चा की नेत्री कल्पना सोरेन, झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर का कार्यक्रम बरही प्रखंड मैदान में 10ः00 बजे दिन में चुनावी सभा होना तय हुआ है। सभा इंडिया गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी जेपी पटेल के पक्ष में होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव के निर्देश पर एक कमिटी बनाई गई। जिसमें गिरिधारी लाल यादव, डॉ. निजामुद्दीन अंसारी, तोखन रविदास, संजय यादव, अब्दूल मनान वारसी, मनोहर यादव, इकबाल रजा, अशोक सिंह, रघुनंदन यादव, अनिल मेहता, नईम जावेद, बासुदेव यादव, गाजो यादव, छट्ठू गोप, कुणाल कटरियार, यमुना यादव, रवि कुमार यादव, प्रमोद वर्णवाल, अज्जु सिंह, राज कुमार यादव, मो. नसीम, मंटू यादव, गौतम मेहता, विकास यादव, दिगंबर भुइंया, मो. हेलाल अख्तर, बैजू गहलोत, रेवाली पासवान, विजय रविदास, मनोज ठाकुर, मनोज सिंह, लव कुमार सिंह, यदु यादव, प्रह्लाद सिंह वरिष्ठ कांग्रेसी नेता, सुनील कुमार साहु, मंजीत यादव, नरेश सिंह, शरीफुल हक, परमेश्वर यादव, असरफ अली, कार्तिक पासवान, मो.ताज उददीन, मो. गुलजार अंसारी, अब्दूल कयूम अंसारी, पप्पू खान, मो. वारिश अंसारी, निजाम उददीन, मुरली दांगी, मनोज रविदास, पप्पू ठाकुर, जितेंद्र कुमार दिबय, मुनि लाल ठाकुर, सिकंदर राणा, सुनील चंद्रवंशी, मनोज रविदास रामफल सिंह शामिल है।

## कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह के द्वारा जे पी भाई पटेल के पक्ष में जनसंवाद और धुआँधार चुनाव प्रचार चला



**हजारीबाग :** कटकमसांडी प्रखंड के विकास और सामाजिक समृद्धि के लिए लोगों के साथ जुड़ने का संकल्प लेते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ और उर्जावान नेता मुन्ना सिंह कटकमसांडी पंचायत के काण्डसार गांव और बरगड्डा पंचायत के बरगड्डा गांव में जनसंवाद और चुनावी अभियान का आयोजन किया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों से मिलकर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं को समझा। उन्होंने स्थानीय जनता से कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने का आह्वान किया और एक सशक्त, समृद्ध और संवादात्मक समाज के लिए एकजुट होने का संदेश दिया। उन्होंने कहा, हमारी सरकार लोगों के हर सपने को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है, और मैं विश्वास करता हूँ कि आप सभी हमें अपना समर्थन देंगे। श्री मुन्ना सिंह ने कहा, यह चुनाव हमारे समाज के भविष्य का मामला है, और हमें इसे गंभीरता से लेना चाहिए। हम सभी को एक समृद्ध, न्यायपूर्ण और विकसित समाज का निर्माण करने में साथ चलना होगा, इस अभियान में लोगों का जबरदस्त सहयोग रहा। मुख्य रूप से उपस्थित राजद जिलाध्यक्ष चरका यादव, ,कटकमसांडी प्रखंड अध्यक्ष नरसिंह प्रजापति, संजय सिंह,सोनू कुमार, तुफानी दिनेश यादव, सुजीत सिंह, विक्की कुमार धान,अशोक राम, विक्रम राय, अंकुश सिंह, मोहम्मद रब्बानी, गणेश कुमार, मनोज कुमार, सोबरन राम, राजेश कुमार, संतोष प्रजापति, विकास कुमार, संतोष कुमार राम, पंकज कुमार सिंह, अमरनाथ यादव, निशांत कुमार सिंह, सुरेंद्र मिश्रा, मोहम्मद इरफान अंसारी, संतोष कुमार, विकास कुमार इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## बादम में पथ सभा सह पथ भ्रमण का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** भारतीय जनता पार्टी बड़कागांव पुर्वी उरीमारी मंडल अंतर्गत बादम पंचायत के पूरे क्षेत्र का पथ भ्रमण जुलूस के साथ मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो के नेतृत्व में किया गया एवं पथ सभा का आयोजन कर एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, बेचन साव, राहुल कुमार, उज्जवल कुमार, सर्वोत्तम कुमार, कृष्ण गुप्ता, भगीरथ ठाकुर, दानिश खान, किशोर राणा, नितेश कुमार, रवि कुमार दांगी समेत कई कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## पीएम मोदी ने हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी मनीष को दिया जीत का मंत्र, मंच पर उनसे किया चुनाव पर चर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग लोकसभा और चतरा लोकसभा के संयुक्त महा विजय संकल्प सभा को लेकर शनिवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चतरा जिले के सिमरिया प्रखंड स्थित मुरबे मैदान में पहुंचे थे। यहां मंच पर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल को उनके करीब बैठे हुए देखा गया। इस चुनावी सभा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार मनीष जायसवाल से बात करते हुए देखे गए। कयास यह लगाया जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मनीष जायसवाल से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के चुनावी स्थति का जायजा लिया और उन्हें चुनाव में जीत के कई गुरुमंत्र भी दिए। पीएम मोदी का आशीर्वाद पाकर सभा के बाद हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल नए उत्साह से लबरेज दिखे और उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि नेता का आगमन ही हमारे मनोबल को बढ़ाता है लेकिन उनके इस सभा में लाखों की संख्या में उमड़े भीड़ ने यह जता दिया है की देश मोदीमय है और तीसरी बार प्रचंड मतों से मोदी सरकार बनेगी । हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने सिमरिया में पीएम नरेंद्र मोदी की चुनावी सभा को ऐतिहासिक और सफल बनाने के लिए हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के तमाम एनडीए गठबंधन के कार्यकर्ताओं, आम- जनता, मोदी समर्थकों को बधाई देते हुए आभार जताया। उन्होंने कहा की जनता का यह असीम प्रेम, स्नेह, आशिर्वाद और समर्थन से ही देश में तीसरी बार मोदी सरकार बनेगी ।

## यूथ विंग के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने मातृ दिवस पर गौशाला मे की गौ माता की सेवा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** शहर में सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने वाला हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन ने मातृ दिवस के पावन दिन पर अपनी जन्मदाता मां की सेवा करने के उपरांत शहर से करीब सात किलोमीटर दूर स्थित कोलकाता पिंजरापोल सोसाइटी द्वारा संचालित हजारीबाग गौशाला परिसर पहुंचकर गौ माता को गुड़, चोकर सहित अन्य सामग्री खिलाकर उनकी सेवा किया। उनके साथ हजारीबाग जिले के सुप्रसिद्ध डॉक्टर बी वेंकटेश मौजूद रहें उन्होंने भी गौ माता की सेवा किया। हमेशा चंद्र प्रकाश जैन गौ माता की सेवा करने गौशाला जाया करते हैं। मौके पर चंद्रप्रकाश जैन ने कहा कि मातृ दिवस पर मातृशक्ति की सेवा के साथ गौ माता कि सेवा कर मन काफी प्रसन्न हुआ है मैंने अपनी जीवनशैली में दो मां को माना है। एक जन्मदाता और दूसरी गौ माता। दोनों को प्रणाम कर अपनी दिन की शुरुआत करता हूं, मुझे बहुत खुशी मिलती है ऐसे कार्य करने से।

## भाजपा प्रत्यासी मनीष जयसवाल के पक्ष में पथ सभा का हुआ आयोजन



**बड़कागांव :** भारतीय जनता पार्टी बड़कागांव पश्चिमी मंडल में भाजपा मंडल अध्यक्ष आदित्य साहू सोनी के नेतृत्व में कांडतरी पंचायत के ग्राम मिर्जापुर में पथ सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन कांडतरी पंचायत के मुखिया पारसनाथ प्रसाद के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि भाजपा जिला मंत्री मूलचंद साव उपस्थित रहें। आदित्य साहू सोनी एवम् मुख्य अतिथि मूलचंद साव ने कहा की मोदी जी के द्वारा चलाए गए योजनाओं का पैसा अब सीधे जनता के खाते में आता है। विपक्ष के पास न कोई मुद्दा है न ही कोई नीति है। 20 मई को जब चुनाव होगा उस दिन सभी लोग अपने मत का प्रयोग कर मनीष जयसवाल को भारी मतों से विजय बनाने और देश के प्रधानमंत्री को मजबूत करने का काम करें। उपस्थित ग्रामीणों ने हजारीबाग भाजपा लोकसभा प्रत्याशी माननीय मनीष जयसवाल को भारी मतों से विजय दिलाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में उपप्रमुख बचनदेव कुमार, पूर्व प्रमुख सह भाजपा नेता टुकेशवर प्रसाद, कामेश्वर महतो, भवानी प्रसाद, लालदेव महतो, रविकांत महतो, सुधीर कु. चौबे, रामचरण महतो, भोला प्रसाद दांगी, देवनारायण महतो, राजू सोनी, जिला सोसल मीडिया प्रभारी शिव शंकर उर्फ़ शिबू मेहता, उदय मेहता, सत्यजीत विद्या अलंकार, प्रवीण कुमार, शिव शंकर कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता और सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## देश को बचाना है तो गठबंधन का सरकार बनाना जरूरी : संजय तिवारी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** हजारीबाग लोकसभा चुनाव को लेकर बड़कागांव बैंक ऑफ़ इंडिया के सामने सिंहा कॉम्प्लेक्स में इंडीया गठबंधन के द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस किया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में इंडिया गठबंधन के वरिष्ठ कांग्रेसी संजय तिवारी, जेएमएम केंद्रीय सदस्य झमन प्रसाद, जेएमएम के प्रखंड सचिव सरोज कुमार एवं पंकज गुप्ता शामिल हुए। पत्रकारों को संबोधित करते हुए वरिष्ठ कांग्रेसी नेता हजारीबाग जिला 20 सूत्री सदस्य संजय तिवारी ने कहा की देश को बचाना है तो गठबंधन का सरकार बनाना जरूरी है अन्यथा देश में पूर्ण रूप से अराजकता फैल जाएगी। मैं अपने 25 वर्ष की राजनीतिक कार्यकाल में कभी भी देश में ऐसी अराजकता नहीं देखी थी। कांग्रेस की गारंटी कार्ड की पूर्ण गारंटी है सरकार बनी तो सभी पर अमल किया जाएगा। जिसमें हर गरीब महिला को 100000 सालाना राशि राशि देने के अलावा युवाओं से संबंधित अन्य कई महत्वपूर्ण कार्य हैं। भाजपा की सरकार लोगों को सिर्फ ठगने का काम कर रही है। कांग्रेस की सरकार में सभी जाति समुदाय धर्म के लोग एक जुट रहते थे परंतु अब हालत काफी भिन्न देखी जा रही है। आगे श्री तिवारी ने भाजपा के उम्मीदवार मनीष जायसवाल पर जमीन, शराब, शिक्षा, कोयला, बालू से संबंधित कई गंभीर बातें कही है। साथ ही आरोप लगाया के खिरगांव स्थित मुक्तिधाम की जमीन को भी बेच दिया। वहीं जयप्रकाश भाई पटेल के पक्ष में मतदान करने के लिए अपील की और कहा कि क्रम संख्या एक पर बटन दबाकर जयप्रकाश भाई पटेल को जीताने का काम करें और इंडी गठबंधन को मजबूत बनाएं। वहीं झमन प्रसाद ने इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार जेपी भाई पटेल के पक्ष में मतदान करने को लेकर कहा कि केंद्र में भाजपा सरकार होने से आज लोकतंत्र खतरे में है। इंडि गठबंधन उसे बचाने में लगी है। जेपी भाई पटेल आंदोलनकारी एवं किसान का बेटा है,उनके पक्ष में मतदान करके केंद्र में गठबंधन की सरकार बनाने की अपील की है। पंकज गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस हजारीबाग में मजबूत है और इंडिया गठबंधन का साथ मिलने से और भी मजबूत हो गई है वर्तमान स्थिति को देखते हुए भाजपा से किसी प्रकार की कोई उम्मीद नहीं की जा सकती है। जेएमएम के प्रखंड सचिव सरोज कुमार ने कहा कि भाजपा सरकार का कहना है कि गरीबी और बेरोजगारी खत्म हो रही है, लेकिन वर्तमान में गरीबी एवं बेरोजगारी चरम पर है इंडिया गठबंधन ही इसका निदान कर सकती है।

# नवादा एवं कुसुम्भा पथसभा में सैकड़ो की सँख्या में कार्यकर्ता हुए शामिल





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** हज़ारीबाग लोकसभा चुनाव मद्देनज एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल के समर्थन में जिला से नियुक्त प्रभारी रंजीत सिन्हा एवं मंडल पदाधिकारियों की उपस्थिति विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल के नवादा एवं बकसपुरा में विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल किशोर कुमार मंडल की अध्यक्षता में विष्णुगढ़ प्रखण्ड के नवादा शक्तिकेन्द्र(पंचायत) एवं कुसुम्भा शक्तिकेन्द्र(पंचायत) के शक्तिकेंद्र संयोजक,सह-संयोजक एवं कार्यकर्ताओं संग पथसभा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पथसभा कार्यक्रम का आयोजन नवादा शिव मंदिर के समीप तथा कुसुम्भा में बरगद के पेड़ के नीचे सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने शिरकत की,साथ ही सभी कार्यकर्ताओं ने एक सुर में मनीष जायसवाल को जिताने का संकल्प लिया। नवादा शक्तिकेन्द्र के मुख्य वक्ता के रूप में मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल तथा कुसुम्भा में मधुसूदन प्रसाद ने शक्तिकेन्द्र में मुख्य वक्ता के रूप में सम्बोधित किया। दोनो वक्ताओं ने कार्यक्रम के दौरान पथसभा के करणीय कार्य की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि पिछले दस वर्षों में मोदी सरकार ने आम-जन के जीवन मे सुधार के लिए कई कदम उठाएं है,अब हमें 400 सौ पार कराकर तीसरी बार फिर से चुनकर भेजना है। इसके लिए हमे बूथ की बारीकियों को समझते हुए अपने पक्ष में अधिक-अधिक मतदान कराना है। बूथ पदाधिकारियो को अपनी टीम और पन्ना प्रमुखों से संपर्क कर उन्हें उनकी जिम्मेदारी बतानी है, ताकि कोई भी वोटर हमसे छुटे नही। पन्ना प्रमुख अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए एक पन्ने में करीब 60 वोटर होते है,जिसे आम भाषा मे कह सकते 12 परिवार,बस एक पन्ना प्रमुख को 12 परिवार से संपर्क कर अपने पक्ष में मतदान को प्रेरित करना है।भारतीय जनता पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता इस बात को समझ जाएं तो भाजपा की जीत ऐतिहासिक होगी।कार्यक्रम का समापन मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ समाप्त किया। इस मौके पर मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि मधुसूदन प्रसाद,प्रभु प्रसाद विश्वकर्मा, भीम राम, नीतीश कुमार,लाटो साव, द्वारिका साव,रंजीत पासवान समेत सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## चंद्रवंशी समाज नहीं सहेगा अपना अपमान : अजीत चंद्रवंशी

**हजारीबाग।** बिगत दिनों 7 मई दिन मंगलवार को दिल्ली में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान भाजपा दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष सह सांसद मनोज तिवारी ने एक विशेष जाति चंद्रवंशी (कहार) को कहार तथा कहरवेन शब्द से संबोधित करके पूरे चंद्रवंशी समाज का प्रतिष्ठा का हनन किया है। अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी महासभा के आजीवन सदस्य सह युवा समाजसेवी अजीत चंद्रवंशी ने इसका कड़ी निंदा किया। अजीत चंद्रवंशी ने कहा कि भाजपा सांसद मनोज तिवारी के इस शब्द से समाज के लोगों को काफी आहत पहुंची है। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि लोकतंत्र में सभी जातियों का एक समान प्रतिष्ठा है परंतु भाजपा सांसद मनोज तिवारी अपने आप को लोकतंत्र और संविधान से ऊपर समझ रहे है। आज मोदी के नाम पर जीने वाले प्रत्याशी अनाब-शनाब बयान बाजी कर रहे हैं। मनोज तिवारी अपने अतीत झांक कर देखे कि वो पिछले जीवन में क्या थे आज अपना अस्तित्व भूलकर एक विशेष जाति को टारगेट करके नीचा दिखाने का काम कर रहा है। मोदी का देन है कि आप जिंदा है और आपका अस्तित्व बचा हुआ है। देश के सबसे बड़े पार्टी में रहकर कुर्सी का लिहाज तक करना नहीं सीखे। आप लंबे समय तक राजनीत में टिक कर रह सकते थे परंतु ठीक इसके विपरीत आपने किसी खास समाज को टारगेट करके अपने लिए मुश्किल खड़ा कर दिया है। मैं निश्चित तौर पर आपके संसदीय क्षेत्र के अपने समाज के लोगों से आग्रह करूंगा कि वे सभी आपका बहिष्कार करे। हमने आज तक किसी विशेष जाति पर किसी भी प्रकार का टीका टिप्पणी नहीं किया बल्कि समय समय पर मान सम्मान देने का कार्य किया हूं। हमारे हजारीबाग, कोडरमा तथा गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र में चंद्रवंशी मतदाताओं की संख्या 5 लाख से भी ज्यादा है अगर भाजपा मनोज तिवारी पर उचित कार्यवाई नहीं करते है तो हजारीबाग,कोडरमा तथा गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र सहित पूरे देश भर में भाजपा को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। इतने समय बीतने के बाद भी अभी तक भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने माफी नहीं मांगा है अगर 24 घंटे के भीतर मनोज तिवारी प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से माफ़ी नहीं मांगते है तो चंद्रवंशी समाज द्वारा विभिन्न स्थानों पर मनोज तिवारी का पुतला दहन किया जाएगा जिससे भाजपा को विरोध का सामना करना पड़ सकता है।

# अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर मिशन होस्पिटल में कार्यरत नर्सों को मिला सम्मान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के सहयोग द्वारा संचालित बिजली ऑफिस रविन्द्र पथ स्थित संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल में रविवार को अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया गया। इस दौरान मिशन होस्पिटल में कार्यरत सभी नर्सों ने संयुक्त रूप से केक काटकर एक- दुसरे को नर्स दिवस की शुभकामनाएं दी। अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर अस्पताल के प्रबंधकीय टीम द्वारा सभी नर्सों को विशेष सम्मान दिया गया। वहीं अपने मुल कर्तव्यों एवं समर्पण के प्रति हमेशा तत्पर रहने का सबों ने संकल्प लिया। इस मौके पर फ्लोरेंस नाइटिंगेल के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर उनकी नर्सिंग के क्षेत्र में दिए गए योगदान को याद किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ अमित अमर सोरेन, डॉ प्रवीण श्रीनिवास, नीपम खलको, डॉ. रंजीत कुमार, डॉ. समीर कुजूर एवं डॉ. आरके अग्रवाल शामिल रहे। मौके पर श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने सभी नर्सों को अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर शुभकामनाएं दी। डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि चिकित्सा के क्षेत्र में जितनी अहम भुमिका डॉक्टर्स की होती है, उतनी ही महत्वपूर्ण भुमिका नर्स की भी होती है। मरीजों को ठीक करने में नर्स सरहानीय भुमिका अदा करती है। इससे बड़ा सेवा एवं पूण्य का कार्य नहीं हो सकता है। साथ ही उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर सभी नर्सों को गौरवान्वित महसूस करना चाहिए। मौके पर विशेष रूप से मिशन होस्पिटल में कार्यरत नर्स नेहा द्विवेदी, मोचन बारला, सत्य कच्छप, रोशनी खलखो, एडिथ पुष्पा मिंज, सबीना लाकड़ा, आभा सुप्रिया तिर्की, नीलम टोपनो, सुमंती बरवा, रेनू कुमारी, अंजना कुमारी, सूरज कुमार, अंकित कुमार, अनिका कुमारी, सुनीता कुमारी, सोनी कुमारी, नादान, सीमा कुमारी एवं रीमा कुमारी शामिल रही।

## कांग्रेस उम्मीदवार जेपी भाई पटेल के पक्ष में मतदान को लेकर बकसपुरा में हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ :** विष्णुगढ़ प्रखंड के बकसपुरा में इंडी गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल के समर्थन में बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता पंचायत के मुखिया नन्हकू महतो तथा संचालन पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि महेंद्र महतो ने किया। बैठक में उपस्थित ग्रामीणों के बीच कांग्रेस के गारंटी पत्र का वितरण किया गया। बैठक में ग्रामीणों ने कहा कि स्थानीय को कांग्रेस टिकट देकर हजारीबाग का मान सम्मान बढ़ाया है। कांग्रेस ने देश की आजादी से लेकर अब तक कई जनकल्याणकारी कार्य किया है। हेमंत सोरेन की सरकार ने गरीबों के लिए पक्का आवास दिए हैं। जयप्रकाश भाई पटेल हमेशा सुलभ रहते हैं। इसलिए जयप्रकाश भाई पटेल को हाथ छाप में वोट देकर विजय बनाना है। महेंद्र राम ने कहा कि दलित वर्गों के लिए एकमात्र संगठन इंडी गठबंधन है। हमें इंडिया गठबंधन को जिताना है। बैठक में मुख्य रूप से महादेव महतो, मनोवर आलम, मजलूम अंसारी, तूफानी अंसारी, अजमत अंसारी, सोबरन महतो, प्रीतलाल महतो, मुकेश कुमार, कुलदीप कुमार, इस्माइल अंसारी, कामेश्वर रविदास समेत आदि उपस्थित थे।

## पंचम पासवान के नेतृत्व में इंडी प्रत्याशी जेपी पटेल के लिए चलाया गया जनसंपर्क अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** इंडिया गटबंधन के हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी जेपी पटेल के जीत के लिए। कांग्रेस कार्यकर्ता पंचम कुमार पासवान के नेतृत्व में, कांग्रेस पार्टी के मेनिफेस्टो गारंटी कार्ड के साथ जनसंपर्क अभियान चलाया गया।इस अभियान में कजरू साव, अमृतेश रंजन, राजेश गुप्ता एवं प्रवीण पांडे शामिल हुए। सभी ने कांग्रेस प्रत्याशी जीपी पटेल को वोट करने की अपील की।अभियान में पंचम कुमार पासवान ने युवाओं को बताया कि वंचित समुदाय अपने आर्थिक अधिकार खो चुके हैं।सरकार के विभिन्न विभागों में एवं अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों पीएसयू में खाली पड़े पदों के कारण अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग समुदाय के लोग नौकरियों से वंचित हो गए हैं। आदिवासियों को उनके वन अधिकारों से वंचित रखा गया है। सरकारी संस्थानों की स्वतंत्रता ख़त्म हो गई है। संवैधानिक निकायों सहित प्रत्येक संस्था को कमजोर कर दिया गया है।कांग्रेस के मेनिफेस्टो में पांच न्याय और 25 गारंटी के साथ हाथ बदलेगा हालत सीएसडीएस के सर्वे के अनुसार 27त्न लोग बेरोज़गारी को मुख्य मुद्दा मानते हैं। कांग्रेस ने युवा न्याय घोषणा पत्र में युवाओं को 30 लाख सरकारी नौकरी की पक्की गारंटी दी है। किसानो को कर्ज माफी एवं न्यूनतम एमएसपी कानून, देश में जाति जनगणना, जिसकी जितने हिस्सेदारी उसकी उतनी भागीदारी ।नारी न्याय में लिखेंगे महिला सशक्तिकरण का नया अध्याय नारी शक्ति को न्याय दिलाने हेतु कांग्रेस का वादा हैं।जिसमे गरीब महिलाओं को सलाना एक लाख रुपया की आर्थिक सहायता। केंद्र सरकार की नई भर्तियों में महिलाओं को 50त्न आरक्षण।आंगन वाड़ी और मिड डे मील कर्मियों के वेतन दुगना किया जाएगा।

## जेबीकेएसएस के सक्रिय सदस्यों ने की बैठक



**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चेंगाड़ा फुटबॉल मैदान के को झंड़ा बोर स्थित जेबीकेएसएस के सक्रिय सदस्यों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक मे झारखन्ड लोकतंत्रिक करन्तिकारी मोर्चा के हज़रीबाग लोकसभा प्रत्याशी संजय मेहता को भारी मतों से विजय बनाने को लेकर चेंगाड़ा पंचायत मे बूथ कमेटी का गठन किया गया साथ ही पार्टी के प्रचार प्रसार हेतू विचार विमर्श किया गया चैनगड़ा में कुल 4 बूथ है इन चारों के अध्यक्ष का चयन किया गया। बैठक में मुख्य रूप के केन्द्रिय संगठन महासचिव राजेन्द्र बेदिया, गिरीशंकर महतो, नौशाद अंसारी अंजन महतो, राजदीप महतो, जयपाल महतो मुंसी महतो भोला मह?तो, गणेश बेदिया, विराट बेदिया,गोपाल महतो, शराफत अंसारी चंद्रदेव तुरी, रंजीत बेदिया, कविता कुमारी गुड़िया, ममता देवी प्रतिमा देवी, मालती देवी निलेश्वरी देवी साहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## भाजपा कार्यक्रता को षड्यंत्र के तहत इस्तीफा दिलाना गलत : प्रवीण मेहता

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को प्रेस रिलीज कर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता ने कहा की चुनावी सरगर्मी चढ़ते भाजपा कार्यकर्ताओं को षड्यंत्र के तहत इस्तीफा दिलाने का कार्य डेमोटांड में रहने वाले नेता वाले ये कभी भाजपा के नेता थे वर्तमान में टीएमसी के नेता हैं वरिष्ठ नेता यशवंत सिन्हा के द्वारा बलगलाकर इस्तीफा दिला रहे हैं। प्रकाश मिश्रा, रविंदर शर्मा जो सांसद प्रतिनिधी हैं वे भी इस में शामिल हैं। अभी तक जिन्होंने इस्तीफा दिया है उनमें लगभग मुख्यता सांसद प्रतिनिधि ही रहे हैं। लेकिन जो भी कार्यकर्ता इस्तीफा दिए हैं वह आज भी भाजपा के साथ है मनीष जयसवाल का प्रचार कर रहें हैं,उन सभी कार्यकर्ताओं का वीडियो क्लिप भी है जो यह बोल रहे हैं कि मुझे षड्यंत्र के तहत इस्तीफा दिलाया गया है। हजारीबाग लोकसभा में कितना भी षड्यंत्र कर ले भाजपा चार लाख पार कर मनीष जायसवाल को भारी मतों से जीत दिलाने में अपनी मकसद में कामयाब रहेगा । भाजपा के सभी कार्यकर्ता सक्रिय रूप से कार्य कर रहें हैं।



## ट्रेलर गाड़ी की चपेट में आने से एक व्यक्ति हुआ गंभीर रूप से घायल

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गोला थाना क्षेत्र के डीवीसी चौक के पास रविवार की सुबह लगभग 10.00 बजे के आस पास एक ट्रेलर गाड़ी की चपेट में आने से बरलांगा थाना क्षेत्र के नावाडीह गाँव निवासी गुजना नायक पिता स्व. जगदम्बा नायक गंभीर रूप से घायल हो गया। ट्रेलर गाड़ी सिल्ली से रामगढ़ की ओर जा रही थी। घटना को संज्ञान में लेते हुए गोला थाना प्रभारी हरिपद टुडू ने एंबुलेंस के द्वारा घायल व्यक्ति को प्राथमिक चिकित्सा हेतु गोला स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सकों के द्वारा घायल व्यक्ति का प्राथमिक उपचार कर बेहतर ईलाज के लिए रांची स्थित रिम्स रेफर कर दिया। घायल व्यक्ति के दोनों पैर बुरी तरह से जख्मी हो गये है। घटना के पश्चात गोला पुलिस के द्वारा गाड़ी सहित चालक व खलासी को पकड़कर थाना लाया गया है।



## रामगढ़ कैंट भाजपा की बैठक संपन्न



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा जिला चुनाव कार्यालय ला मैरिटल रामगढ़ में केंट मंडल में जनसभा करने हेतु बैठक रखी गई । जिसकी अध्यक्षता केंट मंडल के अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव ने किया । बैठक में मुख्य रूप से कैंट मंडल प्रभारी रंजीत पांडे उपस्थित हुएद्यआज के कार्यक्रम के लिए वार्ड नंबर 5 और 6 चयनित किया गयाद्य बैठक में सभी वार्डों के प्रभारी संयोजक सह संयोजक सभी बुथअध्यक्ष उपस्थित हुएद्य बैठक में कार्यक्रम स्थल का चयन किया गयाद्य वार्ड नंबर 5 में संजीत सिंह मुखिया ममता गढा छोटकी मुरम मरई टांड़ में तथा वार्ड नंबर 6 में मुखिया पूर्णी देवी के घर के पास रखा गया हैद्य कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सभी बुथ अध्यक्ष को अपने बूथ कमेटी के साथ उपस्थित होने का आवाहन किया गया हैद्यबैठक में मुख्य रूप से उपस्थित होने वालों में महेंद्र प्रजापति मोहन पांडे संतोष शाह सुशांत पांडे ऋषिकेश सिंह अजीत गुप्ता मिथिलेश मंडल सुरेंद्र कुमार शर्मा वरुण सिंह सत्यजीत चौधरी सत्यजीत सिंह अरविंद सिंह संजय श्रीवास्तव अविनाश सिंह बृजेश पाठक सुजीत छाबड़ा निकेता चक्रवर्ती जगदीश शर्मा रंजीता देवी ईश्वर पासवान आदि लोग उपस्थित हुए ।

## आपदा प्रबंधन राहत कोष से तत्काल मदद किए जाने की मांग की : पुनीता देवी



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मौसम परिवर्तन होते ही अचानक आए तेज हवा व बारिश के कारण कंडेर पंचायत सियूर गांव के महुआ टोला में रहने वाले प्रजापति परिवार के घरों पर विशालकाय महुआ का पेड़ गिर जाने से 10 घरों को भारी नुकसान पहुंचा है। इस संबंध में पंचायत समिति सदस्य पुनीता देवी द्वारा बताया गया कि बीते दिन अचानक तेज हवा हुआ बारिश आने के कारण अत्यंत गरीब परिवार उमेश प्रजापति, कर्मा प्रजापति, सूरज प्रजापति व अमित प्रजापति चारों भाइयों के 10 घरों में पेड़ गिर जाने से लगभग लगभग 4 से 5 लख रुपए की सामानों की नुकसान हुई है। इन लोगों के घरों में पेड़ गिर जाने के कारण इन सभी पीड़ित परिवार के लोगों के पास रहने के लिए छत भी नहीं है। खुले आसमान के नीचे रहने पर विवश है।घटना की जानकारी पतरातू अंचल के अंचल अधिकारी व प्रखंड विकास पदाधिकारी को दे दी गई है। इन सभी पीड़ित दस परिवारों को तत्काल आपदा प्रबंधन राहत कोष से मदद पहुंचाने की मांग की गई है। पीड़ित परिवार के लोगों ने कहा कि हम लोगों ने सरकार व जिला प्रशासन से गुहार लगाते हुए कहा कि तत्काल आपदा प्रबंधन राहत कोष से मदद दिया जाए ताकि अपने घरों का निर्माण कर खुले आसमान के नीचे रहने से निजात मिल सके।

### जयप्रकाश भाई पटेल का रामगढ़ विधानसभा में चुनावी जनसंपर्क, मिला भारी समर्थन

# धंधा करने वाले को नहीं, सेवा करने वाले को दें अपना वोट : जय प्रकाश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल ने रविवार को रामगढ़ विधानसभा अंतर्गत चितरपुर और दुलमी प्रखंड क्षेत्र में चुनावी जा संपर्क किया। इस दौरान उन्होंने दर्जनों गांवों का भ्रमण कर कांग्रेस के पक्ष में वोट मांगा। जनसंपर्क के दौरान कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, पूर्व विधायक ममता देवी, पूर्व विधायक प्रत्याशी बजरंग महतो समेत इंडिया गठबंधन के सैंकड़ों नेता कार्यकर्ता मौजूद रहे। सर्वप्रथम दुलमी प्रखंड के जेल मोड़ के पास उनका स्वागत फूल माला पहना कर जोर शोर से किया गया। तत्पश्चात जनसंपर्क अभियान प्रारम्भ हुआ।जय प्रकाश भाई पटेल जनसंपर्क के दौरान लगातार लोगों से संवाद करते रहे। उन्होंने जनसभा और घर घर दरवाजा खटखटा



कर लोगों से बात चीत की। उन्होंने देश में उत्पन्न हुई हालात पर चर्चा करते हुए केंद्र की मोदी सरकार पर भी हमला किया। उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि रामगढ़ के पास सभी संसाधन मौजूद है बावजूद इसके मोदी सरकार ने न सिर्फ रामगढ़ बल्कि पूरे झारखण्ड को नजरअंदाज किया। सभी विकास कार्य सिर्फ भाजपा के पसंदिदे जगहों पर हुई। झारखंड को कुछ नहीं मिला। यह सब इसलिए हुआ क्योंकि मोदी और अमित शाह के सामने इनके सांसदों की भी नहीं चलती। उन्होंने मतदाताओं से वादा करते हुए कहा कि वो संसद पहुंच यहां के लोगों को उनका हक दिलवाएंगे, इसके लिए चाहे किसी से भी लड़ना पड़ जाए। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी के व्यावसायिक पृष्ठभूमि पर हमलावर होते हुए कहा कि धंधा करने वाले सिर्फ धंधा करेंगे, हमारी पीढ़ी सेवा करती आई है और हम सेवा करते रहेंगे।जनसंपर्क अभियान में शहजादा अनवर, रामगढ़ पूर्व विधायक ममता देवी, भुनु महतो, मुन्ना पासवान, दुलमी जिला परिषद प्रीति दीवान, बजरंग महतो, राजकुमार महतो, ज़ोया परवीन, नीलकंठ महतो, गुलजार अंसारी, महेश ठाकुर, प्रदीप शर्मा, दशरथ महतो, बलकुमार महतो, कमलेश कुमार महतो, तस्लीम अंसारी, मनोज पुझर, राजू महतो, मनीष पटेल, सुधीर मंगलेश, हरि महतो सहित सैंकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## डीएवी बरकाकाना में मातृ दिवस मनाया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**भुरकुंडा :** डीएवी बरकाकाना में मातृ दिवस मनाया गया।तिलक टियारा एवं बैच के साथ मातृ सत्ता रुपी माताओं का स्वागत वर्ग द्वादश की बच्चियों ने किया। मंच संचालन की भूमिका में स्वेता यादव के साथ शांभवी पाठक, आफरीन कौशर, भार्गवी झा, जयश्री राय ने निभाई। विद्यालय के शिक्षक ए के ठाकुर प्राचार्य महोदय को हरित पौध प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि बच्चों के लिए जो मां का त्याग होता है, धन्यवाद देकर उसका मोल नहीं चुकाया जा सकता । उन्होंने कहा कि मां तो जन्नत का फूल है ,सर आंखों पर उनके चरणों की धूल है। इसके पश्चात प्राचार्य एवं माताओं ने मंत्रोच्चारण के साथ दीप प्रज्जवलित किया।वर्ग द्वादश की बच्चियों ने ऐ शुभारंभ के बोल पर स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। वर्ग द्वादश के



विद्यार्थियों ने जीना -जीना रे उड़ा गुलाल गीत प्रस्तुत किया। विद्यालय के शिक्षक भोला शंकर ने गिटार पर संगत किया। वर्ग द्वादश के सिद्दार्थ बसु ने जिंदगी मिल के बितायेंगे गीत प्रस्तुत किया । इस अवसर पर शिक्षक रंजीत सिंह ने माताओं के सम्मान में तू कितनी अच्छी है ,तू कितनी भोली है ,प्यारी प्यारी है,ओ मां ,ओ मां , गीत प्रस्तुत किया। शिक्षक बिनोद कुमार ने स्वरचित कविता सुनाई। इस अवसर पर द्वादश की छात्रा तान्या महतो ने स्वरचित कविता सुनाई। विद्यालय की बच्चियों मिश्रित गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया।इस अवसर पर माताओं ने फैशन शो प्रतियोगिता में भाग लिया।वर्ग द्वादश की सृष्टि की मां ने गीत प्रस्तुत किया । इसके पश्चात म्युजिकल चेयर प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें सभी माताओं ने बढ़ चढकर भाग लिया।

### जयप्रकाश भाई पटेल के समर्थन में झामुमो ने देवरिया में किया जनसभा

## 25000 मतो से पतरातु प्रखंड में लीड करेंगे जयप्रकाश भाई पटेल : संजीव बेदिया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**भुरकुंडा :** भदानी नगर के देवरिया फुटबॉल ग्राउंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा ने जयप्रकाश भाई पटेल के समर्थन में की जनसभा का आयोजन किया।इस जनसभा में झामुमो के केंद्रीय सचिव संजीव कुमार बेदीया ने कहा की इंडिया गठबंधन के हजारीबाग लोकसभा के प्रत्याशी जेपी भाई पटेल भारी मतों से विजय होंगे। इसके लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता युद्ध स्तर पर अपने-अपने क्षेत्र में प्रत्याशी को लेकर प्रचार प्रसार कर रहे हैं। उन्होंने मुख्य रूप से कहा कि पतरातू प्रखंड से 25000 मतों से लीड करेंगे जयप्रकाश भाई पटेल। साथ ही रामलखन मुंडा की वापसी पर पट्टा पहनाकर स्वागत किया। इस बैठक में झामुमो के केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया , अध्ययक्षा प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र बेदिया और संचालन उदय अग्रवाल ने किया। मौके पर संजय वर्मा, मुकेश राउत, हरिलाल बेदिया, नरेश बेदिया, टिंकू बेदिया, रोहित मुंडा, अजय सोरेन, बालगोविंद भुइंया, योगेंद्र यादव, कलेंदर यादव, शांति देवी, प्रतिमा देवी, ललिता देवी, के साथ दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## उपायुक्त के न्यायालय द्वारा दिया गया आदेश, दो अपराधियों को प्रतिदिन लगानी होगी थाने में हाजरी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रामगढ़ चंदन कुमार के न्यायालय में झारखंड अपराध नियंत्रण अधिनियम 2002 के तहत वैसे अपराधियों जोकि जेल से छूटकर आने पर अपने घर पर न रहकर बाहर से ही व्यावसायियों एवं ठेकेदारों से रंगदारी की मांग करते हुए धमकी देने, विभिन्न स्त्रोतों से खबर भिजवाकर या खुद जाकर अपने प्रभाव क्षेत्र के ठेकेदारों व्यवसायियों, ट्रांसपोर्टरों तथा सीसीएल के पदाधिकारी/ कर्मियों को लेवि के लिए भयभीत करने का कार्य करते हैं एवं जिला बदर किए जाने के उपरांत भी अवांछित रूप से जिला में प्रवेश करने तथा विभिन्न स्त्रोतों से खबर भिजवाकर या खुद जाकर लेवी के लिए भयभीत करने अथवा वाद के गवाहों व वादी को डराने धमकाने की संभावना एवं अपराधी की गतिविधियों पर प्रतिदिन निगरानी रखने की आवश्यकता से संबंधित मामले में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी के न्यायालय द्वारा की गई सुनवाई में निम्न आदेश जारी किए गए हैं।अपराध कर्मी विक्की



सिंह सांकुल पतरातू, गुलशन कुमार पतरातू बस्ती पतरातू को आगामी 3 महीने अथवा आदर्श आचार संहिता की अवधि समाप्त होने तक जो भी पहले हो के लिए प्रतिदिन 10ः00 बजे पूर्वाह्न में संबंधित थाना के थाना प्रभारी के समक्ष हाजिरी लगाने हेतु आदेश दिया गया है। यदि कोई अनुज्ञप्ति आधारित शस्त्र है तो अविलंब उसे स्थानीय थाने में जमा करना होगा एवं इस अवधि में किसी भी स्थिति में शस्त्र धारित नहीं करना होगा।उक्त सभी आदेश तत्काल प्रभाव से लागू है एवं आदेश की अवमानना अथवा उलंघन झारखंड अपराध नियंत्रण अधिनियम 2002 की धारा 25 तथा भारतीय दंड संहिता, इत्यादि के अन्य सुसंगत धाराओं के अंतर्गत दंडनीय होगा।

## सरकारी जमीन कब्जाने जेसीबी लेकर पहुंचे जमीन दलाल बैरंग लौटे

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** छः मई को रांची रोड मरार निवासी शिक्षिका सह मानवाधिकार परिषद की झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सिंधु झा ने उपायुक्त से मिलकर सीएन कॉलेज रोड पर सरकारी जमीन की अवैध खरीद फरोख्त सहित सरकारी जमीन पर अवैध बालू स्टॉक प्वाइंट बनने की सूचना लिखित रूप में दिया था जिसकी जांच अभी चल हीं रही थी।लेकिन इसी बीच रविवार को सुबह सुबह जमीन दलाल दर्जनों महिला पुरुषों के साथ जेसीबी लेकर सरकारी जमीन पर ट्रेंच काटने पहुंचे थे जिसकी सूचना सिंधु झा ने एसडीपीओ रामगढ़ को दिया जिसके बाद कुजू ओपी प्रभारी तत्काल मौके पर पहुंचकर काम को रूकवाया और कागजात की जांच हेतु मांडू हल्का कर्मचारी को भी बुलवाया जिसने जांच के बाद उक्त भूमि को गैरमजूरवा पाया और काम को बंद करवाने के साथ उस जमीन पर पड़े बालू को शाम तक उठाने की मोहलत देते हुए वहां किसी प्रकार के निर्माण करने पर कानूनी कार्यवाही करने की चेतावनी दी।उक्त बातों की जानकारी देते हुए सिंधु झा ने बताया की पुलिस और कर्मचारी के पहुंचने से जमीन दलाल की घिग्गी बंध गई थी और वो जमीन के कागजात दिखाने में असमर्थ रहें और वहां से चलते बने साथ हीं चेतावनी के तुरंत बाद दोपहर में हीं जेसीबी लगाकर यहां से बालू अन्य जगह स्थांतरित किए जाने का काम जारी है। इस त्वरित कार्यवाही हेतु सिंधु झा ने उपायुक्त,एसडीपीओ, कुजू ओपी सहित रामगढ़ के सभी पुलिस पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा की इन जमीन दलालों ने उनके द्वारा लगाए गए तीन शीशम के पौधों को भी नष्ट कर दिया जो कानूनन अपराध है साथ ही सीएन कॉलेज रोड पर अन्य जगहों पर भी सरकारी भूमि पर निर्माण जारी है उसे भी रोकने की आवश्यकता है जिससे सरकारी जमीन की लूट रोकी जा सके।

## ज्ञान महिला समिति के द्वारा मातृ दिवस मनाया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** ज्ञान महिला समिति के द्वारा रामगढ़ जिले के कर्मा अंबापुर मे मातृ दिवस मनाया गया। अलासो देवी की अध्यक्षता में ज्ञान महिला समिति के संस्थापक विनोद जायसवाल ने बताया कि रामगढ़ जिले में विभिन्न गांव में मां दिवस मनाया गया साथ ही बुजुर्ग महिलाओं को महिलाओं के हाथों माला पहनकर फूलों की वर्षा कर पांव पूजन कर पशु पक्षियों कबूतर गौ माता को भीषण गर्मी को लेकर छत के ऊपर घर के बाहर पेड़ के छाव में पानी भरा टप रखें उसके लिए 51 महिलाओं को टप का वितरण किया गया साथ ही जयसवाल ने कहा कि सभी माता को मां दिवस के मौके पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं बुजुर्ग महिलाओं ने भी विनोद जायसवाल को आशीर्वाद देते हुए कहां की पूरे जीवन में पहली बार मां दिवस के मौके पर पांव पूजन कर फूलों की वर्षा कर मां को जो सम्मान दिया है साथ ही महिलाओं ने मां दिवस के मौके पर संकल्प लिया कि पशु पक्षियों कबूतर गाय माता को छठ के ऊपर घर के बाहर पेड़ के छाव में पानी भरा टप रखने का कार्य करेंगे इस मौके पर चमेली देवी अंजली देवी रेखा देवी मंजू देवी आरती देवी गुड़िया देवी शोभा देवी सरस्वती देवी लक्ष्मी देवी रूबी देवी उपस्थित थी।

## कटिया बस्ती मंडा पूजा को लेकर हुई ग्रामीणों की बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** ग्राम पंचायत कटिया बस्ती के शिव मंदिर प्रांगण में मंडा पूजा को लेकर ग्रामीणों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता मुखिया किशोर कु महतो एवं संचालन वकील महतो के द्वारा किया गया। इस बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 10 जून को कटिया बस्ती में मंडा पूजा धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसमें बंगाल पुरलिया के छउ नृत्य कलाकारों के द्वारा अनेको कला प्रस्तुत किया जाएगा। वहीं पूजा को सफल बनाने के लिए मौके पर कमेटी का गठन किया गया। जिसमें मुख्य संरक्षक पार्षद राजाराम प्रजापति, संरक्षक मुखिया किशोर कु.महतो, पंसस अनीता जैन और उप मुखिया नंदकिशोर महतो,अध्यक्ष मनोरंजन कुमार,उपाध्यक्ष संतोष कुमार सचिव मोहित कुमार,सह-सचिव मनीष कुमार,कोषाध्यक्ष वकील महतो सह कोषाध्यक्ष रवि कुमार कार्यकारिणी सदस्य में राजेश कुमार महतो, गोपाल महतो,निक्की कुमार और बिट्टू विश्वकर्मा आदि लोगों को सदस्य के रूप में चयन किया गया।

### मैट्रिक और इंटरमीडिएट के उर्दू छात्र होंगे सम्मानित

# अंजुमन फरोग ए उर्दू की प्रयास सराहनीय हैं : हाजी रईस खान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** अंजुमन फरोग ए उर्दू, रामगढ़ जिला इकाई की एक बैठक 12 मई को अल फातिमा गर्ल्स हाई स्कूल गोलपार रामगढ़ में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता हाजी रईस खान और संचालन डॉ. शाहनवाज खान ने किया। अध्यक्ता करते हुए हाजी रईस खान ने कहा कि अंजुमन फरोग ए उर्दू की प्रयास सराहनीय हैं। संचालन करते हुए डॉ शाहनवाज खान ने कहा कि उर्दू भाषा के लोगों को उर्दू के विकास के लिए आगे आना चाहिए।बैठक में उर्दू छात्रों की प्रोत्साहन पर चर्चा की गयी और इसके लिए एक कार्यक्रम तय किया गया। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 2024 की मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उर्दू पेपर ले कर उर्दू में 60 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले रामगढ़ जिले के छात्र एवं छात्राओं को सम्मानित किया जायेगा। 2 जून को सुबह 10 बजे से चितरपुर के एक शिक्षण संस्थान में सम्मान समारोह होगा। प्रस्तावित संस्थानों के




पदाधिकारियों से अनुमति मिलने के बाद स्थान की घोषणा कि जाएगी। पुरस्कार पाने के लिए उर्दू छात्र छात्राओं को 25 मई तक ऑनलाइन या ऑफलाइन फॉर्म जमा करना होगा। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर अगली बैठक 26 मई को चितरपुर में होगी। आज की बैठक में मुफ़्ती इज़हार साहब, अब्दुल मजीद अहमद, मुहम्मद जहीरुद्दीन, जमील कुरैशी, मुहम्मद सलीम, आफताब आलम, मुहम्मद सलमान, इकबाल अहमद, सोहेल अंसारी, दिलखुश अंसारी आदि मौजूद थे।

## अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस के मौके पर नर्सों को किया सम्मानित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** मारवाड़ी युवा मंच रामगढ कैंट शाखा की ओर से अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस के मौके पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मंच के अध्यक्ष आशीष अग्रवाल और नीतेश बरेलीया के नेतृत्व में करवाए समारोह में नर्सिंग होम की संचालिका डाक्टर निति बरेलिया मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुई। सचिव धीरज बंसल ने बताया कि इस दिवस ब्रिटिश नर्स फ्लोरल नाइटिंगेल के जन्मदिवस को समर्पित है। उन्होंने कहा कि मरीजों के सेहतमंद होने में नर्स महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। वहीं पूर्व अध्यक्ष नीलींद अग्रवाल ने कोरोना काल में फ्रंट लाइनर के रूप में काम करने वाली नर्सों की सेवाओं को नमन किया। वहीं समारोह के दौरान संस्था के सदस्यों की ओर से नर्सों को पुष्प गुच्छ दे कर सम्मानित किया गया। डॉक्टर अस्पताल का दिमाग है, तो नर्स अस्पताल का दिल है। दिमाग बंद हो जाए तो दिल चलता रहता है, लेकिन दिल बंद हो जाए तो दिमाग भी काम करना बंद कर देता है। यह विचार मीडिया प्रभारी राहुल अग्रवाल ने विश्व नर्सिंग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में रखा। रविवार को बरेलिया अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष श्रींजय मेवाड़ ने कहा कि चिकित्सा के क्षेत्र में नर्स का बहुत बड़ा योगदान है। कार्यक्रम में संतोष गोकुलका, आशुतोष बरेलिया, प्रदीप अग्रवाल, विजय खंडेलवाल, अभिषेक अग्रवाल आदि मौजूद रहे।इस मौके पर डॉ. राहुल बरेलिया ने कहा कि सब कुछ पढ़ाई के दौरान किताबों से नहीं सिखा जाता है। डॉक्टर बनने की पहली सीढ़ी नर्स के पास से होकर जाती है। क्योंकि नर्स ही इंजेक्शन लगाना सिखाती है। नर्स शीला ने फ्लोरेंस नाइटिंगेल के बारे में विस्तार से बताया। नर्स सुमित्रा ने कहा कि फ्लोरेंस ने अपने नर्स के काम को बड़ी ही जिम्मेदारी से निभाया। उन्होंने लैंप लेकर सैनिकों की मदद की। नर्स सविता, रेणु ने सभी को विश्व नर्स दिवस की शुभकामनाएं दी।

## भुरकुंडा सीसीएल अस्पताल में नर्स दिवस मनाया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**भुरकुंडा :** बरका सयाल क्षेत्र के भुरकुंडा सी सी एल हॉस्पिटल में आज सी सी एल कोलयरी कर्मचारी संघ सम्बद्ध भारतीय मजदूर संघ के द्वारा विश्व नर्स दिवस मनाया। संगठन के सदस्यों द्वारा रजनी गुलाब एक्का, शिरीर डे, रेखा कुमारी,सुमन नाथ, नेहा मिंज, शालिनी बरला ,नेहा हेवरेगे व रजनी कुजूर नर्स बहनों को अंग वस्त्र व मिठाई देकर सम्मानित किया गया। मौके पर उपस्थित डॉक्टर राजेश राम, विनय त्रिपाठी, ललन प्रसाद ने नर्स दिवस के अवसर पर प्रकाश डाला और सी सी एल सेफ्टी बोर्ड के सदस्य शशि भूषण सिंह के द्वारा डॉ राजेश को अंग वस्त्र देकर सम्मानित करते हुये कहा कि डॉक्टर व नर्स एक दूसरे के अनुपूरक है। कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय सुरक्षा बोर्ड के सदस्य श्रीकांत गुप्ता व धन्यवाद ज्ञापन क्षेत्रीय अध्यक्ष हरिनाथ महतो ने किया। मौके पर संतोष पांडे, नौशाद आलम, रंजन, राजेन्द्र, फारूक रजा सहित कई कार्यकर्ता व अस्पताल के कर्मचारी उपस्थित रहे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com


# उपायुक्त सामान्य प्रेक्षक एवं प्रत्याशियों व इलेक्शन एजेंट की उपस्थिति में किया गया ईवीएम का द्वितीय रेंडमाइजेशन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के लिए 07-धनबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक के थवसीलन, जिला निर्वाची पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा, एआरओ, प्रत्याशियों व इलेक्शन एजेंट की उपस्थिति में दिनांक 12 मई 2024 को एनआईसी कार्यालय में मतदान केन्द्रवार ईवीएम का द्वितीय रेंडमाइजेशन सम्पन्न किया गया। जिला निर्वाची पदाधिकारी ने बताया कि इस प्रक्रिया से प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए ईवीएम मशीनों का बूथवार चिह्नीकरण कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में मतदान प्रक्रिया को पूर्ण रूप से पारदर्शी एवं निष्पक्षता से कराने के लिए रेडमाइजेशन किया गया है। इससे प्रत्याशियों को ईवीएम मशीनों को लेकर किसी प्रकार का कोई संदेह न रहे। सामान्य प्रेक्षक, प्रत्याशी व इलेक्शन एजेंट द्वारा जिला प्रशासन द्वारा रेंडमाईजेशन की कार्यवाही पर संतोष व्यक्त किया गया। इस दौरान निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, एडीएम लॉ एंड आर्डर हेमा प्रसाद, एडीएम सप्लाई जियाउल अंसारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप शुक्ला, डीसीएलआर संतोष गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, डीआईओ सुनीता तुलस्यान समेत प्रत्याशियों व इलेक्शन एजेंट उपस्थित रहें।

## लोकसभा चुनाव को लेकर ईवीएम की एफएलसी हुई संपन्न



जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के नेतृत्व मे कोहिनूर मैदान स्थित ईवीएम वेयरहाउस में ईवीएम की फर्स्ट लेवल चेकिंग (एफएलसी) संपन्न हुई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि ईवीएम की एफएलसी के बाद मान्यता प्राप्त राजनितिक दलों व प्रत्याशियों के प्रतिनिधियों की मौजदूगी में उसे संबंधित स्ट्रांग रूम में भेजने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। मौके पर उपायुक्त माधवी मिश्रा, अपर समाहर्ता विनोद कुमार के अलावा मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों व निर्दलीय उम्मीदवार के प्रतिनिधि मौजूद थे।

# असर्फी हॉस्पिटल में विट्रोस 5600 मशीन का हुआ उद्घाटन, 160 से ज्यादा त्वरित जांच की है सुविधा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** मेडिकल के क्षेत्र में असर्फी हॉस्पिटल के कदम लगातार बढ़ते जा रहे हैं। इसी क्रम मे इस हॉस्पिटल के पैथोलोजी लैब में एक ऐसे अत्याधुनिक मशीन का उद्घाटन किया गया, जिसमें 160 से लेकर 180 तक जांच बहुत जल्द हो जाती है। इस अत्याधुनिक मशीन का नाम विट्रोस 5600 है। जिसका उद्घाटन असर्फी हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. नयन प्रकाश सिंह ने फीता काट कर किया। पूरे झारखंड में यह पहला मशीन है, जिसकी कीमत करोड़ों रुपये है। इस मशीन का निर्माण अमेरिका की मशहूर क्वीडलआर्थो नामक कंपनी ने किया है। इसके उद्घाटन से मरीजों को जांच में काफी सुविधा होगी। इस मशीन से लीवर, किडनी, लिपिड (हार्ट), कैंसर ट्यूमर मार्कर, कार्डियक मार्कर, सभी प्रकार के हार्मोन, रक्त संबंधी सभी जांच, विटामिन डी3, विटामिन बी12 समेत अन्य तरह की जांच होती है। अन्य जांच मशीन की तुलना में इस मशीन से जांच करना ज्यादा विश्वसनीय, सटीक और सुसंगत माना जाता है। उद्घाटन के बाद वीडियो के जरिए मशीन के हर एक पहलुओं की जानकारी दी गई। मौके पर देवघर एम्स के डॉ. अनिर्वाण गांगुली, असर्फी हॉस्पिटल के डॉ. के के पांडेय, डॉ. रितेश, डॉ. सूरज एच चवण, डॉ. उदय शंकर, डॉ. विपीन सिन्हा, डॉ. शशांक, डॉ. पंकज, डॉ. सुमित, असर्फी हॉस्पिटल के निदेशक गोपाल सिंह, जयप्रकाश सिंह, उदय प्रताप सिंह समेत असर्फी हॉस्पिटल के कारपोरेट हेड संतोष सिंह, क्वीडलआर्थो कंपनी के इस्टर्न इंडिया क्षेत्र के प्रमुख राणाजीत समेत अन्य मौजूद थे।

## सामान्य प्रेक्षक ने किया निरसा पॉलिटेक्निक का निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** सामान्य प्रेक्षक के. थवसीलन ने निरसा पॉलिटेक्निक का निरीक्षण किया। उन्होंने निरसा विधानसभा के लिए बनाए गए स्ट्रांग रूम व डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में स्ट्रांग रूम के बाहर लगाए गए सीसीटीवी कैमरा का जायजा लिया। साथ ही ईवीएम व मटेरियल डिस्पैच, सुरक्षा, साफ-सफाई, अग्निशमन यंत्र सहित अन्य बिंदुओं को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## जनता ने आशीर्वाद दिया तो धनबाद की सभी समस्याओं का होगा निदान : अनुपमा सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने बलियापुर के बरमुड़ी, शीतलपुर, वीरसिंहपुर, घड़बड़, बेलियाबाद समेत दर्जनों गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। अनुपमा सिंह ने कहा कि धनबाद में लोगों का अपार जनसमर्थन मिल रहा है। कांग्रेस की तरफ लोगों का झुकाव है। कांग्रेस की जीत निश्चित है। कहा कि धनबाद की जनता का आशीर्वाद मिला तो यहां की बुनियादी समस्याओं का समाधान होगा। बिजली-पानी जैसी समस्याओं का निदान किया जाएगा। मौके पर महिला प्रखंड अध्यक्ष सुनीता निषाद, पूर्व मुखिया खगेन महतो, पूर्व मुखिया आशू महतो, सुबल मल्लिक, शेख तालीम, समीरन विद, अकबर अंसारी, नसीम खान, उमाशंकर रजवार, हारून रशीद आदि मौजूद थे। दूसरी ओर उनके पति बेरमो विधायक अनुप सिंह ने बेलगड़िया टाउनशिप, सूरूंगा, गोलमारा, जयरामपुर मोड़, पहाड़पुर आदि इलाकों में जनसंपर्क अभियान चलाया।

## महुदा के तेलमच्चों से नागदा, तेतुलिया, लालबंगल तक करोड़ों रुपए का सड़क निर्माण कार्य में हो रहा है घोटाला

▶ **स्टाइमेंट के आधार पर नही हो रहा हैं कार्य, ठिकेदार अपनी मन मुताबिक कर रहा है सड़क निर्माण।**

▶ **उक्त कार्य का सूचना अधिकार अधिनियम के तहत नही मिला है सूचना।**




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुदा :** धनबाद जिला से 26 किलोमीटर दूर , बाघमारा प्रखंड अंतर्गत महुदा थाना क्षेत्र के तेलमोचों से लालबंगला तक भाया कुंजी, नागदा, तेतुलिया, पादूगोड़ा, लालबंगाला तक करोड़ों रुपए का सड़क बन रहा हैं यह सड़क प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनाया जा रहा हैं सड़क निर्माण कार्य में ठिकेदार द्वारा स्टीमेट के आधार पर कार्य नही करने पर ग्रामीण अक्रोषित हैं। बताया जाता हैं की उक्त सड़क निर्माण कार्य ग्रामीण कार्य विभाग, धनबाद के द्वारा ( 13.60 किलोमीटर) किया जा रहा हैं, सड़क निर्माण कार्य में अलकतरा, और गट्टी की मात्रा कम दिया जा रहा हैं, वही सड़क की मोटाई और चौड़ाई भी कम है। जहा सिमेंटिन किया जा रहा हैं वहा सीमेंट की मात्रा कम और बालू की मात्रा जायदा दिया जा रहा हैं। वही अखबार में नाम नही छापने के शर्त में एक ग्रामीण ने बताया ही जहा पुलिया निर्माण हो रहा हैं जिसमे कोयला खनन से निकाला पत्थर का स्तेमाल किया गया है। कही कही तो पुलिया निर्माण काल से ही फटने लगा है। जब ग्रामीण स्टिमेंट की मांग करते है तो ठिकेदार द्वारा झूठा केस में फसा देने की धमकी देता है। इस संबंध में एक ग्रामीण तिलक धारी रवानी ने उपायुक्त धनबाद को सूचना अधिकार अधिनियम के तहत उक्त सड़क निर्माण से संबंधित सूचना भी मांगा है लेकिन अभी तक सड़क निर्माण विभाग से कोई सूचना नहीं दिया गया है। सूत्र बताते है की यदि उक्त सड़क निर्माण कार्य की जांच ईमानदारी से किया जाए तो करोड़ों रुपए का घोटाला सामने आ सकता हैं।

## कोडरमा लोकसभा निर्दलीय प्रत्याशी जेपी वर्मा का बेंगाबाद में कार्यालय उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरिया :** रविवार को कोडरमा लोकसभा के निर्दलीय प्रत्याशी प्रो.जयप्रकाश वर्मा का गांडेय विधानसभा अंतर्गत बेंगाबाद चौक पर कार्यालय का शुभारंभ किया गया वहीं कार्यालय का उद्घाटन जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि चंद्रशेखर हाजरा ने विधिवत रूप से फीता काटकर किया। उक्त दौरान बेंगाबाद प्रखंड के सैकड़ो की संख्या में जेपी वर्मा के समर्थक कार्यकर्ता पहुंचे थे जहां पर लोगों ने जेपी वर्मा के प्रति जमकर नारेबाज किया वहीं कार्यकर्ताओं ने बताया कि जेपी वर्मा एक ईमानदार संघर्षील प्रत्याशी है जिसका क्षेत्र में काम करने का शैली अलग है इसके साथ ही लोगों ने कहा कि जब वह गांडेय विधानसभा से निर्वाचित हुए थे तो क्षेत्र का संपूर्ण विकास हुआ था प्रोफेसर जयप्रकाश वर्मा सर्व समाज के नेता के रूप में अपनी अलग छवि बनाए हैं इसीलिए आज निर्दलीय प्रत्याशी होने के बावजूद भी हम लोग सैकड़ो की संख्या में पहुंचे हैं वहीं मौके पर प्रवीण हेंब्रम राजेश कुमार दास बदवारा पंचायत के उप मुखिया सलीम अंसारी, पूर्व पंचायत समिति रामप्रसाद वर्माअनिल कुमार कैलाश प्रसाद साहब इत्यादि सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## माइंस में पत्थर के ऊपर से गिरा युवक, हालत गंभीर सरकार से न्याय की मांग की



**गिरिडीह :** जिला अंतर्गत माइंस में काम करने वाले मजदूर पाकुड़ के मुर्गा टनगा निवासी रितेश मंडल कबरीबाद माइंस में अचानक गिर कर बुरी तरह से घायल हो गया अनन फनन में रविवार को सदर अस्पताल गिरिडीह में इलाज के लिए भर्ती किया गया उसके बाद इसे धनबाद रेफर कर दिया।बताया गया कि इसका स्थिति गंभीर बनी हुई है। बताया गया कि मनोज मंडल का पुत्र 19 वर्षीय रितेश मंडल कबरीबाद माइंस में कुछ सालों से आउटसोर्स कर्मी के रूप में काम कर रहा था। काम के दौरान ही यह कोयला खदान में पत्थर के ऊपर से करीब 22 से 25 फीट नीचे जा गिरा। जिससे उसका हाथ ,पैर टूट गया और सर में भी गंभीर चोट आई। गंभीर अवस्था में इसके साथी इसे इसे उठाकर सदर अस्पताल लाए। जहां इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए इसे धनबाद रेफर कर दिया गया। बताया गया कि आउटसोर्स कंपनी इन्हें प्रॉपर सेफ्टी कीट उपलब्ध नहीं करवाते। इस वजह से यह हादसा हुआ। घायल की हालत बेहद चिंताजनक बनी हुई है और परिजन रो रो कर बुरा हाल है।

## पीएम मोदी के जनसभा के पूर्व हेलिकॉप्टर लैंडिग कर हेलीपैड का किया परीक्षण



**बिरनी :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रस्तावित पेशम जनसभा की तैयारी जहां युद्ध स्तर पर किया जा रहा है, वहीं क्रिकेट मैदान चरगो में पीएम के हेलीकॉप्टर को उतारने के लिए बनाए जा रहे नव निर्मित हेलीपैड पर रविवार को हेलीकॉप्टर उतार कर परीक्षण किया गया, साथ हीं दमकल के द्वारा पूरे मैदान में पानी का छिड़काव किया गया। जिसे देखने के लिए हजारों की संख्या में आस पास के लोग एकत्रित थे। इस दौरान जहां प्रशासन पूरी तरह सजग दिखी दर्जनों एसपीजी जवानों के साथ जिला उपायुक्त, डुमरी, सरिया बगोदर एवं खोरीमहुआ के डीएसपी के अलावे थाना प्रभारी मुस्तैद दिखे। यहां तक हीं नहीं किसी अप्रिय घटना से निबटने के लिए तीन एंबुलेंस, एवं एक दमकल की भी व्यवस्था की गई थी। मौके पर जमुआ विधायक केदार हजारा, बगोदर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक नागेंद्र महतो, पूर्व मुखिया टूपलाल प्रसाद वर्मा, देवनाथ राणा, रामाशीष राय , नारायण पाण्डेय, प्रवीण प्रभाकर, अवध किशोर पांडेय समेत हजारों लोग उपस्थित थे।

## बगोदर बचाओ संघर्ष समिति व झारखण्ड आंदोलनकारी संघर्ष मोचा जय प्रकाश को देगी समर्थ



**बगोदर/गिरिडीह :** बगोदर सरिया रोड मे कोडरमा लोकसभा के निर्दलीय प्रत्याशी जय प्रकाश वर्मा का रविवार को चुनावी कार्यालय सत्यदेव वर्मा ने विधिवत उद्घाटन फिता काट कर किया।इसके पूर्व बगोदर हरिहरधाम रोड स्थित एक मैरेज हॉल मे बैठक की गई। जिसमे बगोदर बचाओ संघर्ष समिति व झारखंड आन्दोलनकारी संघर्ष मोर्चा ने निर्दलीय प्रत्याशी जय प्रकाश वर्मा को अपना समर्थन देने की घोषणा की।वही इस दौरान निर्दलीय प्रत्याशी जय प्रकाश वर्मा के पक्ष मे मतदान करने की अपील की गई। मौके पर रुपलाल चौधरी,विश्वनाथ साव, मुमताज अंसारी,डेगलाल साव,विवेकानंद,राजेश कुमार वर्मा,कुंजलाल साव,जगदीश प्रसाद गुप्ता,पिंकु वर्मा,सत्यदेव प्रसाद,नंदकिशोर महतो,रंजीत कुमार साव,इमामन अंसारी,छात्रधारी महतो,बंशी रविदास,मोहन दास राजकुमार रवानी समेत बडी संख्या मे लोग शामिल थे।

## भारत का संविधान और लोकतंत्र खतरे में : आप

▶ **आप की बैठक में संविधान और लोकतंत्र को बचाने का संकल्प**

▶ **अरविन्द केजरीवाल का गिरिडीह आगमन को लेकर आप की बैठक**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** रविवार को गिरिडीह आप कार्यालय में एक बैठक का आयेजन किया गया । वही दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के गिरिडीह आगमन को लेकर पदाधिकारियो के साथ बैठक किया गया। वही संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण मुरारी शर्मा ने कहा कि देश का संविधान और लोकतंत्र खतरे में है। मुख्यमंत्री समेत विपक्ष के नेताओं को जेल में डाला जा रहा है। केन्द्रीय जांच एजेंसियों का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है। बेरोजगारी और महंगाई चरम पर है। लेकिन मोदी सरकार ने दस साल में कभी इसकी चिंता नहीं की। एक समान महंगाई और बेरोजगारी अपने जगह पर खड़ी रही। उन्होंने कहा कि भाजपा इलेक्ट्रॉल बॉण्ड से चंदा वसूली में लगी हुई है। मात्र दस साल में देश का सबसे धनी पार्टी बन गई, भारत के हर जिले में आलीशान कार्यालय खोल लिया। देश का गरीब और मध्यम वर्ग परेशान है। उन्होंने कहा की भाजपा सरकार से किसान मजदूर छात्र नौजवान का भला नहीं हो सकता। आप युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अमित कुमार ने कहा कि तानाशाही खत्म करने के लिए अरविन्द केजरीवाल देश की जनता से अपील कर रहे हैं। इसी क्रम में वो आगामी 16 मई को गाण्डेय आ रहे हैं। जिला उपाध्यक्ष रोजन अंसारी ने कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल में डालकर मोदी सरकार ने बहुत बड़ी गलती की। आप युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष गौरीशंकर यादव ने कहा कि कल्पना मुर्मू सोरेन को गाण्डेय की जनता भारी मतों से जीताकर उनको झारखंड विधानसभा भेजेगी। जनता जेल का जवाब वोट से देगी। उन्होंने सभी आम आदमी पार्टी पदाधिकारियों से कहा कि गांडेय विधानसभा उपचुनाव के इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार कल्पना मुर्मू सोरेन, कोडरमा लोकसभा के उम्मीदवार बिनोद कुमार सिंह और गिरिडीह लोकसभा उम्मीदवार मथुरा प्रसाद महतो के पक्ष में चुनाव प्रचार तेज करें। बैठक में आशीष भदानी , तैयब अंसारी, अधिवक्ता कुमार राकेश, अंसारी , मेहबूब अंसारी, कासिम अंसारी, अल्ताफ हुसैन, मो शम्स, समीद अंसारी, राहुल शर्मा, विनोद राय, मुर्शीद मिर्जा, सुलेमान अंसारी, मो जियाउद्दीन, प्रकाश टुडु , राजू मंडल , फुटपाथ नेता सोहराब रैन, जयप्रकाश वर्मा , बदरुद्दीन अंसारी, परवेज आलम, मो कबीर सहित कई लोग मौजूद थे। बैठक में सात सदस्यीय एक तैयारी समिति का भी गठन किया गया जो इंडिया गठबंधन के साथ कॉर्डिनेशन में कार्य करेगी।

## ब्रह्मर्षि समाज के लोगों ने ढुल्लू महतो के जन्मदिन पर केक काट कर दी बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** सहजानंद नगर धनबाद स्थित सहजानंद सरस्वती सेवा ट्रस्ट सभागार में ट्रस्ट के अध्यक्ष सह धनबाद सहकारी बैंक के अध्यक्ष सुरेश चौधरी के नेतृत्व में ब्रह्मर्षि समाज द्वारा धनबाद लोकसभा एनडीए सांसद प्रत्याशी ढुलू महतो का अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें ढुलू महतो ने ट्रस्ट के अभिभावक जनों का पांव छूकर आशीर्वाद लिया। इस अभिनंदन समारोह को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ब्रह्मर्षि समाज के अभिभावक जनों का मुझे सदैव मार्गदर्शन व आशीर्वाद मिला है और मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि इस संसदीय चुनाव में भी आप लोगो का आशीर्वाद मिलेगा। मैं विश्वास दिलाता हूँ कि इस स्नेह और आशीर्वाद का कर्ज जीवन पर्यन्त सम्मान व सेवा कर निभाने का प्रयास करूँगा। वहीं ब्रह्मर्षि समाज के लोगों ने ढुलू महतो जी के जन्मदिन पर केक काटकर दी बधाई।

## सामान्य प्रेक्षक ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** सामान्य प्रेक्षक के. थवसीलन ने गोविंदपुर में मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने गोविंदपुर के जीरामुड़ी स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय के बूथ संख्या 144, उत्क्रमित मध्य विद्यालय देवली में बूथ संख्या 164, 165, 166 सहित अन्य मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस क्रम में मतदान केंद्रों में पानी, बिजली, शौचालय, रैंप, शेड सहित सभी एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी सुनिश्चित करने व अन्य दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सामान्य प्रेक्षक के. थवसीलन के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी गोविंदपुर जाहिर आलम, सहायक श्रमायुक्त रंजीत कुमार व अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## लोकसभा चुनाव को लेकर भाजयुमों कार्यकर्ता ने किया कई क्षेत्रों का दौरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** रविवार को गिरिडीह ज़िले में भारतीय जनता युवा मोर्चा के द्वारा कोडरमा लोकसभा चुनाव साथ ही गांडेय विधानसभा उपचुनाव को लेकर भाजयुमों द्वारा पालमो पचायत, बेरदोंगा पंचायत, बजटो पंचायत, सिंदवारिया पंचायत, लेदा पंचायत, सहित इन पंचायत के दर्जनों गांव का संघन दौरा किया गया। साथ ही नुक्कड़ सभा कर भाजपा के पक्ष मे मतदान करने की अपील की गई । साथ ही आगामी 14 मई को कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के बिरनी के पेशम गांव में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सभा में लोगो को बढ़ - चढ़ कर लोगों को शामिल होने का आहवान किया ।

## कतरास में आजसू कार्यालय का उद्घाटन संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कतरास :** कतरास भाजपा कार्यालय में रविवार को निवर्तमान सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने आजसू कार्यालय का उद्घाटन पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया। गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के राजग प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी ने राजग कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए विकास कार्यो को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की। मौके पर शेखर सिंह, इंदर सिंह, सुभाष रवानी, रामाशंकर तिवारी, प्रिंस शर्मा, प्रकाश राम गुप्ता, रोशन लाल चौधरी, भरत शर्मा, कंचन चौरसिया, जानकी देवी, उषा पटवा, गिरिजा देवी, गीता देवी, सीमा विश्वकर्मा, कंचन चौरसिया, शोभा देवी, आरती देवी आदि उपस्थित थे। इसके पूर्व निवर्तमान सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने रामपुर, मलकेरा, पासीटांड आदि क्षेत्रों का दौरा किया एवं अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। मौके पर मुखिया यशोदा देवी, विधायक प्रतिनिधि सोनू श्रीवास्तव, ओम प्रकाश सिंह, पंकज तिवारी, जगन्नाथ राय, धनेश्वर महतो आदि उपस्थित थे।

## जनहित मोर्चा ने टुंडी में अपना तीसरा स्थापना दिवस अपने सभी कार्यकर्ताओं के साथ धूमधाम से मनाया गया





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टुंडी :** जनहित मोर्चा ने आज रविवार को अपना तीसरा स्थापना दिवस बड़े ही धूमधाम एवं उल्लासपूर्ण माहौल में मनाया। प्राप्त समाचार के अनुसार जनहित मोर्चा ने आज अपना तीसरा स्थापना दिवस अपने सभी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर टुंडी के शीतलपुर गांव स्थित अपने निजी सचिव मुरारी सिंह के आवासीय कार्यालय में बड़े ही धूमधाम एवं उल्लासपूर्ण माहौल में मनाया। कार्यक्रम की शुभारंभ अपने जनहित मोर्चा के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष माना पाठक को फूल माला पहनाकर किया एवं दूरदराज़ से आये सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को भी माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर अपने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते माना पाठक ने कहा कि आज जनहित मोर्चा कार्यकर्ताओं के कड़ी मेहनत के कारण टुंडी जैसे क्षेत्रों में अपनी पहचान बनाने में कामयाब हुआ है कार्यकर्ता ही संगठन का रीढ़ होता है इसलिए ऐसे लोगों को दरकिनार कर कभी राजनीति नहीं की जा सकती आगे उन्होंने आसन्न लोकसभा चुनाव में सभी का मन की बात को समझ कर किसी एक उम्मीदवार को समर्थन करने की बात कही।इस स्थापना दिवस में आये सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। मौके पर जनहित मोर्चा के नंदकिशोर केवट, मुश्ताक अंसारी, अख्तर इमाम, निजामुद्दीन अंसारी, सुमन तिवारी, निजी सचिव मुरारी सिंह, प्रकाश पाण्डेय,नसीम अंसारी, सुभाष तिवारी, समेत कई जनहित मोर्चा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मतदान के लिए सभी पोलिंग पार्टियां हुईं रवाना

# लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 अंतर्गत मतदान आज

### सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक होगा मतदान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** लोकसभा आम निर्वाचन,2024 अंतर्गत 72-लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र के शेष 310 मतदान केंद्रों के लिए आज रविवार को सभी पोलिंग पार्टियां मतदान संपन्न कराने हेतु समाहरणालय परिसर लोहरदगा से सुरक्षित रवाना हो गई। इससे पूर्व शनिवार को 72-लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र के 14 दुर्गम व सुदूरवर्ती क्षेत्र में अवस्थित मतदान केंद्रों के लिए 14 पोलिंग पार्टियां रवाना हुई थीं। आज पोलिंग पार्टियों के रवाना होने के समय जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां द्वारा सुरक्षित व त्रुटिरहित मतदान करने का संदेश पोलिंग पार्टियों को दिया। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के



सफल आयोजन के लिए लोहरदगा जिला में कुल 428 मतदान केंद्र निर्धारित हैं जिसमें 324 मतदान केंद्र 72-लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र और 104 मतदान केंद्र 69-बिशुनपुर (अंश) विधानसभा क्षेत्र में अवस्थित हैं। लोहरदगा जिला में कुल मतदाताओं की संख्या 370519 (तीन लाख सत्तर हजार पांच सौ उन्नीस) है जिसमें महिला मतदाताओं की संख्या 186597 (एक लाख छियासी हजार पांच सौ संतान्वे) और पुरूष मतदाताओं की संख्या 183920 (एक लाख तिरासी हजार नौ सौ बीस) और थर्ड जेंडर मतदाता 02 हैं। कुल मतदाताओं में से 72-लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र में 284107 (दो लाख चौरासी हजार एक सौ सात) मतदाता हैं। इनमें महिला मतदाताओं की संख्या 143366 (एक लाख तैंतालिस हजार तीन सौ छियासठ) और पुरूष मतदाताओं की संख्या 140741 (एक लाख चालीस हजार सात सौ इकतालीस) है। वहीं,69-बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाता 86412 (छियासी हजार चौ सौ बारह) है जिसमें महिला मतदाताओं की संख्या 43231 (तैंतालीस हजार दो सौ इकतीस), पुरूष मतदाताओं की संख्या 43179 (तैंतालीस हजार एक सौ उनासी) और थर्ड जेंडर के मतदाताओं की संख्या 02 है। दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 72-लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र में 3363 है जिनमें महिला मतदाताओं की संख्या 1424 और पुरूष मतदाताओं की संख्या 1939 है। 69-बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र में दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 1418 है जिनमें 695 महिलाएं और 723 पुरूष हैं। 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के मतदाताओं की संख्या 72-लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र में 1246 है जिनमें 673 महिलाएं और 573 पुरूष हैं। 69-बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र में ऐसे मतदाताओं की संख्या 516 है जिनमें 271 महिलाएं और 245 पुरूष हैं। 18-19 आयुवर्ग के मतदाताओं की कुल संख्या 13621 है। इनमें 72-लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र में 10422 मतदाता हैं जिसमें 5958 महिलाएं और 4464 पुरूष हैं। 69-बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र में 3199 मतदाता हैं जिनमें 1737 महिलाएं और 1462 पुरूष मतदाता हैं। पोस्टल बैलेट के माध्यम से इस लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 में लोहरदगा जिला में निर्वाचन कार्य में संलग्न 2845 और आवश्यक सेवाओं में 23 लोगों ने मतदान किया। होम वोटिंग में पोस्टल बैलेट के जरिए 45 दिव्यांग और 30 वरिष्ठ मतदाताओं (85 वर्ष की उम्र से अधिक) ने मतदान किया।

## महावीर मंदिर वार्षिक महोत्सव विधि विधान के साथ हुआ संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** सिमडेगा प्रखंड के सुदूर भूम्भु ग्राम में महावीर मंदिर के दो दिनी वार्षिक महोत्सव पूजा पाठ हवन पूजन, भजन कीर्तन के साथ विधि विधान पूर्वक संपन्न हुआ । समापन सत्र में विश्व हिन्दू परिषद् के जिलाध्यक्ष श्री कौशलराज सिंह देव उपस्थित हुए. इस अवसर पर उन्होंने कहा हमारा सनातन धर्म आदिकाल का धर्म है, हमलोग उस धर्म और संस्कृति से सम्बन्ध रखते हैं जो इस भारतीय महाद्वीप में सदा से चला आ रहा है, लेकिन हमारे पूर्वजों इस महान धरोहर सनातन धर्म और संस्कृति को विधर्मियो के द्वारा लालची और स्वार्थी कुछ जयचंदों के सहयोग से मिटाने का प्रयास भी समय समय पर हुआ, हमारे सांस्कृतिक और धार्मिक मानबिंदुओं को नस्ट करने का प्रयास हुआ । आज भी स्वार्थी तत्व समाज में फुट डालकर तोड़ने की दिशा में लगे हुए हैं हमारा देश विश्वशांति अध्यात्म अध्यात्म का केंद्र रहा है है. समय समय पर धर्म की स्थापना एवं विधर्मियो का नाश करने के लिए भगवान ने अवतार इस धरती पर लिया है. इस कलियुग में शक्ति



संगठन में है, धर्मो रक्षति रक्षितः, धर्म की रक्षा करने से धर्म हमारी रक्षा करता है । विभिन्न कलखंडो में धर्म की रक्षा और विधर्मियो, स्वार्थी तत्वों का नाश हेतु इस धरती अनेक विभूतियों ने जन्म लिया और इस देश में धर्म की स्थापना कर सांस्कृतिक सबलता प्रदान की। जहाँ इस धरती पर हमारे प्रभु श्रीराम जन्म लेकर बुराइयों का नाश किया वहीं योगिराज श्रीकृष्ण ने धर्म की स्थापना की. इसी तरह धर्म की स्थापना के लिए अनेक महापुरुषों ने भारतीय भूमि में अवतार लिया, पर विधर्मी रक्तबीज की तरह कभी समाप्त नहीं हुए और समय समय पर वे अपना सर उठाते रहें और उनका साथ हमेशा से ही कुछ स्वार्थी जयचंदो ने दिया है उन बर्बर आक्राताओं ने हमारे मंदिरों, धार्मिक पहचान को नष्ट किये और आज भी प्रयास जारी है. भगवान श्रीराम के जन्मभूमि मंदिर को तोड़ा, श्रीकृष्ण जन्म स्थली मंदिर को तोड़ा गया, कशी विश्वनाथ को अपवित्र किया गया, ऐसे अनेक धार्मिक सनातनी स्थल हैं जिनको पहचान बदलने का प्रयास हुआ यह सब सनातन को नष्ट कर विधर्मी राज्य स्थापित करने के लिए किया गया । उस समय भी हमारे सनातनी समाज में एक से बढ़कर एक शक्तिशाली राजा राज करते थे परन्तु उन्हें एक दूसरे से कोई मतलब नहीं था। आक्रताओं से अलग अलग युद्ध होने के कारण सब के सब युद्ध में मारे गए । 500 वर्षों के लम्बे संघर्ष के बाद हमें श्रीराम जन्मभूमि पर पुनः हमने मंदिर स्थल को प्राप्त कर अपने समर्पण राशि से भव्य मंदिर का निर्माण कराया।

## भंडरा में सीता नवमी को लेकर कार्यक्रम आयोजित, सैकड़ो की संख्या में शामिल हुए भक्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** जिले के भंडरा प्रखंड में आयोजित सीता नवमी का कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। जिसमें भंडरा प्रखंड के अनेकों गांव से माताएं बहने शामिल हुऐ। जिसमे 12/05/2024 से 20/05/2024 तक हर एक प्रखंड गांव नगर वार्ड में सीता नवमी कार्यक्रम होना तय है। इसी के निमित्त आज भंडरा प्रखंड में सीता नवमी कार्यक्रम किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता दुर्गा वाहिनी मातृशक्ति के द्वारा किया गया।जिसमें राम दरबार के चित्र में पुष्प देकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लक्ष्मी देवी थी। और उन्होंने कहा कि सीता माता राजा जनक की पुत्री है।जब राजा जनक के राज्य में भूख प्यास और वर्षा नहीं होने पर राज में सुख हो जाने पर राजा जनक को अपने



राज्य की चिंता सताने लगी और वह स्वयं हाल लेकर खेत में काम करने के लिए चले गए तब सीता माता उनको प्राप्त हुआ। और जब सीता माता बड़ी हुई तो उनका शादी प्रभु श्री राम भगवान के साथ हुई। जब प्रभु श्री राम जी अयोध्या में सीता माता को लेकर आए तो अयोध्या में उत्सव मनाया गया। माता सीता बहुत ही शांत स्वभाव में रहना पसंद करती थी।जब प्रभु राम को राज्य मिलना था। तब कुछ छान में राज्य के जगह वनवास मिला।और सीता माता भी कहीं की मैं भी आपके साथ चलूंगी। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि संतोषी देवी ने कहा कि जब सीता माता को रावण हरण करके लंका गए तब हनुमान जी ने ही उन्हें ढूंढने का कार्य किया और उन्होंने सीता माता को लंका में खोज लिया और साथ ही साथ पूरे लंका को जलाकर रख कर दिया गया।

## एनडीए प्रत्याशी समीर उरांव की जीत सुनिश्चित : आजसू पार्टी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सूरज अग्रवाल पूर्व केंद्रीय सचिव कवलजीत सिंह, केंद्रीय सदस्य विनोद उरांव, जिला संगठन सचिव आदित्य संजय कुजूर ने भँडरा, कुडू, कैरों प्रखंड के चट्टी, चरिमा, नगजुआ, बड़का टोली, नरौली, कैरो, जिन्गी सहित अन्य ग्रामों का दौरा किया एवं डोर टू डोर आम जनता एवं कार्यकर्ता से मिले और ग्रामीणों से बात की, सभी ने एक स्वर से समीर उरांव को भारी बहुमत से विजय कराने का संकल्प लिया एवं आदिवासी बहुल बूथ के कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों से संपर्क किया एवं एनडीए के हाथ को मजबूत करने की बात की, वहीं कल होने वाले चुनाव में मतदाताओं को घर से निकाल कर बूथ तक पहुंचाने की जिम्मेवारी कार्यकर्ताओं को सौंपी गई। इस क्रम में पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत के पैतृक गांव जिंगी पहुंचकर उनके परिजनों से भी मिले और




उनका हाल-चाल जानने के पश्चात जिंगी में डोर टू डोर लोगों से मिले साथ ही रात्रि तक एक एक घर में अपने आदिवासी भाई बहनों से जनसंपर्क अभियान चलाने का सुझाव भी दिया गया। आज के इस जनसंपर्क अभियान में कैरों क्षेत्र से कृष्णा साहू, संजय महतो, गौतम साहू, शर्मा पांडे दीपेश्वरी पांडे एवं जिंगी में कृष्ण टाना भगत, छोटू भगत, सुरजी भक्ताईन, जगदम टाना भगत, शनिचरवा टाना भगत एवं चरिमा से सोमरा प्रधान, पूर्व मुखिया अरविंद उरांव, जीवन साहू, पर्वत उराँव, संतोष उरांव, सरजू उरांव, धर्मेंद्र उरांव, भैरव भगत, नेता उरांव, बीगु प्रधान, प्रकाश उराव, बलराम साहू एवं चट्टी से रामनिवास गुप्ता, अजय प्रसाद, मुकेश चौधरी, दिवाकर तिवारी, सहित सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने जन संपर्क अभियान में सहयोग किया।

## चुनाव आयोग की सारी तैयारी पूरी, 14.37 लाख मादाताओ के बीच होगा उम्मीदवारों का फैसला

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोहरदगा में लोक सभा चुनाव को लेकर रविवार को चुनाव आयोग ने सारी तैयारी करते हुए सभी मतदान केंद्र में पुलिस बल के साथ मतदान कर्मियों की नियुक्ति प्रक्रिया पूरी कर दी है। लोहरदगा 2024 लोकसभा चुनाव में कुल 15 प्रत्याशी मैदान में है जिसमे महेंद्र उरांव, सीपीआई, मनी मुंडा भागीदारी पार्टी, स्टेफन किडो स्वत्रत पार्टी, बिहारी भगत पीपल्स पार्टी आफ इंडिया,सोनिया उरांव स्वतंत्र पार्टी, पवन तिग्गा स्वतंत्र पार्टी, मरियानूस तिग्गा भारत आदिवासी पार्टी, समीर उरांव बीजेपी, रामचंद्र भगत लोकहित अधिकार पाटी,चमरा लिंडा निर्दलीय, गिरजानंद उरांव बसपा, ललित उरांव बहुजन मुक्ति पाटी, अर्जुन टोप्पो आजाद समाज पाटी, सुखदेव भगत कांग्रेस पार्टी, अर्पणा देव भगत स्वतंत्र, रंजीत भगत स्वतंत्र तथा एतवा उरांव स्वतंत्र पार्टी मैदान में है। लोहरदगा लोकसभा सीट रांची गुमला और लोहरदगा जिला मे फैला है जो अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। इस सीट मे पांच विधानसभा क्षेत्र आता है जिसमें लोहरदगा, गुमला, विशुनपूर, सिसई व मांडर है। लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र मे कुल 14,37,018 मतदाता है जिसमें से महिला मतदाता 7,29,616 व पुरुष मतदाता 7,07,402 है। यहां करीब 64 फ़ीसदी आदिवासी मतदाता है। अब इन्हीं मतदाताओं के बीच सभी प्रत्याशियों का भाग्य का फैसला आज होना है।

## नाबालिक से सामूहिक दुष्कर्म के सभी आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल



**भंडरा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भंडरा थाना क्षेत्र अंतर्गत सेमरा गांव में चार युवकों ने एक नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। पीड़िता अपने स्वजनों के साथ भंडरा थाना में चार नामजद लोगों के विरुद्ध सामूहिक दुष्कर्म को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराया है। इधर भंडरा थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह द्वारा घटना की सूचना मिलते ही सभी चारो आरोपितों को गिरफ्तार कर एक को लोहरदगा जेल जबकि तीन नाबालिक आरोपी को बाल सुधार गृह गुमला भेज दिया। बताया जाता है कि विगत आठ मई की शाम भंडरा थाना क्षेत्र के सेमरा गांव में विवाह समारोह चल रहा था। जिसमें दो नाबालिग बहने विवाह समारोह में हिस्सा लेकर अपने घर लौट रही थी। तभी चार युवकों ने जबरजस्ती एक नाबालिग को अपने साथ आम बगीचा में ले जाकर बारी बारी से सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। इस मामले में भंडरा थाना पुलिस गांव के ही रामा उरांव के पुत्र धरमु उरांव (18 वर्ष) लुथा उरांव के पुत्र बुद्धेश्वर उरांव (17 वर्ष),गोबर्धन उरांव के पुत्र संतोष उरांव (16 वर्ष) व बंधनु उरांव के पुत्र संजय उरांव को भंडरा थाना कांड संख्या 24/2024 धारा 376 डी,आईपीसी व पोस्को एक्ट के तहत गिरफ्तार कर मेडिकल जांच के बाद रविवार को एक आरोपी को लोहरदगा जेल जबकि तीन नाबालिक आरोपी को बाल सुधार गृह गुमला भेज दिया।

## जिला हॉकी अध्यक्ष न सभी से मतदान करने की अपील की



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** सिमडेगा जिला के सभी हॉकी प्रेमियों और खिलाड़ियों से अपील है विगत एक माह से भी अधिक समय से आपलोग मतदाता जागरूकता अभियान में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेकर सिमडेगा जिला में शत प्रतिशत मतदान के लिए लगातार प्रयास किया अब लोक सभा के लिए मतदान के लिए समय सिर्फ रात भर बाकी है,आप सभी हो जाए तैयार, जिनका भी मतदाता सूची में नाम है वे आज सुबह सबसे पहले मतदान करे फिर करे बाकी काम और जिनका मतदाता सूची में नाम है वे अपने परिवार के सदस्यो तथा आस पड़ोस के लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करे। जो भी हॉकी खिलाड़ी या उनके अभिभावक जैसे ही मतदान करे, अपना सेल्फी लेकर, नाम और मतदान केंद्र की संख्या लिखकर हॉकी सिमडेगा के ग्रुप या मेरे पर्सनल नम्बर 9973839163 में भेजे। साथ ही मेरा यह भी अपील है जिस तरह हम हॉकी के मैदान में हमेशा आगे रहते है उसी तरह मतदान में भी आगे रहे और अपने बूथ में सबसे पहले पहुंचे और अपना मतदान करे।

## प्रत्याशियों व समर्थको ने किया डोर टू डोर सम्पर्क, दिलचस्प होगा लोहरदगा का चुनाव

### चुनाव में आदिवासियो व मुस्लिम वोटरों की रहती है निर्णयाक भुमिका

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** अनूसुचित जनजाति उम्मीदवारों के लिए सुरक्षित लोहरदगा लोकसभा सीट का चुनाव 13 मई को है अंतिम दिन सभी प्रत्याशियों ने अपने समर्थकों के साथ डोर टू डोर कैपिंन करते हुए अपने तरकश से हर तीर छोडे। वही दुसरी और खासकर दो रास्ट्रीय पार्टी भाजप व कांग्रेस अपने समर्थकों के भीतरघातियो तथा आदिवासी व मुस्लिम वोटरों के बंदरबांट के पल पल बदलते राजनीतिक परिदृश्य से जीत के राह में दोनों के लिए खतरा मंडरा रहा है। यू कहा जाए तो गलत नही होगा कि व घात अघात के इस खेल में जीत की गारंटी का दावा ढोकना असमान से तारे तोड़ने जैसा होगा। क्योकि विशुनपूर के विधायक चमरा लिंडा झारखंड मुक्ति मोर्चा से बागी होकर मैदान मे है और वे दोनों समुदाय के वोटरों को अपने पक्ष में करने के लिए जमीनी स्तर पर बहुत हद तक सफल भी साबित हो रहे है। इधर राजनीतिक विशेषज्ञों के अनुसार इस बार का चुनाव काफी दिलचस्प व त्रिकोणीय मुकाबला होने जा रहा है दंगल कौन मारेगा यह सवाल राजनीतिक गलियारे में चर्चा का बिषय बना हुआ है। **एक नजर लोहरदगा सीट :** भाजपा ने वर्तमान सांसद सुदर्शन भगत का टिकट काटकर समीर उरांव को प्रत्याशी बनाया है कांग्रेस ने पिछली बार चुनाव लड़ने वाले सुखदेव भगत पर ही भरोसा जताया है चमरा लिण्डा भी झारखंड मुक्ति मोर्चा से बागी होकर मैदान मे है। समीर उरांव राज्य सभा सदस्य थे। जबकि चमरा लिंडा विशुनपूर से विधायक है। सुखदेव भगत लोहरदगा के विधायक रह चुके है। यहा से मैदान मे कुल 15 प्रत्याशी है।

## प्रजातंत्र में मतदान करना नागरिकों का प्रथम कर्तव्य : चंद्रशेखर प्रसाद अग्रवाल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** पूर्व रेड क्रॉस सोसाइटी के वाइस चेयरमैन, चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष, संरक्षक अग्रवाल सभा, शहीद अजय कुमार सिंह ट्रस्ट के सचिव तथा अनेक सामाजिक संस्थाओं से जुड़े चंद्रशेखर प्रसाद अग्रवाल ने लोहरदगा के नागरिकों से अपील की है कि 13 मई दिन सोमवार लोहरदगा लोकसभा के चुनाव में अपनी पावन भागीदारी करते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित करें। आपका एक वोट भविष्य में देश की समृद्ध विरासत और विकसित राष्ट्र की परिकल्पना को सुदृढ़ करेगा। आपका एक वोट आपके अपने बच्चे और अपने परिवार के भविष्य को संवारने एवं सुरक्षित करने के लिए निश्चित रूप से अपने घरों से बाहर निकलकर बुथ तक जाएं और अपने मत का प्रयोग करें।

## निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 60 लोग हुए लाभान्वित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार आज 100 वें सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ एवं डॉ कुमुद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किए, और सभी ने भारत माता की जय आदि का नारा लगाते हुए नमन किए, आज इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 60 लोगों ने अपना स्वास्थ्य का जांच करवा कर लाभान्वित हुए। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा साप्ताहिक इस चल रहे शिविर में अब तक 5,150 लोगों ने अपना स्वास्थ्य चेकअप करा कर लाभान्वित हुए। और कहा कि लोकसभा चुनाव पर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें और एक सशक्त सरकार बनाने में अपना भागीदार बने, जिससे कि देश-राज्य और अपना जिला में




विकास की गंगा बहने लगे। डॉ कुमुद ने कहा की लगातार 100 वां सप्ताह से यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाना काफी सराहनीय है और मतदान के दिन अपना और अपने परिवार जनों का कीमती वोट दिलाकर एक मजबूत सरकार बनाएं। उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल, सचिव जयप्रकाश शर्मा व सहसचिव संजय चौधरी ने कहा कि प्रत्येक सप्ताह इस स्वास्थ्य शिविर में लोग अपना चेकअप करा कर अपने स्वास्थ्य की जानकारी ले रहे हैं। यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर निरंतर प्रत्येक रविवार को एक घंटे के लिए लगाई जाती है,और लोगों ने शुगर, बी.पी., ऑक्सीजन लेबल, वजन, हार्ट बीट आदि की जांच करवाते हुए, डॉक्टर से परामर्श भी लिए, आज शिविर में, जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल, अवधेश मित्तल, जयप्रकाश शर्मा, संजय चौधरी, गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्त, सत्यम सराफ, सुबोध महतो, अंजलि सर्राफ, अतुल सर्राफ, गंगोत्री देवी, मुकेश कास्यंकार, सूरज साहू, महावीर सिंह, गीता देवी, हजारी साहू, प्रद्युम्न सिंह, सुगंध देवी, शांति देवी, कुणाल चौधरी, मनोज प्रसाद, नारायण साहू, उदय कास्यंकार, शिमला देवी, तारामती देवी, सुरेंद्र साहू, किशोर अग्रवाल, नंदलाल साहू, तपेश्वर अग्रवाल, मनमोहन प्रसाद,मीना देवी, राजू अग्रवाल, मनीष कुमार, देवनारायण प्रसाद, बिगन प्रसाद, लीला देवी, मीना देवी, कृष्णा प्रसाद, माधुरी देवी, ज्ञानेश गुप्ता, सचिन कुमार, किरण देवी, रमेश शर्मा, सोनिया पोद्दार, नितिन कुमार, लीला देवी, संध्या अग्रवाल,सुधीर अग्रवाल आदि थें।

## विद्यालय में बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार दिया जाना गर्व की बात है : गिरिनाथ सिंह

- यहां के बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं है : माधव शरण सिंह
- अपने जन्म एवं कर्म-स्थल में विद्यालय स्थापित कर यहां के बच्चों को सभी विधाओं में पारंगत करना मेरा सपना था : प्रवीण कुमार सिंह

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल लोहरदगा में वार्षिकोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। छात्रों के द्वारा वेद मंत्र के साथ कार्यक्रम प्रारंभ किया गया एवं मलयालम नृत्य के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। 3 घंटे के, कार्यक्रम में एक से बढ़कर एक नागपुरी, आदिवासी, उड़िया, कव्वाली, ड्रामा, मलयालम गीत-नृत्य आदि की प्रस्तुति की गई जिसे भारी संख्या में उपस्थित दर्शक देख अचंभित रह गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व मंत्री एवं झारखंड के कद्दावर नेता गिरिनाथ सिंह ने कहा कि वेद-मंत्र के साथ विद्यालय का कार्यक्रम प्रारंभ होते



देख में काफी अभिभूत हुआ हूं और देश की भिन्न -भिन्न संस्कृतियां, भाषा एवं सभी क्षेत्र के प्रमुख गीत-नृत्य को इस मंच में प्रस्तुत होते देख मैं कह सकता हूं कि इस विद्यालय के बच्चों का सही अर्थो में सर्वांगीण विकास किया जा रहा है और इस कार्य में कुशल प्रबंधन के साथ योग्य शिक्षक ईमानदारी से लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि लोहरदगा जैसे छोटे जिले के विद्यालय में इस तरह के उच्च-स्तरीय कार्यक्रम की प्रस्तुति सिर्फ सुखद ही नहीं आश्चर्य का विषय है। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी माधव शरण सिंह ने कहा कि यहां के बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं है। इन्हें सभी विधाओं में निपुण बनाया जा रहा है। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन से आग्रह किया कि नई शिक्षा नीति की योजनानुसार विद्यार्थियों को गढने का काम किया जाए निश्चित रूप से यहां के विद्यार्थी भविष्य में देश के नवनिर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। अतिथियों का स्वागत एवं विद्यालय का विवरण प्रस्तुत करते हुए विद्यालय के अध्यक्ष एवं पूर्व विधान पार्षद प्रवीण कुमार सिंह ने कहा कि मेरा सपना लोहरदगा जैसे छोटे शहर में विद्यालय स्थापित कर सभी विधाओं से परिपूर्ण छात्रों का निर्माण करना था और महज 20 वर्षो में ही प्रबंधन के कुशल निर्देशन और योग्य शिक्षकों के अथक प्रयास से सपना पूरा होते देख मैं हृदय से प्रसन्न हूं। मैं चाहूंगा कि यहां के शिक्षकों एवं अभिभावकों के सहयोग से विद्यालय में ऐसा उच्चस्तरीय शैक्षणिक माहौल का निर्माण किया जाए कि लोहरदगा क्षेत्र के बच्चे पढ़ने के लिए बाहर न जाएं बल्कि दूसरे बड़े शहरों के बच्चे हमारे यहां अध्ययन के लिए आवें। प्रवीण कुमार सिंह ने कहा कि हमारे विद्यालय में नृत्य, गायन, वादन के अलग-अलग शिक्षक तो हैं हीं साथ ही आर्चरी, एथलेटिक्स एवं अन्य इंडोर एवं आउटडोर गेम के काफी अनुभवी शिक्षक यहां नियुक्त हैं जो बच्चों की इच्छा के अनुसार उन्हें प्रशिक्षित करते हैं। उन्होंने कहा कि यहां सभी विषयों के दक्ष शिक्षक कार्यरत हैं उनके कुशल मार्गदर्शन में यहां के विद्यार्थी चाहे वह दसवीं कक्षा की बात हो या 12वीं की सभी संकायों में जिला में उच्च स्थान प्राप्त कर रहे हैं।

## केवल वोट के लिए आते हैं, मुसीबत में हाल भी नहीं पूछता गांधी परिवार : अमित शाह



एजेंसी

**रायबरेली** : केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि गांधी परिवार रायबरेली को परिवार कहता है लेकिन केवल वोट लेने आता है और मुसीबत में हाल भी नहीं पूछता। अमित शाह ने गांधी परिवार को जमकर घेरा और कहा कि प्रियंका गांधी कहती हैं कि मैं अपने परिवार से वोट मांगने आई हूं, रायबरेली वालों ने सालों से गांधी-नेहरू परिवार को जिताया है। मैं उनसे पांच सवाल पूछता हूं कि लोकतंत्र में पांच साल तक यहां से चुनकर जाने के बाद सोनिया गांधी और उनका परिवार रायबरेली कितनी बार आया है ? राहुल गांधी या प्रियंका गांधी यहां आए हैं ? उन्होंने कहा कि रायबरेली में 3 दर्जन से ज्यादा बड़ी दुर्घटनाएं हुई। कहाँ गया था गांधी परिवार। अमित शाह ने कहा एनटीपीसी प्लांट में बॉयलर फटने से कई लोगों की मृत्यु हुई। यहां गांधी परिवार आया ? बछरावां ट्रेन दुर्घटना में 50 लोग मारे गए, यहां गांधी परिवार आया ? नाव डूबने से आधे दर्जन लोग मारे गए, यहां गांधी परिवार आया ? तार गिरने से रोपाई कर रही 5 गरीब महिलाएं झुलस कर मर गई, उनके घर कोई गया है ? 5 बच्चियां डूबकर मर गई, यहां गांधी परिवार आया ? बहन प्रियंकाज ये परिवार है आपका ? अमित शाह ने कहा, शहजादे आज यहां वोट मांगने आए हैं। आप इतने सालों से वोट दे रहे हो। आपको सांसद निधि से कुछ मिला है ? उन्होंने पूरा खर्चा किया है। अगर आपको मिला नहीं है तो कहां गया ? यह उनके वोट बैंक में गया। 70त्न से ज्यादा सांसद राशि अल्पसंख्यकों में खर्च करने का काम सोनिया गांधी ने किया है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा यह गांधी परिवार झूठ बोलने में बड़ा माहिर है। अभी कह रहे हैं कि हम हर महिला को एक लाख रुपये देंगे। मैं अभी-अभी तेलंगाना से आया हूं। तेलंगाना चुनाव में उन्होंने कहा था कि हम हर महिला को 15 हजार रुपये देंगे। प्रदेश की महिलाओं ने उन्हें सरकार चुनकर दे दी। 15 हजार क्या, 1,500 रुपये नहीं दिए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बयान पर निशाना साधते हुए गृह मंत्री ने कहा कि रायबरेली का बच्चा-बच्चा कश्मीर के लिए अपनी जान देने को तैयार है। कांग्रेस वाले प्रभु श्रीराम मंदिर का विरोध कर रहे हैं जो कि जनता उन्हें कभी माफ करनेवाली नहीं है। रायबरेली की जनता से अमित शाह ने कहा कि यह परिवार विकास का अवरोध बना है। इसे हटाइये और हम इसे पूरे प्रदेश का नम्बर एक जिला बनायेंगे। उन्होंने राष्ट्र हित में भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह को जिताने की अपील की।

# मतदान के प्रति उत्साहित दिखे लातेहार के मतदाता

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने लातेहार के मतदान केंद्रों का किया स्थल निरीक्षण

**मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने नैतिक मतदान को लेकर 60 से अधिक आयुवर्ग की मतदाता शीला देवी से बात की। वह नैतिक मतदान करने को लेकर काफी उत्साहित दिखीं। उन्होंने बताया कि 20 मई को होने वाले मतदान को लेकर राजकीयकृत मध्य विद्यालय स्थित मतदान केन्द्र में वह परिजनों के साथ अपनी पंसंद से मतदान करेंगी।**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के. रवि कुमार ने रविवार को चतरा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लातेहार जिले के विभिन्न मतदान केन्द्रों का स्थल निरीक्षण किया।उन्होंने राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय अम्बाटीकर, राजकीयकृत मध्य विद्यालय, लातेहार बाजार, राजकीय बुनियादी विद्यालय, धर्मपुर और मनिका के राजकीय उर्दू मध्य विद्यालय, नामुदाग, स्थित विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर लोकसभा चुनाव की तैयारी का जायजा लिया।चतरा लोकसभा क्षेत्र में 20 मई को मतदान होना है। इसे लेकर लातेहार जिले के मतदाताओं में काफी उत्साह है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने नैतिक मतदान को लेकर 60 से अधिक आयुवर्ग की मतदाता शीला देवी से बात की। वह नैतिक मतदान करने को लेकर काफी उत्साहित दिखीं। उन्होंने बताया कि 20 मई को होने वाले मतदान को लेकर राजकीयकृत मध्य विद्यालय स्थित मतदान केन्द्र में वह परिजनों के साथ अपनी पंसंद से मतदान करेंगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान केंद्र के स्थल निरीक्षण एवं क्षेत्र भ्रमण के दौरान मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया एवं पूरे उत्साह से अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान उन्होंने मतदान केन्द्रों पर उपलब्ध न्यूनतम सुविधाओं का आकलन किया।

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष मतदाताओं ने ली मतदाता शपथ

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने विभिन्न मतदान केंद्रों के निरीक्षण के दौरान वहां उपस्थित मतदाताओं को मतदाता शपथ दिलाई। के. रवि कुमार ने इस क्रम में वालेंटियर एवं रसोईया से बातचीत की। उनके दायित्वों को जाना और उन सभी का उत्साहवर्धन किया। लातेहार एवं मनिका के विभिन्न मतदान केन्द्रों पर रंगोली बनाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया था। वहां बड़ी संख्या में सखी मंडल की महिलाएं एवं ग्रामीण उपस्थित थे। इन सभी में मतदान को लेकर काफी उत्साह था।



### पोस्टल बैलेट के लिए मतदाता सुविधा केंद्र का किया निरीक्षण

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने गांधी इंटर कॉलेज, लातेहर स्थित पोस्टल बैलेट के लिए मतदाता सुविधा केंद्र का निरीक्षण किया। यहां सर्विस वोटर, आवश्यक सेवा से जुड़े वोटर द्वारा पोस्टल बैलेट से किये जा रहे मतदान से जुड़ी सुविधाओं की जानकारी ली। साथ ही जिले में दिव्यांग एवं वयोवृद्ध मतदाताओं की होम वोटिंग कराने के निर्देश भी दिए।

### इनकी रही उपस्थिति

निरीक्षण के दौरान प्रमंडलीय आयुक्त बाल किशुन मुंडा, जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त गरिमा सिंह, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, कार्यपालक पदाधिकारी-सह-नगर पंचायत पदाधिकारी राजीव रंजन, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, मीडिया कोषांग के नोडल पदाधिकारी-सह-जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## सरकार में रहते हुए तेजस्वी गड़बड़ी कर रहे थे, इसीलिए उन्हें भगा दिया : नीतीश



**नीतीश ने चुनावी मंच से आरोप लगाया कि सरकार में रहते हुए तेजस्वी गड़बड़ी कर रहे थे. इसीलिए उन्हें भगा दिया. नीतीश ने तेजस्वी यादव को चेतावनी देने वाले अंदाज में कहा कि चुनाव के बाद उनकी गड़बड़ियों की फाइल खोली जाएगी.इस दौरान नीतीश तेजस्वी द्वारा सरकारी नौकरियों का क्रेडिट लेने पर भी भड़क गए.**

एजेंसी

**पटना** : बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने तेजस्वी यादव को लेकर कहा कि उन्होंने उल्टा-पुल्टा और गलत काम किया था, जिसकी वजह से हमने उन सबको भगा दिया. सीएम नीतीश, चिराग पासवान की पार्टी एलजेपीआर की प्रत्याशी वीणा देवी के समर्थन में प्रचार करने पहुंचे थे. नीतीश ने चुनावी मंच से आरोप लगाया कि सरकार में रहते हुए तेजस्वी गड़बड़ी कर रहे थे. इसीलिए उन्हें भगा दिया. नीतीश ने तेजस्वी यादव को चेतावनी देने वाले अंदाज में कहा कि चुनाव के बाद उनकी गड़बड़ियों की फाइल खोली जाएगी.इस दौरान नीतीश तेजस्वी द्वारा सरकारी नौकरियों का क्रेडिट लेने पर भी भड़क गए. उन्होंने कहा, जब बीच में हम लोग साथ ले लिए थे. फालतू गलत काम कर दिए. उल्टा-पुल्टा करने लगा. कुछ नहीं हम ही बताए थे. ये सब होगा और आजकल बोल रहा है कि वही कर रहा था. अरे वो कर रहा था. उसको कोई आइडिया है. आजतक कोई काम किया.तेजस्वी से इतर नीतीश कुमार मीडिया से भी नाराज दिखाई दिए. उन्होंने मंच से ही शिकायत दर्ज कराई कि मीडिया तेजस्वी यादव को ज्यादा ही फुटेज दे रही है, जबकि उनके द्वारा दिन रात किए जा रहे कामों को तरजीह नहीं दिया जा रहा है.उन्होंने कहा,मीडिया वाले यहां मौजूद हैं. थोड़ा बहुत तो हम लोगों का खबर होगा, लेकिन बाकी त उन लोगों का दिल्ली वाला भी खबर करते रहता है. पता नहीं क्या है. हम लोग रात-दिन काम करते हैं. हम लोगों का नहीं खबर देता है. उधर अंड-भंड, उल्टा-पुल्टा और हमतो उ सबको भगा दिए. गड़बड़ किया. हमलोग ( भाजपा के साथ ) 1995 से साथ थे. अब हम इधर-उधर होंगे? अब हम आए साथ अब कहीं नहीं जाएंगे तो इ सब जो उल्टा-उल्टा करता है और प्रचार-प्रसार चला रहा है तो ये चुनाव के बाद तो सबको पता चल न जाएगा.

### राजद ने किया रांची लोकसभा चुनाव अभियान समिति की बैठक

## यशस्विनी को इंडिया गठबंधन का नही, राजद प्रत्याशी समझ कर करें सहयोग : गौतम सागर राणा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** रांची लोकसभा चुनाव अभियान समिति का बैठक रांची संसदीय क्षेत्र के संयोजक राजेश यादव के अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश राजद चुनाव अभियान समिति के संयोजक गौतम सागर राणा मौजूद रहे। बैठक में निर्णय लिया गया की रांची लोकसभा चुनाव अभियान समिति के मनोनीत सभी सदस्य रांची लोकसभा से इंडिया गठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी यशस्वनी सहाय के पक्ष में लोकसभा के सभी 6 विधानसभा वार आमसभा,नुक्कड़ सभा एवं रोड शो करेंगे। बैठक को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि संयोजक गौतम सागर राणा ने कहा कि प्रत्याशी यशस्वनी सहाय को इंडिया गठबंधन का उम्मीदवार न समझकर उन्हें राजद प्रत्याशी समझ कर सहयोग करने की जरूरत है ! इसी फॉर्मूले पर सभी साथियों को



चुनाव में काम करने का संकल्प लिया जाना चाहिए। राणा ने कहा कि राजद प्रमुख लालू यादव ने राज्य में चुनाव अभियान समिति का संयोजक बनाकर मुझे बड़ी जिम्मेवारी सौंपी है हम 10 दिन पलामू में चुनाव प्रचार कर आए हैं बाकी आगामी दिनों में भी राजद की ओर से राज्य के सभी गठबंधन प्रत्याशियों को सहयोग करने का काम करेंगे ! राणा ने पलामू लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान छतरपुर में बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं प्रतिपक्ष ने नेता तेजस्वी यादव को रोजगार पुरुष का उपाधि देकर सम्मानित किया। राजेश यादव ने कहा कि जल्द ही कार्यक्रम का तिथि तय कर प्रत्याशी को सूचित कर दिया जाएगा। हटिया विधानसभा में कैलाश यादव और नंदन यादव के नेतृत्व में आमसभा और नुक्कड़ सभा किया जाएगा। रांची चुटिया में मनोज पांडेय,आबिद अली व अन्य के द्वारा किया जाएगा इसी तरह विभिन क्षेत्रों में सभी लोगो को कार्यक्रम करने की जवाबदेही तय की जाएगी।।बैठक में महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने कहा कि हमलोगो के नेता राजद प्रमुख लालू यादव जी का आदेश है की राजद के लोग बीजेपी के खिलाफ पूरी शक्ति लगाकर इंडिया गठबंधन के पक्ष में जनता के बीच जाकर जनसंपर्क अभियान चलाने का काम करें और केंद्र की तानाशाही मोदी सरकार को सत्ता से बेदखल करने का मुहिम चलाने के लिए एकजुट होकर काम करे। बैठक में महासचिव कैलाश यादव, महासचिव आबिद अली,मनोज पांडेय, सदाकत अंसारी,मदन यादव,रामकुमार यादव,संजय टाइगर,सुधीर गोप,मोहर सिंह यादव,अर्जुन यादव,चंद्रशेखर भगत, साजिद आलम,जसीम अख्तर, चंद्रिका यादव, शौकत अंसारी, अभिषेक बिट्टू,इरफान अंसारी,मनोज अग्रवाल,सुग्रीव यादव,सुनील ठाकुर, मैनेजर राय, राम इकबाल चौधरी, मोहसिन अंसारी, मनोज शर्मा,बिट्टू शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद थे।इस आशय की जानकारी राजद के प्रदेश महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने दी।

### शहरी क्षेत्र का वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए पलामू चैंबर ने किया अनोखा पहल

## प्रतिष्ठानों में उपहार के साथ नि:शुल्क ई रिक्शा सेवा : आनंद शंकर

**माही केक प्रथम बार वोट देने वाले को देगा निशुल्क बर्थडे केक**

**शहर में वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए चेंबर ने लिया शपथ**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर** : होटल ज्योतिलोक के सभागार में शहरी क्षेत्र के वोट का प्रतिशत बढ़ाने के लिए पलामू चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की विशेष बैठक चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर की अध्यक्षता में की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 13 मई को दिव्यांग,असहाय व 60 वर्ष से ऊपर उम्र वाले, जिनके पास बूथ में जाने-आने का कोई साधन नहीं है, उन्हें चेंबर नि:शुल्क ई-रिक्शा उपलब्ध कराएगी। जिसके लिए शहर को 7 जोन में बांटा गया हैं। चैनपुर-शाहपुर एरिया के लिए मोबाइल नंबर 9102276973, 6200205418, बैरिया एरिया के लिए 6207026814, 6206564674, रेडमा एरिया के लिए 878916396, 821087 3905, जेलहाता एरिया के लिए 9801303676, 7903431693, मुख्य बाजार एरिया के लिए 9852528787, 7004539398, 7352768400, साहित्य समाज एरिया के लिए 7870450244, 9430395672 और वेलवाटिका एरिया के लिए 7766969834, 7004691055 पर 30 मिनट पूर्व फोन कर लोकेशन एवं वोट देने जाने वाले का वोटर कार्ड व्हाट्सएप करते हुए ई-रिक्शा की सुविधा ली जा सकती है। चेंबर अध्यक्ष ने बताया कि आनंद मोटर्स, टाटा मोटर्स, शगुन जेम्स एंड ज्वेलरी, शुभ लक्ष्मी ज्वैलरी, बिहारी लाल एंड संस, प्रिंट एक्सप्रेस सेवा, साई फर्नीचर, प्लैटिनम आफ फैमिली मार्ट, दिल्ली दरबार, तृप्ति रेस्टोरेंट, शिवाय ब्लू, जोहर ब्रेड, सेकंड होम मार्ट ग्रॉसरी शॉप द्वारा 13 एवं 14 मई को वोट देकर सेल्फी लेने वाले लोगों के लिए उंगली पर चुनाव आयोग का इंक दिखाने पर उपरोक्त प्रतिष्ठानों में दो दिनों तक आकर्षक डिस्काउंट दिया जाएगा। खासकर माही केक की ओर से जो युवा प्रथम बार वोट देने जायेंगे और उनका जन्मदिन 13 या 14 मई को होगा। उन्हें फ्री में माही केक की तरफ से केक दिया जाएगा। सभी सदस्यों ने सामूहिक रूप से शपथ लेते हुए रणनीति बनाई कि अपने अगल-बगल के 10 घरों को कल वोट के लिए प्रोत्साहित करेंगे। बैठक का संचालन सचिव इंद्रजीत सिंह डिंपल ने किया। एग्जीक्यूटिव बैठक में उपस्थित राजदेव उपाध्याय, कृष्ण अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, संजय भगत, सुबोध गुप्ता, राजीव कुमार सिंह,अमित आनंद, सुधांशु शेखर पाठक,अनवर हुसैन, मनीष भिवानिया, राकेश सोनी, उदय शंकर दुबे, चंदू गुप्ता,काशी प्रसाद, त्रिदेव उपाध्याय, सोनू गुप्ता नंदकिशोर भाटिया एवं भूपेंद्र सिंह उपस्थित थे।

